
भगवान परशुराम जयंती आज

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


अक्षय तृतीया की मंगलकामनाएं

haribhoomi.com जबलपुर, बुधवार 30 अप्रैल 2025




इस ऐतिहासिक ध्वज दंड की स्थापना सुबह साढ़े छह बजे प्रारंभ होकर आठ बजे तक पूरी हुई

# अयोध्या में रामलला के धाम पर ऊंचाइयों को छूता 42 फीट लंबा ध्वज दंड स्थापित

**इस दौरान ध्वज दंड निर्माता गुजरात निवासी भरत भाई, पत्थरों की नक्काशी करने वाले ठेकेदार नरेश मालवीय, पत्थरों के कार्य का सुपरविजन करने वाले चंद्रशेखर सोमपुरा के साथ एक बड़ी टीम मौजूद रही**

हरिभूमि न्यूज ▶▶अयोध्या

भक्ति, श्रद्धा और शिल्प कला के अद्भुत संगम के बीच मंगलवार को वैशाख शुक्ल द्वितीया के अवसर पर श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य शिखर पर 42 फीट लंबा ध्वज दंड विधिपूर्वक स्थापित किया गया। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य शिखर पर ध्वज दंड की स्थापना न केवल वास्तुकला की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, बल्कि यह अयोध्या के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक वैभव में भी एक नया अध्याय जोड़ता है। यह दृश्य श्रद्धालुओं और भक्तों के लिए अत्यंत भावुक करने वाला रहा, जो अब रामलला के भव्य धाम को और भी दिव्य रूप में निहार सकेंगे। प्रभु श्रीराम के धाम पर इस ऐतिहासिक ध्वज दंड की स्थापना सुबह साढ़े छह बजे प्रारंभ होकर आठ बजे तक पूरी हुई।



## विशाल क्रेनों की मदद से ऊंचाई तक पहुंचाया गया

इस कार्य में लार्सन एंड टूब्रो और टाटा ट्रस्ट के इंजीनियरों की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ट्रस्ट के इंजीनियर ट्रस्टी अनिल मिश्रा, ध्वज दंड के निर्माता गुजरात निवासी भरत भाई, पत्थरों पर उत्कृष्ट नक्काशी करने वाले नरेश मालवीय और सुपरविजन का कार्य देख रहे चंद्रशेखर सोमपुरा सहित बड़ी संख्या में विशेषज्ञ इस अवसर पर उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि ध्वज दंड की स्थापना के दौरान तकनीकी टीम ने दो विशाल क्रेनों की सहायता से इसे ऊंचाई तक पहुंचाया। पहले ध्वज दंड को वर्टिकल खड़ा किया गया और फिर टावर क्रेन के माध्यम से शिखर तक पहुँचाकर उसे स्थापित किया गया। कार्य के दौरान इंजीनियर लगातार 160 फीट की ऊंचाई पर शिखर के समीप मौजूद रहे और स्थापना प्रक्रिया का बारीकी से संचालन किया।

## नृपेंद्र मिश्रा बोले- 5 जून को पूरा हो जाएगा राम मंदिर का कंस्ट्रक्शन

23 मई और 5 जून की तिथियों का अपना ज्योतिषीय योग है इसलिए 23 मई को स्थापना करने और 5 जून को पूजा संपन्न होने के बाद राम दरबार को आम लोगों के लिए खोलने का निर्णय किया गया है। अयोध्या में निर्माणाधीन राम मंदिर का निर्माण कार्य 5 जून को पूरा हो जाएगा। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने यह जानकारी दी। मंदिर परिसर में महर्षि वाल्मीकि, श्री वशिष्ठ जी, अहिल्या जी, निषादराज महाराज, शबरी माता और अगस्त्य मुनि के मंदिर भी 5 जून के बाद आम लोगों के लिए खोल दिए जाएंगे। राम दरबार और मंदिर के परकोटे पर बने छह मंदिरों की पूजा 5 जून को की जाएगी।


inh 24x7 छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें TATA PLAY चैनल नं. 1155 airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला चेन्नई पंजाब शाम 7.30 बजे से


## खबर संक्षेप


### मंडी में किसान को वाहन ने कुचला, मौत

**नीमच।** यहां औषधि कृषि उपज मंडी में सो रहे किसान को लोडिंग मैजिक वाहन ने दो बार कुचल दिया। गाड़ी चढ़ाने के बाद ड्राइवर को अहसास हुआ कि नीचे कुछ आ गया। इसके बाद उसने गाड़ी रिवर्स ले ली। इससे वह दोबारा उसकी चपेट में आ गया। किसान की मौके पर ही मौत हो गई। घटना मंगलवार सुबह 6 बजे की है। बनी गांव से मोहनलाल (52) पिता शोभाराम रविवार शाम को अश्वगंधा की उपज लेकर नीमच मंडी पहुंचे थे। रात में वह मंडी में ही रूके। फसल बेचते-बेचते रात हो गई। ऐसे में उनकी बस छूट गई। वे मंडी में ही सो गए थे।



### पति ने हंसिए से काटी पत्नी की नाक

**मुरैना।** जिला में एक पति ने गुस्से में आकर धारदार हंसिए से पत्नी पर जानलेवा हमला किया। इस हमले से पत्नी की नाक कट गई। प्रहार को रोकने के प्रयास में महिला के हाथ भी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के आजाद नगर की है। पति-पत्नी के बीच हुई इस जानलेवा लड़ाई की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस की टीम पहुंच गई। पुलिस ने घायल अवस्था में महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस की जांच में पता चला कि नाजायज संबंधों को लेकर पति-पत्नी के बीच काफी समय से विवाद चल रहा था।



तबादलों में नियम व शर्तें सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) की पूर्व में जारी नियमों के तहत होंगी

# 1 से 30 मई तक होंगे तबादले, विभागों को इस पर 'अपनी नीति' बनाने की छूट

विभागवार पदों व संवर्ग में यदि संख्या 200 है तो 20 फीसदी, 201 से 1000 तक 15 फीसदी, 1001 से 2000 तक में 10 फीसदी और 2001 से अधिक में महज 5 फीसदी ही तबादले होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

मप्र के सभी विभागों में तबादले एक मई से 30 मई के बीच में हो सकेंगे। कैबिनेट ने मंगलवार को तबादले पर लगे प्रतिबंध को शिथिल करते हुए एक महीने के लिए छूट दी है। यह तबादला स्वैच्छिक व प्रशासनिक स्तर पर होगा।

विभागवार पदों व संवर्ग में यदि संख्या 200 है तो 20 फीसदी, 201 से 1000 तक 15 फीसदी, 1001 से 2000 तक में 10 फीसदी और 2001 से अधिक में महज 5 फीसदी ही ताबदले होंगे। तबादले में नियम व शर्तें सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) की पूर्व में जारी नियमों के तहत होगी। हालांकि, विभाग चाहे तो अलग से तबादला नीति जारी कर सकते हैं। कैबिनेट की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में हुई।

*महगाई भत्ता एवं मंहगाई राहत की मंजूरी के बाद एरियर राशि सहित राज्य शासन पर कुल 3500 करोड़ रुपए का व्यय भार अनुमानित*


मोहन कैबिनेट

## शासकीय सेवकों एवं पेंशनरों, परिवार पेशनरों को देय महंगाई भत्ते एवं मंहगाई राहत को भी मिली मंजूरी

- शासकीय सेवकों को एरियर्स पांच किस्तों में मिलेगा
- यूपीएस स्कीम के लिए भी समिति गठित हुई
- कंपोजिट ऊर्जा भंडारण परियोजना को भी मिली मंजूरी

### 55 प्रतिशत के मान से महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी को मिली मंजूरी

बैठक में राज्य शासन के सातवें वेतनमान प्राप्त कर रहे शासकीय सेवकों को एक जुलाई 2024 से 3 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए कुल 53 प्रतिशत एवं एक जनवरी 2025 से 2 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए कुल 55 प्रतिशत के मान से महंगाई भत्ता में वृद्धि किए जाने का निर्णय लिया गया है। इसी तरह छठवें वेतनमान के कार्मिकों एव निगमों, मंडलों, उपक्रमों के राज्य शासन में प्रतिनियुक्ति पर राज्य शासन में कार्यरत पांचवें एवं चौथे वेतनमान के तहत कार्मिकों को समानुपातिक आधार पर मंहगाई भत्ता में वृद्धि के लिए वित्त विभाग को अधिकृत किया गया। कैबिनेट ने इस मसौदे को भी मंजूरी दी गई।

### एरियर्स का भुगतान इस अनुसार होगा

*कैबिनेट से मिली मंजूरी के अनुसार एक जुलाई 2024 से 30 अप्रैल 2025 तक की एरियर राशि का भुगतान जून 2025 से अक्टूबर 2025 तक पांच किस्तों में किया जाएगा। इसमें प्रथम किस्त भुगतान जून 2025, द्वितीय किश्त का भुगतान जुलाई 2025, तृतीय किस्त भुगतान अगस्त 2025, चतुर्थ किस्त भुगतान सितंबर 2025, पांचवी किस्त भुगतान अक्टूबर 2025 में किया जाएगा। इसी तरह एक जनवरी 2024 से 30 सितंबर 2024 की अवधि में सेवानिवृत, मृत शासकीय सेवकों के संबंध में उन्हें, नामांकित सदस्य को एरियर राशि का भुगतान एकमुश्त किए जाने का निर्णय लिया गया। राज्य शासन के पेंशनर्स, परिवार पेंशनर्स को एक मार्च 2025 से सातवें वेतनमान के तहत 53 प्रतिशत एवं छठवें वेतनमान के तहत 246 प्रतिशत पेंशन राहत स्वीकृत करते हुए छत्तीसगढ़ शासन के पत्र दिनांक 12 मार्च 2025 पर सहमति प्रदान करने का निर्णय लिया गया।*

एक नकाबपोश बैरक में घुसा व भाग गया

# थाने में घुसकर प्रधान आरक्षक को गोली मारी, हालत 'गंभीर'

- एसपी विवेक सिंह देखने पहुंचे
- पुलिसकर्मी के शरीर में एक और भी इंजुरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶रीवा

सतना में एक प्रधान आरक्षक को थाने के भीतर घुसकर गोली मार दी गई। सीने में गोली लगने के बाद घायल को देर रात रीवा के संजय गांधी अस्पताल लाया गया। जिसे आईसीयू में रखा गया है। जिसकी हालत लगातार गंभीर बनी हुई है। जैतवारा थाना के मुंशी प्रिंस गर्ग ड्यूटी के बाद खाना खाने की तैयारी कर रहे थे। तभी एक नकाबपोश बैरक में घुस गया, इससे पहले कि मुंशी कुछ समझ पाते बदमाश ने कट्टे से गोली चला दी। गोली पुलिसकर्मी के कंधे में लगी है, गोली मारने के बाद नकाबपोश बदमाश मौके से फरार हो गया।



भाजपा विधायक लोधी के तेवर बरकरार, बोले

# गुलामी मंजूर नहीं, परेशान किया तो पीएम मोदी के पास जाऊंगा

**पार्टी ने प्रीतम लोधी को भोपाल किया था तलब**

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

पिछोर विधायक प्रीतम लोधी एक बार फिर मुखर हुए हैं। उन्होंने साफ शब्दों में दोहराया कि परेशान करोगे तो चुप नहीं बैठूंगा। लोधी ने यह भी कहा कि जरूरत पड़ने पर पीएम नरेंद्र मोदी के पास भी जाउंगा। उन्होंने यहां तक कह दिया कि गुलामी मंजूर नहीं। भाजपा विधायक प्रीतम लोधी ने 23 अप्रैल को वीरांगना अवंतीबाई लोधी के बलिदान दिवस पर पिछोर से शिवपुरी तक जन जागरूकता यात्रा निकाली। इसके बाद माधव चौक पर आयोजित कार्यक्रम में अपनी ही सरकार और प्रशासन को घेरा। अपशब्दों का इस्तेमाल करते हुए विधायक ने भरे मंच से कहा कि अधिकारियों ने कार्यकर्ताओं और समाज का काम नहीं किया तो उनके बिजली-पानी के कनेक्शन काट देंगे।



खिड़कियों के ग्लास टूटे मिले

# जैन स्थानक पर किया पथराव कई साध्वियां बाल-बाल बचीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶उज्जैन

■ 15 दिन पहले नीमच में हमला हुआ था

नीमच में जैन संतों पर हमले के 15 दिन बाद उज्जैन में भी सोमवार रात को अज्ञात हमलावरों ने जैन स्थानक पर पत्थरबाजी की। इससे भवन के शीशे टूट गए। अरविंद नगर स्थित जैन समाज के समता भवन स्थानक में उदयपुर से आई साध्वी प्रज्ञा, साध्वी प्रेक्षा, साध्वी प्रणति, साध्वी प्रशस्ति ठहरी हुई हैं। गनीमत ये रही कि स्थानक में सो रही इन साध्वियों को चोट नहीं लगी। मंगलवार सुबह जैन समाज के लोगों को तोड़फोड़ की खबर लगी तो स्थानक के बाहर भीड़ लग गई। लोगों ने आरोपियों पर कार्रवाई की मांग करते हुए चिमनगंज मंडी थाने में शिकायती आवेदन दिया है।



कई छात्र-छात्राएं गफलतबाजी का शिकार

# परीक्षा कराए बिना परिणाम घोषित कर दिए रादुविवि ने

हरिभूमि न्यूज ▶▶जबलपुर

■ अब परीक्षाओं की नई तारीखें दी गईं

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय (रादुविवि) ने एक बार फिर अपनी लचर कार्यप्रणाली से शैक्षणिक जगत को हैरान कर दिया है। 27 अप्रैल 2025 को बीबीए प्रथम वर्ष के परिणाम धड़ाधड़ घोषित कर दिए गए, जबकि ओपन इलेक्टिव विषय डेटा एनालिसिस एंड विजुअलाइजेशन थ्रू स्प्रेडशीट की परीक्षा कराना ही भूल गए थे। आनन-फानन में अब 3 मई 2025 को सुबह 7 से 10 बजे तक इस परीक्षा के आयोजन का ऐलान किया गया है। गफलतबाजी का सिलसिला यहीं नहीं थमा, बीबीए द्वितीय वर्ष की परीक्षाएं 26 अप्रैल 2025 को पूरी घोषित कर दी गई थीं ।



# अहमदाबाद में अवैध बस्ती ध्वस्त, अवैध बांग्लादेशी पकड़ाए

**करीब 2 हजार पुलिस बल तैनात रहा**

**गुजरात के इतिहास का ये सबसे बड़ा बुलडोजर एक्शन**



**अहमदाबाद।** गुजरात में अहमदाबाद प्रशासन ने चंदोला झील क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। पुलिस की उपस्थिति में अवैध अतिक्रमण हटाए जा रहे हैं। पुलिस कमिश्नर ज्ञानेंद्र सिंह मलिक ने कहा कि हाल ही में पुलिस ने तीन दिन पहले एक बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया, 180 से अधिक अवैध बांग्लादेशियों की पहचान की गई है,।

सागर के सानौधा से हिंदू लड़की को भगा ले गया था

# आरोपी अनस की दुकान और मकान पर चलाया बुलडोजर

19 अप्रैल को हुआ था उपद्रव, पुलिस की मौजूदगी में कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶सागर

सागर जिले के सानौधा गांव में पिछले दिनों हिंदू लड़की को भगा ले जाने वाले आरोपी अनस के घर और दुकान को तोड़ने की कार्रवाई मंगलवार की सुबह से शुरू हो गई।

अतिक्रमण में बनाए गए निर्माण को ढहाने के लिए जिला प्रशासन सहित राजस्व विभाग के अधिकारी और भारी पुलिस बल को मौके पर तैनात किया गया है।



### जमकर हुआ था पथराव

सानौधा का अनस लड़की की शादी की तैयारी के बीच जबरदस्ती अपने साथ ले गया था। जिससे आक्रोशित भीड़ ने उसके घर-दुकान में आग लगा दी थी। जमकर पथराव हुआ था। जिसमें पुलिसकर्मी भी घायल हुए थे।

### सीएम से मिले थे विधायक

दरअसल, नरयावली विधायक प्रदीप लारिया भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मिले थे। उन्होंने बताया था कि मामले में कई निर्दोष लोगों को जेल भेजा गया है। अगले दिन से ही यह कार्रवाई शुरू हो गई। नरयावली विधायक लारिया इसके पहले भी आरोपितों द्वारा सरकारी जमीन पर अतिक्रमण का आरोप लगा चुके हैं।

प्रदेश के अधिकांश जिलों में बादल, आंधी और बारिश के बाद 4 डिग्री तक गिरेगा तापमान

# सबसे अधिक दिन का पारा गुना में 43.5 डिग्री, 8 जिले भी तपे

प्रदेश से गुजर रही ट्रफ और सकुर्लेशन से अभी जारी रहेगा आंधी-बारिश का सिलसिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में मंगलवार को मामूली घट-बढ़ के साथ दिन का पारा सामान्य के करीब रहा। विशेषकर प्रदेश के पश्चिमी हिस्से में गर्मी का असर अधिक रहा। वहीं, दोपहर बाद एक दर्जन के करीब जिलों में तेज हवाओं के साथ कहीं-कहीं बौछारें पड़ीं। सबसे अधिक दिन का पारा गुना में 43.5 डिग्री रहा। साथ ही रतलाम, धार, खंडवा, रायसेन, उज्जैन, खजुराहो, नरसिंहपुर और टीकमगढ़ में भी पारा 43 डिग्री तक रहने से तेज गर्मी रही। हालांकि, सीधी और में बारिश के बाद पारा 4 से 11 डिग्री तक गिरा है।

**कई जगहों पर बौछारों की उम्मीद**



### आधा दर्जन जिलों में बारिश, ओले

दोपहर बाद सिवनी, दमोह, सिंगरौली, अनुपपुर और पन्ना में आंधी- बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई। रीवा, कटनी, शहडोल,नरसिंगपुर, बालाघाट, छिंदवाड़ा, सतना, सीधी और मंडला में भी हल्की बारिश हुई। रायसेन, भोपाल, सीहोर, नर्मदापुरम, बैतूल, मैहर, उमरिया, जबलपुर, डिंडोरी, पांढुर्ना और सागर में देर रात तक आंधी के साथ बौछारों की उम्मीद है।

### दो दिन बाद नया सिस्टम

अभी जो सकुर्लेशन और ट्रफ लाइन सक्रिय है, वह दो दिन में पूर्वी मप्र से आगे बढ़ेगी। इसके बाद 2 मई को ही नया सिस्टम सक्रिय हो जाएगा। इसके असर से प्रदेश में फिर से मौसम बदलेगा। पश्चिमी और उत्तरी हिस्से में बारिश होगी। मध्य हिस्से में भी मौसम बदला रहेगा। इससे प्रदेश के अधिकांश जिलों में पारा 2 से 4 डिग्री तक फिर कम हो जाएगा। हालांकि, इससे पहले गुरुवार से शुक्रवार के बीच कुछ हिस्सों में लू का असर हो सकता है।


## खबर संक्षेप

### फोन पर आर्मी कैंट की तस्वीरें, जासूस मोची अरेस्ट



**नई दिल्ली।** देश का नमक खाने वाला ही देश का गद्दार निकला। पेसे से मोची कोई आम नागरिक नहीं पाक जासूस था। आरोपी बिहार से आकर पंजाब में सेना से जुड़ी सूचनाएं भेज रहा था। आरोपी की पाक की एक युवती के साथ दोस्ती थी और उसके कहने पर यह कर रहा था। बठिंडा पुलिस ने दबोचा है।

### किराएदार ने बेची वक्फ प्रॉपर्टी, कोर्ट ने मांगा जवाब



**नई दिल्ली।** दिल्ली में एक किराएदार की ओर से वक्फ संपत्ति बेचे जाने की घटना सामने आई है। इस पर दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली पुलिस, वक्फ बोर्ड एवं अन्य से जवाब मांगा है। जस्टिस तारा वितस्ता गंजू ने दिल्ली पुलिस, दिल्ली वक्फ बोर्ड, एमसीडी, विक्रेता और शाहदरा स्थित संपत्ति के खरीदार को नोटिस जारी किया है।

### एक्टर बासफोर की झरने के पास मिली डेड बॉडी




**गुवाहाटी।** फिल्म इंडस्ट्री से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है। 2025 की मोस्ट अवेटेड वेब सीरीज फैमिली मैन सीजन 3 में अपनी बेहतरीन एक्टिंग को लेकर चर्चा में रहने वाले रोहित बासफोर का निधन हो गया है। एक्टर की मौत ने उनके पूरे परिवार को झकझोर कर रख दिया है। असम के गरभंगा झरने के पास 27 अप्रैल की दोपहर मृत पाए गए।

---

### देश की सबसे पुरानी पार्टी आज भी आतंकी और पाकिस्तान की भाषा बोल रही

# कांग्रेस बन गई 'लश्कर-ए-पाकिस्तान कांग्रेस' देश विरोधी साजिश कर देश को खोखला कर रही





गायब पोस्टर पर भाजपा का कांग्रेस पर बड़ा हमला दोरहे चरित्र पर दो टूक





एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की है। इस मुद्दे पर कांग्रेस द्वारा जारी किए गए एक विवादास्पद पोस्टर पर भाजपा ने विपक्ष पर पाकिस्तानी और आतंकवादी विचारधारा पर कार्य करने के गंभीर आरोप लगाए हैं।

कांग्रेस ने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए सोशल मीडिया पर 'गायब' शीर्षक से एक पोस्टर साझा किया, जिसमें आतंकी हमले के बाद पीएम की चुप्पी पर सवाल उठाए गए हैं। इस पोस्टर को लेकर राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने इस पोस्टर को लेकर कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण, बेहूदा और चिंताजनक है कि कांग्रेस एक राष्ट्रीय राजनीतिक दल होते हुए भी आज दोहरा चरित्र दिखा रही है। यह ऐसा प्रतीत होता है मानो कांग्रेस, लश्कर-ए-पाकिस्तान कांग्रेस बन गई हो।

### राहुल बताएं- पूरा देश एकजुट तो ऐसी पोस्ट क्यों साझा की ?

भाटिया ने दावा किया कि यह सब कांग्रेस नेता राहुल गांधी के इशारे पर हो रहा है। उन्होंने कहा कि लंदन में पाकिस्तान के रक्षा अधिकारियों द्वारा दिए गए हिंसक संकेतों को राहुल 'कैच' कर रहे हैं और भारत में प्रचारित कर रहे हैं। भाटिया ने राहुल पर सवाल उठाया कि यदि पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है, तो कांग्रेस के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से ऐसी पोस्ट क्यों साझा की गई?

### कांग्रेस ने सिर तन से जुदा का इस्तेमाल कर कुछ नहीं छोड़ा



भाजपा नेता अमित मालवीय ने कहा कि कांग्रेस ने सिर तन से जुदा की अपनी छवि का इस्तेमाल करके कोई संदेह नहीं छोड़ा है। यह महज एक राजनीतिक बयान नहीं है। यह मुस्लिम वोट बैंक को निशाना बनाने और प्रधानमंत्री के खिलाफ एक छिपी हुई उकसावेबाजी है। एक अन्य पोस्ट में अमित मालवीय ने कहा कि कांग्रेस के नेता पाकिस्तान के स्लीपर सेल की तरह काम कर रहे हैं। उनके गैरजिम्मेदार और निंदनीय बयानों को देखिए।

### पाकिस्तान की भाषा बोल रही कांग्रेस : पूनावाला



भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा है कि कांग्रेस के आधिकारिक हैंडल से 'सिर विहीन' फोटो को शेयर किया जाना 'सिर तन से जुदा' करने वाली मानसिकता को बढ़ावा देना है। उन्होंने आरोप लगाया है कि कांग्रेस अपने संपूर्ण चरित्र में पाकिस्तान के समान व्यवहार करती है। उन्होंने कहा कि उनके एक-दो नेता नहीं, बल्कि कई नेता लगातार वही भाषा बोल रहे हैं ।

### राहुल की 'मोहब्बत की दुकान' पाकिस्तान में खुला मॉल

*भाटिया ने कटाक्ष करते हुए कहा कि राहुल गाभारत में मोहब्बत की दुकान खोलने की बात करते हैं, लेकिन हकीकत यह है कि वह दुकान नहीं बल्कि मॉल पाकिस्तान में खुला है। उन्होंने रॉबर्ट वाड्रा और सिद्धारमैया के हालिया बयानों का भी जिक्र किया, जिन्हें लेकर कांग्रेस ने कोई सफाई या खंडन नहीं दिया?*

### पीएम पहले ही बोल चुके कड़ा सबक सिखाया जाएगा

*उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि आतंकवाद को जड़ से समाप्त किया जाएगा और जो देश आतंकियों को समर्थन देते हैं, उन्हें भी कड़ा सबक सिखाया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश की सेना का साहस, जनता की प्रार्थनाएं और प्रधानमंत्री का मजबूत नेतृत्व मिलकर आतंक के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ रहे हैं।*

### पूरी दुनिया भारत के साथ कांग्रेस पाकिस्तान के साथ

भाटिया ने कहा कि एक तरफ जहां पूरा देश और दुनिया भारत के साथ खड़ी है, वहीं कांग्रेस ऐसे समय में पाकिस्तान से बातचीत की वकालत कर रही है। उन्होंने चेताया कि इस तरह की सोच न सिर्फ देश का मनोबल गिराने वाली है बल्कि यह पाकिस्तान के इशारे पर काम करने जैसा प्रतीत होती है।प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने दो टूक कहा कि हम आतंकियों से लड़ रहे हैं, लेकिन कांग्रेस की भाषा और हरकतें उस दुश्मन के समर्थन में दिखाई देती हैं।

### यह कांग्रेस की भयावह और जहरीली साजिश

भाटिया ने कहा कि वे पाकिस्तान को संकेत दे रहे हैं कि इस आतंकवादी हमले में कांग्रेस पार्टी पाकिस्तान के साथ खड़ी है, न कि अपने देश के साथ। यह कांग्रेस पार्टी की ओर से किया गया कोई मासूम पोस्ट नहीं है। यह हमारे देश की अखंडता को कमजोर करने और देश के प्रधानमंत्री मोदी को निशाना बनाने की एक भयावह और जहरीली साजिश है।

---

### 'युग्म' सम्मेलन में पीएम मोदी ने कहा





# 'ट्रिपल टी' से बदलेगा भारत का भविष्य सभी युवा तकनीक व इनोवेशन से जुड़ें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि किसी भी देश का भविष्य उसकी युवा पीढ़ी पर ही निर्भर होता है। इसलिए जरूरी है कि हम उनके भविष्य के लिए और देश के उज्वल भविष्य के लिए उन्हें तैयार करें। इनमें सबसे बड़ी भूमिका देश की शिक्षा व्यवस्था की होती है, इसीलिए देश की शिक्षा व्यवस्था को हम 21वीं सदी की जरूरत के मुताबिक आधुनिक बना रहे है।

युवाओं को बचपन से तकनीक व इनोवेशन से जोड़ा जा रहा है। प्रतिभा (टैलेंट), तेवर (टेंपरामेंट) व तकनीक (टेक्नालॉजी) का यह जुड़ाव भारत के भविष्य को बदलेगा। पीएम मोदी ने मंगलवार को भारत मंडपम में आयोजित पहले नवाचार ( इनोवेशन ) सम्मेलन 'युग्म' को संबोधित करते हुए यह

### बायो साइंस के क्षेत्र में 14 सौ करोड़ के करार

सम्मेलन में शिक्षा, उद्योग और इनोवेशन से जुड़े लोग शामिल थे। इस मौके पर वाधवानी फाउंडेशन ने पीएम मोदी की मौजदूगी में आईआईटी बांबे, आइआइटी कानपुर और नेशनल रिसर्च फाउंडेशन के साथ मिलकर एआई, इंटेलीजेंस सिस्टम व बायो साइंस के क्षेत्र में 14 सौ करोड़ के करार किए है। पीएम मोदी ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बाद शिक्षा के क्षेत्र में आए बदलावों की जिक्र किया व कहा कि बच्चों में अब स्कूली स्तर पर ही शोध और इनोवेशन के बीज रोपे जा रहे है। अटल टिंकरिंग लैब के जरिए वे अपने सपनों को नई उड़ान दे रहे हैं।

### हमारे पास समय कम और लक्ष्य बड़े

मोदी ने कहा कि विकसित भारत के लिए हमारे पास समय कम है व लक्ष्य बड़े है। ऐसे में जरूरी है कि प्रोटोटाइप से प्रोडक्ट तक की यात्रा कम समय में पूरी हो। जब हम इस दूरी को कम देंगे तो शोध का लाभ लोगों तक तेजी से पहुंचने लगता है।

### पेटेंट के क्षेत्र में रफ्तार बढ़ी

पीएम मोदी ने कहा कि भारत ने जिन लक्ष्यों को तय किया है उसे निरंतर गति देने के लिए देश के रिसर्च इकोसिस्टम को मजबूती देना आवश्यक है। पिछले एक दशक में इस दिशा में काफी तेजी से काम हुआ है। 2013-14 में शोध और इनोवेशन पर जहां खर्च सिर्फ 60 हजार करोड़ था, हमने इसे दोगुना से ज्यादा बढ़ाकर सवा लाख करोड़ से ऊपर कर दिया है।पेटेंट के क्षेत्र में रफ्तार बढ़ी है।

---

हरचंदपुर क्षेत्र में सांसद के खिलाफ रात में होर्डिंग और पोस्टर लगे

# तुम जातिवाद से तोड़ोगे, हम राष्ट्रवाद से जोड़ेंगे', कृपया हमारे शहर से न खेलें

एजेंसी ▶▶ रायबरेली

यूपी के रायबरेली में मंगलवार को सांसद राहुल गांधी के दौरे से पहले राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। हरचंदपुर क्षेत्र में सांसद के खिलाफ रात में होर्डिंग और पोस्टर लगा दिए गए। इनमें उनके पिछले बयानों पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की गई है। पोस्टरों में लिखा 'तुम जातिवाद से तोड़ोगे, हम राष्ट्रवाद से जोड़ेंगे'। राहुल जी, कृपया हमारी रायबरेली को जातिवाद में मत उलझाइए। होर्डिंग हरचंदपुर के युवा मंडल अध्यक्ष हर्षित सिंह की तरफ से लगाई गई। उन्होंने कहा कि "जाको प्रिय राम वैदेही, ताहि वोट कोऊ ना देही। उन्होंने राहुल के उस बयान पर आपत्ति जताई है, जिसमें उन्होंने पिछली दिशा बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों की जाति को लेकर सवाल उठाए थे। कहा कि राहुल का यह बयान जातिवाद को बढ़ावा देने वाला है। इससे समाज में विभाजन पैदा हो सकता है।

### राहुल ने प्रशासनिक अधिकारियों की जाति को लेकर उठाए थे सवाल

राहुल ने पिछली दिशा बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों की जाति को लेकर सवाल उठाए थे। इस पर काफी विवाद हुआ था। अब उनके रायबरेली दौरे से पहले इस मुद्दे को फिर से उठाया जा रहा है। विरोध करने वालों का कहना है कि राहुल को रायबरेली को जातिवाद में उलझाने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। उनका मानना है कि इस तरह के बयान समाज में तनाव पैदा कर सकते हैं।



# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


## चारधाम यात्रा का आज से शुभारंभ

# अक्षय तृतीया पर गंगोत्री और यमुनोत्री के खुलेंगे कपाट



श्री गंगोत्री धाम के लिए मां गंगा की पालकी यात्रा निकली

**मां गंगा की उत्सव डोली का श्री गंगोत्री धाम के लिए प्रस्थान**

एजेंसी ▶▶ देहरादून

अक्षय तृतीया पर गंगोत्री और यमुनोत्री जी के कपाट खुलने के साथ ही बुधवार से पवित्र चारधाम यात्रा शुरू होने जा रही है। मंगलवार को शीतकालीन प्रवास स्थल मुखवा में विधि-विधान से पूजा अर्चना के बाद पतित पावनी मां गंगा की उत्सव डोली श्री गंगोत्री धाम के लिए प्रस्थान कर गई है। बुधवार को अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर शुभ मुहूर्त में श्री गंगोत्री धाम के कपाट खोले जाएंगे। केदारनाथ और यमुनोत्री पैदल मार्ग पर इस बार 4300 से अधिक घोड़े खच्चर संचालक अपनी सेवा देंगे।

## पूर्व कमांडो हामिद मूसा निकला पहलगाम हमले का मास्टर माइंड, पाक रक्षा मंत्री के एक्स अकाउंट पर 'ताला'

# पीएम ने सेना के हाथ खोले, कहा-आतंकी और उनके आकाओं को पूरी तरह कुचल दें

### पाक के खिलाफ 'बड़े एक्शन' से पहले ताबड़तोड़ बैठकें, पीएम से फिर मिले राजनाथ, जयशंकर, डोभाल और तीनों सेना प्रमुख

### पीएम ने कहा कि सेनाएं कार्रवाई का टारगेट व वक्त तय करें


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



हामिद मूसा

पाकिस्तान के साथ सीमा पर तनाव के बीच दिल्ली में बड़ी हलचल है। मंगलवार शाम को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री एस जयशंकर, एनएसए अजित डोभाल पीएम नरेंद्र मोदी से मिलने प्रधानमंत्री आवास पहुंचे। राजनाथ सिंह की पीएम मोदी से यह चौथी मुलाकात थी। तीनों सेनाओं के प्रमुख ने भी इस बैठक में हिस्सा लिया। यह बैठक करीब ढाई घंटे चली। इसके बाद पीएम मोदी ने तीनों सेनाओं के हाथ खोलते हुए कहा कि आतंकी और उनके आकाओं को पूरी तरह कुचल दें।

*मंगलवार शाम को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री एस जयशंकर, एनएसए अजित डोभाल पीएम नरेंद्र मोदी से मिलने प्रधानमंत्री आवास पहुंचे। राजनाथ सिंह की पीएम मोदी से यह चौथी मुलाकात थी। सीडीएस अनिल चौहान समेत तीनों सेनाओं के प्रमुख ने भी इस बैठक में हिस्सा लिया। यह बैठक करीब ढाई घंटे तक चली।*






*बुधवार को चार बड़ी बैठकें हैं। सात दिन में दूसरी बार सीसीएस की बैठक है। इससे लगी हुई कैबिनेट कमेटी ऑन पॉलिटिकल अफेयर्स ( सीसीपीए), कैबिनेट कमेटी ऑन इकोनॉमिक अफेयर्स (सीसीईए) और फिर कैबिनेट की बैठक है।*


**बैठक के बाद संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत पीएम से मिलने उनके आवास पर पहुंचे**

### 48 पर्यटक स्थल बंद, जम्मू-कश्मीर सरकार ने खुफिया सूचना के बाद लिया फैसला



पहलगाम हमले के बाद घाटी में 87 में से 48 पर्यटक स्थल बंद कर दिए गए हैं। सुरक्षा एजेंसियों की सिफारिश पर जम्मू-कश्मीर की उमर सरकार ने यह फैसला लिया है। सूत्रों के अनुसार पहलगाम हमले के बाद घाटी में कुछ स्लीपर सेल सक्रिय हो गए हैं, उन्हें अपने आकाओं से गतिविधि शुरू करने के निर्देश दिए हैं।

### अब रक्षा मंत्री ख्वाजा जहर कहां उगलेगा?



पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा मोहम्मद आसिफ का एक्स अकाउंट भारत में प्रतिबंधित कर दिया गया है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद ख्वाजा लगातार जहर उगल रहे थे। ख्वाजा आसिफ ने भारत के सैन्य हमले के डर को भी कबूल किया था।

### 'अल्लाह हू अकबर' का नारा लगाने वाले से पूछताछ



*राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने 22 अप्रैल को पहलगाम हमले की जांच के लिए मुजम्मिल को पूछताछ के लिए बुलाया है। मुज्जमिल से पूछा गया कि गोलियां चलने के बाद उसने तीन बार अल्लाह हू अकबर क्यों बोला।*

### कूटनीतिक मोर्चे पर भी पाक को घेरने की तैयारी

कूटनीतिक मोर्चे पर भी भारत पाकिस्तान को वैश्विक मंचों पर अलग-थलग करने की रणनीति बना रहा है। विदेश मंत्रालय ने कई देशों के साथ संपर्क साधा है, और नीदरलैंड जैसे देशों ने इस हमले की निंदा करते हुए भारत के साथ एकजुटता दिखाई है। पाकिस्तान को फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) की ग्रे लिस्ट में डालने की मांग भी जोर पकड़ रही है।





Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj - Phase -II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or call our toll-free no.: 1800 266 0018 or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. **Finance offer is at sole discretion of the financer, subject to its respective T&Cs. Offers are valid in select states for a limited period or till stock lasts. For more details, please visit your nearest authorized Hero outlet. Ex-showroom prices are applicable in Madhya Pradesh. #Offer Valid on HF DLX kick and Self Variants. $Green Bonus is applicable Pan India on select Hero products and bonus amount may vary as per model/variant. *Terms & Conditions apply.

अधिकृत डीलर: जबलपुर: सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344), बालाघाट: जायसवाल हीरो 9289922572, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, मण्डला: शुभा हीरो 9289922600, नरसिंहपुर: रचना हीरो 9289922377, रीवा: बद्रिका हीरो (टी.पी. नगर 9752263333, इलाहाबाद रोड 9171705391), सतना: स्टार हीरो 9289922356, बद्रिका हीरो 9289923108, शहडोल: विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, कटनी: हर्ष हीरो 9289923166, बैढ़न: कुन्दन हीरो 9289922743, बजरंग मोटर्स 7354559000, सीधी: राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, टीकमगढ़: आनंद हीरो 9289923112, सिवनी: सुदर्शन हीरो 9821745435, चौरई: श्रीजी ऑटोमोबाईल्स, 9821749342, एसोशिएट डीलर: पथरिया: एसएस ऑटोमोबाइल्स, 9691147568, सेमरिया: आकाश मोटर्स 9893918358, अमरवाड़ा: अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, ब्योहारी: श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, बुढ़हार: श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, डिंडोरी: अवधिया ऑटो 8959777333, नैनपुर: स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, गाडरवाड़ा: शेखर व्हीकल्स 9425467409, जुन्नारदेव: लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, कोतमा: सिटी ऑटोमोबाईल्स 7987519546, मैहर: वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, मउगंज: सेंगर मोटर्स 9425185568, लांझी: श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, पांढुरना: जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, परासिया: श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, रामपुर बघेलान: साँई ऑटोमोबाईल्स 9993224296, रांझी: गुरुकृपा ऑटो 9424728007, सिहोरा: बाईक प्वांट 9826802730, उमरिया: गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, वारासिवनी: रुसिया मोटर्स 9425822392, जतारा: शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइजेज 7000242371, पृथ्वीपुर: महावीर एजेंसीज 7000375943, मुलताई: शारदा श्री मोटर्स 9522870001, चितरंगी: ओम मोटर्स 9685416118, बरगवां: बजरंग मोटर्स 9926183734, बहरी: श्याम एजेंसी 9981238133, बरही: अजित ऑटोमोबाइल्स 7566217410, 9131739086, नागोद: चौरसिया ऑटोमोबाइल्स 9926365074, देवसर: श्री राम मोटर्स 9425086868 अमरपाटन: रिशु ऑटोमोबाइल्स 9893829195, स्लीमनाबाद: अनिल मोटर्स 9425466101, रामनगर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9893252517, धनौरा: भवानी व्हीकल्स 9424950703, सरई: यश मोटर्स, 9981718853, सालीचौका: अभिषेक इंटरप्राइजेज 8989434793, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, नरसिंहपुर: रचना हीरो 8815396340, दमोह: इंडिया ऑटो सेंटर 8839230079

L&K | SAATCHI & SAATCHI

# सामाजिक समरसता के संवाहक भगवान परशुराम

अनुरोध पटेरिया

परशुराम जी का हरेक कार्य समरस समाज के निर्माण में उनके योगदान को दर्शाता है। वे किसी जाती विशेष के बैरी नहीं थे। वे संपूर्ण हिन्दू समाज के हैं और चिरंजीवी हैं। उन्होंने श्रीराम और श्री कृष्ण के काल में विधर्मियों को दंडित किया। माना जाता है कि भगवान श्रीकृष्ण को सुदर्शन चक्र शोभित कराने में मध्यम थे।

भगवान परशुराम ने धर्मपथ अनुयाइयों को एकता के सूत्र में बांधकर विधर्मियों का नाश करने का मूल मंत्र दिया। सभी जाति और समाजों में समरसता का संदेश दिया है।भारतीय वाङमय में सबसे अधिक जीवी चरित्र परशुराम जी का है। सतयुग के समापन से कलयुग के प्रारंभ तक उनकी उपस्थिति का उल्लेख मिलता है। वे हमेशा निर्णायक और नियामक शक्ति रहे। दुष्टों का दमन और सत-पुरूषों को संरक्षण उनके चरित्र की विशेषता है। उनका चरित्र अक्षय है, इसलिए उनकी जन्म तिथि वैशाख शुक्ल तृतीया को अक्षय तृतीया के नाम से माना गया। इस दिन का प्रत्येक क्षण शुभ मुहूर्त माना जाता है। विवाह के लिए या अन्य किसी शुभ कार्य के लिए अक्षय तृतीया के दिन अलग से मुहूर्त देखने की आवश्यकता नहीं होती। उनके जीवन का समूचा अभियान, संस्कार, संगठन, शक्ति और समरसता के लिए समर्पित रहा है।

## मानव जीवन को सामाजिक ढांचे में ढाला

भगवान परशुराम ने मानव जीवन को सामाजिक और धार्मिक ढांचे में ढालने का महत्वपूर्ण कार्य किया। दक्षिण के क्षेत्र में जाकर वहां कमजोर समाज को एकत्रित कर समुद्र तटों को रहने योग्य बनाया। अगस्त ऋषि से समुद्र से पानी निकालने की विद्या सीख कर समुद्र के किनारों को रहने योग्य बनाया। एक बंदरगाह बनाने का भी प्रमाण परशुराम जी का मिलता है। वही परशुराम जी ने कैलाश मानसरोवर पहुंचकर ब्रह्म कुंड से पानी की धारा को नीचे लाये जो ब्रह्मपुत्र नदी कहलायी। भगवान परशुराम समतावादी समाज का निर्माण करने वाले थे। भले ही उन्हें ब्राह्मणों का हितैषी और क्षत्रियों का विरोधी माना जाता रहा है। यह परशुराम जी को बेहद संकुचित आधार पर देखने की दृष्टि है। हम महापुरुषों को उनकी जाति के आधार पर देखते हैं। पर सच यह है कि उन्होंने क्षत्रियों को इसलिए पराजित नहीं किया कि वह क्षत्रिय थे या ब्राह्मण नहीं थे। उन्होंने क्षत्रिय समाज के उन अहंकारी राजाओं को परास्त किया जो समाज रक्षण का मूल राजधर्म भूल गए थे। क्षत्रियों पर उनके क्रोध के पीछे के कारण को समझने से पता चलता है कि उस समय कुछ क्षत्रियों के अत्याचार और अन्याय इतने बढ़ गए थे कि उन्होंने क्षत्रियों को शदमार्ग पर लाने का प्रण लिया। अपने मौसा जी सहस्त्रबाहु द्वारा अपने पिता के आश्रम पर आक्रमण और पिता की हत्या ने भी परशुराम के क्रोध को भड़का दिया। और उन्होंने आक्रांताओं का संहार किया।

## रावण को डराकर रखने वाले हैहयवंशी सहस्त्रार्जुन का वध किया

माँ नर्मदा के किनारे जाबालिपुरम का क्षेत्र जाबालि ऋषि और भेड़ाघाट से भड़ौंच तक का क्षेत्र महर्षि भृगु के नाम से भृगुक्षेत्र कहलाता था। भेड़ाघाट में महर्षि भृगु की तपोस्थली एवं आश्रम था। उस पर माहिष्मती के महान हैहयवंशी (चंद्रवंशी) राजाओं का राज्य फैला था जिसके राजगुरु – महर्षि भृगु थे, महर्षि भृगु के यहाँ महर्षि ऋचीक (ऋचिका) का अवतरण हुआ था, इनकी पत्नी सत्यवती से महर्षि जमदग्नि का अवतरण हुआ था। महर्षि ऋचीक भी हैहयवंशियों के राजगुरु थे। उन दिनों हैहयवंश में महारथी सहस्त्रार्जुन का भी जन्म हो चुका था। सहस्त्रार्जुन माहिष्मती के राजा बने और महर्षि जमदग्नि उसके राजगुरु बने। महर्षि जमदग्नि का विवाह कन्नौज नरेश गाधि (प्रसेनजित) की सुपुत्री – रेणुका से हुआ। उधर सहस्त्रार्जुन (कार्तवीर्य अर्जुन) असीम शक्ति अर्जित कर साम्राज्य को विशाल बना दिया, वह किसी से पराजित नहीं हुए इसलिए भी अनाचारी हो गया गए। महर्षि जमदग्नि से नहीं बनी, महर्षि जमदग्नि ने राजगुरु का पद त्याग दिया और अपने आश्रम आ गये। माता रेणुका ने अपने पांचवें पुत्र के लिए महादेव की उपासना की और भगवान परशुराम का अवतरण हुआ। सहस्त्रार्जुन भगवान परशुराम का मौसा था। भगवान परशुराम की प्रारंभिक शिक्षा महर्षि ऋचीक और मामा विश्वामित्र के सानिध्य में हुई।

**भेड़ाघाट से भरूच तक का क्षेत्र महर्षि भृगु के नाम से जाना जाता है**

भृगु वंशी होने के नाते भगवान परशुराम का जबलपुर से गहरा नाता रहा है। परशुराम कुंड के समीप प्राचीन परशुराम मंदिर है, जिस स्थान पर प्रतिमा है उसके पास ही परशुराम पर्वत शिखर है अनादिकाल से स्थापित भगवान परशुराम के चरण चिन्ह और अन्य साक्ष्य प्रमाणित करते हैं कि परशुराम जी यहां वर्षों तक तपस्यारत थे। परशुराम कुंड में कार्तिक पूर्णिमा के दिन ही मां नर्मदा का प्राकट्य हुआ था। जनश्रुति के अनुसार भगवान परशुराम प्रतिदिन स्नान करने नर्मदा जाते थे। एक दिन मां नर्मदा प्रकट होकर बोलीं कि स्नान करने आने से आपका समय व्यर्थ होता है। अत: आप कल सुबह तपस्थली में जहां पहला कदम रखेंगे वहीं मैं प्रकट हो जाऊंगी। दूसरे दिन भगवान परशुराम ने जहां पहला कदम रखा वहीं मां नर्मदा जलराशि के रूप में प्रकट हो गईं।

विद्वान श्री के. एम. मुंशी ने अपनी कृति 'भगवान परशुराम' में नर्मदा के किनारे भृगु वंश के इतिहास पर समुचित प्रकाश डाला है। जहाँ एक ओर जबलपुर में खमरिया के पास मटामर में भगवान परशुराम की तपस्या के प्रमाण मिले हैं तो वहीं दूसरी ओर परशुराम की किशोरावस्था में अघोर तंत्र की शिक्षा प्राप्त करने के प्रमाण भी मिलते हैं।माँ नर्मदा के लम्हेटा के उस पार लम्हेटी गांव के पास डडवारा नामक ग्राम में अघोर तंत्र की शिक्षा का केंद्र था, अघोर तंत्र के आचार्य डड्डनाथ वहां कुलाधिपति थे , अघोर तंत्र की शिक्षा भगवान परशुराम ने उन्हीं से प्राप्त की थी। ऋचीक ने "सारंग" नामक धनुष प्रदान किया। ब्रम्हर्षि कश्यप ने वैष्णव मंत्र दिये। तदुपरांत परशुराम ने कैलाश गिरिश्रंग जाकर महादेव से शिक्षा प्राप्त की। महादेव ने परशुराम को "विद्युदभि" परशु एवं "विजया" धनुष प्रदान किया।

**वे उस भृगु वंश से है, जिसके भृगु ऋषि ने अग्नि का आविष्कार किया था। श्रीमद्भगवद्गीता के दसवें अध्याय में भगवान ने कहा–**

मैं ऋषियों में भृगु हूं!

महर्षि भृगु को संसार का पहला प्रचेता लिखा गया है। विष्णु पुराण के अनुसार नारायण को ब्याहीं श्री लक्ष्मी महर्षि भृगु की ही बेटी थीं। समुद्र मंथन से उत्पन्न लक्ष्मी तो उनकी आभा थी। भृगु वंश में ही महर्षि मार्कण्डेय, शुक्राचार्य, ऋचीक, विधाता, दधीचि, त्रिशिरा, जमदग्नि, च्यवन का जन्म हुआ।

महर्षि भृगु को अंतरिक्ष, चिकित्सा और नीति का जनक माना जाता है। अंतरिक्ष के ग्रहों और तारागणों की गणना का पहला शास्त्र भृगु संहिता है। वामन अवतार के बाद परशुराम का अवतार हुआ। वामन अवतार जहां जीव के जैविक विकास क्रम का लघु रूप था। वहीं परशुराम मानव जीवन के विकास क्रम के संपूर्णता के प्रतीक है।

ब्राह्मण समाज में भी उन्होंने सत्ता दी जो संस्कारी थे, सदाचारी थे। वही यदि कोई ब्राह्मण संस्कार विहीन है तो उसे भी पदावनत किया। साथ ही अगर कोई संस्कारवान है तो उसे ब्राह्मणों की श्रेणी में रखने में भी उन्होंने संकोच नहीं किया। उनका भाव इस जीव सृष्टि को इसके प्राकृतिक सौंदर्य सहित जीवंत बनाए रखना था। वे चाहते थे कि यह सारी सृष्टि पशु पक्षियों, वृक्षों, फल फूल और समूची प्रकृति के लिए जीवित रहे। उनका कहना था कि राजा का धर्म वैदिक ओर सामाजिक जीवन का प्रसार करना है ना कि अपनी प्रजा का दोहन करना ।

भगवान विष्णु के आवेशावतार परशुराम का जन्म भगवान श्रीराम के जन्म से पहले वैशाख शुक्ल तृतीय को रात्रि के प्रथम प्रहार में हुआ था।इस समय सतयुग की विदाई और त्रेता का स्वागत काल था।

परशुराम जी ऋषि जमदग्नि और क्षत्रिय पत्नी रेणुका के पुत्र है। उन्होंने शास्त्रों और शस्त्र विद्या का अध्ययन किया, और उनके गुरु ऋषि विश्वामित्र, ऋचीक और भगवान शिव थे।इनका मूल नाम राम था,



कठोर तपस्या के बाद, भगवान शिव ने परशुराम को अपने दिव्य परशु प्रदान किया, जिससे उनका नाम परशुराम पड़ गया। एक बार, परशुराम जी ने अपने पिता की आज्ञा का पालन करते हुए, अपनी माता रेणुका का वध कर दिया था।वे क्षत्रिय थी।

परशुराम जी ने अहंकारी हैहय वंश के क्षत्रियों का 21 बार पृथ्वी से संहार किया, जो अन्याय और अत्याचार के खिलाफ उनकी लड़ाई को दर्शाता है।परंतु वे समूल क्षत्रिय समाज के संहारक नहीं थे।कई राजवंश जो धर्म पथ पर थे।वे उनकी कृपा ओर सहयोगी के रूप में भी रहे।भगवान राम और उनके समकालीन कई सम्राट परशुराम के भक्त थे।

परशुराम जी को सात चिरंजीवियों में से एक माना जाता है, जो उन्हें अमरत्व प्रदान करता है।

परशुराम जी जीवन पथ तपस्या, शक्ति, न्याय और धर्म के महत्व को रेखांकित करता है। वे एक महान ब्राह्मण योद्धा है, जिन्होंने अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ी और धर्म की स्थापना के लिए जन्म से अब तक निरंतर प्रयासरत हैं।

परशुराम का अर्थ फरसे वाला राम माना जाता है। हिंदू परंपरा उन्हें पृथ्वी पर ऐसे वीर के रूप में मानती है जो हर उस व्यक्ति के खिलाफ थे जो दंभ में श्रृष्टि ने नियमों को नहीं मानता था। शिवजी ने उन्हें आदेशित किया कि वे धरती को आतताईयों, चरमपंथियों, राक्षसों से मुक्त करें।परशुराम जी को चिरंजीवी माना गया है।वे कलियुग के अंत में विष्णु के दसवें और अंतिम अवतार कल्कि के गुरु के रूप में पुनः प्रकट होंगे ।

## पृथ्वी को इक्कीस बार आताताई विहीन किया

माता रेणुका के पुत्र परशुराम जी का अवतार त्रेता युग में हुआ था, इन्होंने पृथ्वी को इक्कीसबार आताताई विहीन किया था। परशुरामजी के प्रमुख शिष्यों भीष्म पितामह, गुरु द्रोणाचार्य, दानवीर कर्ण थे।भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम जी के पिता सप्तर्षियों के मंडल में सातवें ऋषि हुए।

कैलाश पर्वत पर परशुराम जी का गणेश जी के साथ युद्ध हुआ , परिणामस्वरूप गणेश जी का एक दांत टूट गया और वो एकदंत कहलाये। ब्रह्मा जी के मानस पुत्र भृगु ऋषि के वंशज। हैहयवंश में जन्मे और बाल्यकाल में ही चक्रतीर्थ पर तप करके भगवान परशुराम ने नर्मदा तट पर राजा कार्तवीर्यार्जुन सहस्त्रबाहु का वध किया। महेंद्र पर्वत पर निवासरत परशुरामजी के दादाजी और दादीजी का नाम सत्यवती और ऋचीक मुनि था।

शंकरजी ने परशुरामजी को त्रैलोक्य विजय कवच प्रदान किया। ब्रह्मा जी की पांचवीं पीढ़ी में परशुरामजी अवतरित हुए । ब्रह्मा जी के पुत्र भृगु ऋषि इनके पुत्र ऋचिक के पुत्र जमदग्नि, जमदग्नि के सबसे छोटे पुत्र परशुरामजी हुए। मत्स्यराज से कवच मांगने के लिए परशुरामजी ने श्रृंगधारी संन्यासी का रूप धारण किया।

### कर्म के सिद्धांत को वर्ण का आधार बना सर्वव्यापी भगवान हुए परशुराम

हैहय वंशी क्षत्रिय राजा सहस्त्रार्जुन के अधर्मी स्वभाव जैसे अहंकारी और अत्याचारी क्षत्रियों राजाओं से पृथ्वी को 21 बार रहित किया और धर्म की स्थापना की। इस अनुष्ठान में सूर्यवंशी क्षत्रियों ने भगाता तो अयोध्या के रघुकुल से भी उनका संघर्ष हुआ होता, परंतु ऐंसा कभी नहीं हुआ अन्य और भी उदाहरण हैं। पुराणों, धर्मेतर ग्रंथों पुरातत्वीय स्त्रोतों और ऐतिहासिक संदर्भों के अध्ययन में त्रेतायुग में भगवान विष्णु के दो महत्वपूर्ण अवतार हुए पहला भगवान परशुराम और दूसरा प्रभू श्रीराम।
































































पेण्डरी वाड्रफनगर, बरमकेला एवं फरसगांव थाना क्षेत्र की घटनाएं

# अलग-अलग दुर्घटनाओं में छह की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलरामपुर

छत्तीसगढ़ के बलरामपुर और सारंगढ़ इलाकों से दर्दनाक सड़क हादसों की खबरें सामने आई हैं, जिनमें कुल चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों घटनाओं से आस-पास के इलाकों में सनसनी फैल गई है। बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत पेण्डारी गांव में भीषण सड़क हादसा हुआ। जहां तेज रफ्तार बाइक पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में बाइक सवार तीन युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, तीनों युवक देर रात एक आर्केस्ट्रा प्रोग्राम देखकर घर लौट रहे थे। अचानक बाइक का संतुलन बिगड़ने से यह भीषण दुर्घटना हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## तेज रफ्तार ट्राले ने मारी बाइक को टक्कर



वहीं, सारंगढ़ के बरमकेला क्षेत्र में भी एक और दर्दनाक घटना घटी। बरमकेला के शासकीय अस्पताल के सामने एक ट्रेलर ने तेज रफ्तार में बाइक सवार को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस दर्दनाक हादसे से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने सुभाष चौक पर चक्का जाम कर दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर भीड़ को शांत कराया और यातायात बहाल करने की कोशिश की। इन हादसों ने सड़क सुरक्षा और तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण की जरूरत पर सवाल खड़े कर दिए हैं। फिलहाल बरमकेला पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।



**बाइक सवार एवं बच्ची की मौत, महिला गंभीरः** छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले के फरसगांव से एक दिल दहला देने वाली सड़क दुर्घटना की खबर आई है। जहां बाइक और कार में आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। यह सड़क हादसा नेशनल हाइवे 30 में हुआ है। इस हादसे में बाइक सवार और एक मासूम बच्ची की मौत हो गई। बाईक में सवार एक महिला गंभीर रूप से घायल है। यह पूरा मामला फरसगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत माझी आठगांव का है।

राज्य की प्रतिभाओं को प्रशासन में योगदान देने का मिल सके अवसर

# 'मुख्यमंत्री सुशासन फेलोशिप' योजना का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य के युवाओं को शासन और नीति निर्माण की प्रक्रिया से जोड़ने के लिए एक ऐतिहासिक पहल करते हुए 'मुख्यमंत्री सुशासन फेलोशिप' कार्यक्रम की शुरुआत की है। यह कार्यक्रम भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रायपुर और छत्तीसगढ़ सरकार के सुशासन एवं अभिसरण विभाग के सहयोग से चलाया जाएगा। यह दो वर्षीय एमबीए डिग्री कार्यक्रम विशेष रूप से छत्तीसगढ़ के मूल निवासियों के लिए तैयार किया गया है, ताकि राज्य की प्रतिभाओं को प्रशासन में योगदान देने का अवसर मिल सके।



मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राज्य के होनहार युवाओं को शासन से जोड़ना और उन्हें नीति निर्माण में भागीदार बनाना इस फेलोशिप का मूल उद्देश्य है। यह कार्यक्रम सुशासन की दिशा में एक बड़ा कदम है। सभी चयनित विद्यार्थियों की ट्यूशन फीस राज्य सरकार द्वारा वहन की जाएगी। 50 हजार रुपए मासिक विद्यार्थियों को उनकी सेवाओं और प्रशिक्षण अवधि के लिए सम्मानजनक छात्रवृत्ति दी जाएगी। आईआईएम रायपुर में पढ़ाई के साथ-साथ छात्र विभिन्न विभागों और जिलों में प्रशासनिक अनुभव भी प्राप्त करेंगे। साथ ही छात्र अपने प्रोजेक्ट्स और नीतिगत सुझाव सीधे मुख्यमंत्री को प्रस्तुत कर सकेंगे। आवेदक छत्तीसगढ़ के मूल निवासी होने चाहिए। अधिकतम आयु सीमा 35 वर्ष निर्धारित की गई है। अभ्यर्थियों के पास कैट 2022, 2023 अथवा 2024 का वैध स्कोर होना अनिवार्य है। चयन प्रक्रिया में समूह चर्चा और साक्षात्कार भी शामिल हैं। यह फेलोशिप उन युवाओं के लिए एक स्वर्णिम अवसर है जो शासन, नीति और सामाजिक विकास के क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं।

## रेमेडियम लाइफ केयर के राइट्स इश्यू लॉन्च

**जबलपुर।** रेमेडियम लाइफकेयर लिमिटेड (बीएसईः 539561) ने अपने बहुप्रतीक्षित राइट्स इश्यू के लॉन्च की घोषणा की है, जिसे बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) से मंजूरी मिल गई है। यह रणनीतिक पहल कंपनी की एक एकीकृत, शोध-संचालित फार्मास्युटिकल लीडर बनने की यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है। राइट्स इश्यू 30 अप्रैल, 2025 को खुलेगा और 14 मई, 2025 को बंद होगा। यह पूंजी जुटाना रेमेडियम के हाल ही में एक प्रमुख यूके-आधारित फार्मास्युटिकल कंपनी के साथ 182.7 करोड़ के समझौते के बाद हुआ है, जो अंतरराष्ट्रीय विस्तार के लिए इसकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। जुटाई गई धनराशि का उपयोग कार्यशील पूंजी को मजबूत करने, अनुसंधान एवं विकास क्षमताओं में निवेश, उच्च मूल्य वाली दवा मध्यवर्ती वस्तुओं के उत्पादन को बढ़ाने, शीर्ष प्रतिभाओं को आकर्षित करने, डिजिटल परिवर्तन को बढ़ावा देने और वैश्विक बाजार में पैठ बढ़ाने के लिए किया जाएगा। इस विकास पर बोलते हुए, रेमेडियम लाइफकेयर लिमिटेड के प्रबंध निदेशक आदर्श मुंजाल ने टिप्पणी कीः यह राइट्स इश्यू वैश्विक रूप से मान्यता प्राप्त, नवाचार-आधारित दवा कंपनी बनने की हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की उद्योग एवं रोजगार वर्ष 2025 में होने वाली गतिविधियों की समीक्षा

# कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला स्वावलम्बन पर केंद्रित गतिविधियों का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि उद्योग एवं रोजगार वर्ष 2025 के संकल्प को साकार करने के लिए सभी विभागों और एजेंसियों को समन्वित प्रयास करना होगा। उन्होंने निर्देश दिए कि वर्ष-भर के लिए तैयार किए गए कार्यक्रम कैलेंडर के अनुसार सभी गतिविधियों का कुशलतापूर्वक संचालन सुनिश्चित कर हर माह इनकी प्रगति की गहन समीक्षा करें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंत्रालय में उच्च-स्तरीय बैठक में उद्योग एवं रोजगार वर्ष 2025 में प्रस्तावित कार्यक्रमों और गतिविधियों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) डॉ. राजेश राजौरा, प्रमुख सचिव उद्योग राघवेंद्र सिंह, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति रश्मि अरुण शमी, खनिज साधन उमाकांत उमराव, प्रमुख सचिव नवकरणीय ऊर्जा मनु श्रीवास्तव, सचिव तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार रघुराज राजेंद्र सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## आयोजनों की मासिक समीक्षा नियमित रूप से की जाएगी



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्ष-भर चलने वाले इन आयोजनों की मासिक समीक्षा नियमित रूप से की जाए। प्रत्येक कार्यक्रम के आयोजन के बाद उसकी उपलब्धियों, चुनौतियों और सुधार के बिंदुओं का विश्लेषण किया जाए, जिससे अगली गतिविधियों में उन्हें समाहित किया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में उद्यमिता का माहौल केवल विकसित जिलों तक सीमित न रहे, बल्कि औद्योगिक रूप से पिछड़े अंचलों तक उसकी पहुंच बने, जिससे रोजगार के अवसरों का विकेंद्रीकरण हो और प्रदेश का समग्र विकास सुनिश्चित हो।

## संतुलित और समावेशी औद्योगिक विकास की दिशा में ठोस कदम

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक आयोजन प्रदेश के संतुलित और समावेशी औद्योगिक विकास की दिशा में ठोस कदम साबित हो, ऐसे प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि सेक्टर कॉन्क्लेव जैसे प्रमुख आयोजन उन्हीं स्थलों पर आयोजित किए जाएं, जहां औद्योगिक गतिविधियां स्वाभाविक रूप से संचालित हैं। उन्होंने कहा कि आयोजन केवल जिलों के मुख्यालयों तक सीमित नहीं रहें, बल्कि सुदूर अंचलों और औद्योगिक संभावना वाले क्षेत्रों में भी उनका विस्तार किया जायें, जिससे प्रदेश का हर कोना औद्योगिक उन्नति की धारा से जुड़ें।

### उन क्षेत्रों की ओर भी विशेष ध्यान दें जहां औद्योगिक गतिविधियां धीमी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उन क्षेत्रों की ओर भी विशेष ध्यान दे, जहां औद्योगिक गतिविधियां अपेक्षाकृत धीमी रही हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि इन क्षेत्रों में सेक्टर-केंद्रित आयोजनों और विशेष प्रयासों के माध्यम से औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन की प्रक्रिया को तीव्र गति से किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सक्रिय औद्योगिक क्षेत्रों में उपलब्ध ऊर्जा और संसाधनों का उपयोग करते हुए अन्य क्षेत्रों में भी औद्योगिक वातावरण का विस्तार किया जाए।

### ऊर्जा आय वृद्धि का एक महत्वपूर्ण स्रोत

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नवकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं को कृषकों के हित में डिजाइन किया जाए, ताकि सौर ऊर्जा उनकी आय में वृद्धि का एक महत्वपूर्ण स्रोत बन सके। उन्होंने निर्देश दिए कि महिला सशक्तिकरण के लिए भी स्व-सहायता समूह की गतिविधियों पर आधारित कार्यक्रम किए जाए, जिससे अधिक से अधिक महिलाएं स्व-सहायता समूह से जुड़कर आत्मनिर्भर बने और प्रदेश के विकास में सहयोगी बन सकें। कृषि से जुड़े प्रत्येक आयोजन में सौर ऊर्जा एवं सौर पम्प के उपयोग को प्रोत्साहित किया जाए तथा कृषकों को इस संबंध में संचालित शासकीय योजनाओं की जानकारी दी जाए।

### उद्योग एवं रोजगार वर्ष में स्टार्ट-अप प्रोत्साहन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उद्योग एवं रोजगार वर्ष में स्टार्ट-अप प्रोत्साहन, एमएसएमई विकास, निर्यात संवर्धन, कौशल उन्नयन, रोजगार मेले, निवेश संवर्धन सम्मेलन जैसे सभी प्रमुख कार्यक्रम निर्धारित वार्षिक कैलेंडर के अनुसार संचालित किए जाएं। रोजगार संवर्धन के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य पर भी विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि औद्योगिक गतिविधियों का केवल आयोजन ही नहीं, बल्कि उनके ठोस परिणाम सुनिश्चित करना विभागों की जिम्मेदारी होगी। इसके लिए विभागीय समन्वय को बेहतर बनाया जाए।

## विपिन हीरो बने 'भाबीजी घर पर हैं' के नये मलखान सिंह

**मुंबई।** मॉडर्न कॉलोनी की गलियों में एक बार फिर रौनक लौट आई है और इसकी वजह है 'भाबीजी घर पर हैं' के पसंदीदा किरदारों में से एक मलखान सिंह की पर्दे पर वापसी। इस किरदार को विपिन हीरो निभायेंगे और शो में हंसी-मजाक और पुरानी यादों के साथ नई ताजगी लेकर आयेंगे। यह किरदार निभाने पर विपिन हीरो ने कहा कि भाबीजी घर पर हैं' का हिस्सा बनना सपने के जैसा लग रहा है। यह सालों से पसंदीदा शो रहा है और अब मलखान का किरदार निभाना, जोकि दर्शकों के दिलों के करीब है, एक सम्मान की बात है। मैं उत्सुक भी हूं और नर्वस भी। इस तरह के चहेते किरदार के साथ न्याय करना एक बड़ी जिम्मेदारी है। विपिन इस किरदार की अनोखी स्टाइल और कॉमिक टाइमिंग को समझने के लिये पुराने एपिसोड्स बारीकी से देख रहे हैं। उन्होंने कहा, ''मलखान की पहचान उसकी बोलचाल की अनोखी शैली है, जो उसके किरदार की जान है। मैं उसी जादू को पर्दे पर लाने की पूरी कोशिश कर रहा हूं। समय के साथ, मैं इसमें अपनी थोड़ी-बहुत झलक जरूर जोडूंगा, लेकिन किरदार की मूल भावना वही रहेगी, जिसे दर्शकों ने हमेशा पसंद किया है।'' दिलचस्प बात यह है कि यह पहली बार नहीं है जब विपिन ने दिवंगत अभिनेता दीपेश भान द्वारा निभाए गए किसी किरदार को निभाया है। वह बताते हैं कि तीन साल पहले, मैंने एक और शो में दीपेश के किरदार को निभाया था। मुझे कभी नहीं लगा था कि मैं यह दोबारा करूंगा, और वो भी इतने मशहूर किरदार के लिए।



## सत्व सुकुन लाइफकेयर को 49.50 करोड़ के राइट्स इश्यू की मंजूरी

**मुंबई।** घरेलू साज-सज्जा (होम डेकोर ) और विभिन्न सुगंध उत्पाद बनाने वाली कंपनी सत्व सुकुन लाइफकेयर लिमिटेड (बीएसईः 539519) को अपने 49.50 करोड़ रुपए के प्रस्तावित राइट्स इश्यू के लिए बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) से सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है। कंपनी को यह मंजूरी 27 मार्च 2025 को मिली। सत्व सुकुन लाइफकेयर लिमिटेड कंपनी विशेष रूप से कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने, व्यापार विस्तार का समर्थन करने और मौजूदा सहायक कंपनियों में निवेश करने के लिए इस राइट्स इश्यू से शुद्ध आय का उपयोग करने का इरादा रखती है। इसके अलावा, फंड का उपयोग व्यवसाय विस्तार और विविधीकरण के लिए नई सहायक या सहयोगी कंपनियों को बनाने या अधिग्रहण करने या उच्च विकास क्षमता वाली कंपनियों में निवेश करने के लिए किया जाएगा। इस डेवलपमेंट पर सत्व सुकुन लाइफकेयर लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर मीत ब्रह्मभट्ट ने कहा कि "राइट्स इश्यू के लिए बीएसई से सैद्धांतिक मंजूरी प्राप्त करना वास्तव में हमारे लिए एक माइलस्टोन है। हम अपनी बाजार स्थिति को मजबूत करना जारी रखेंगे और बर्नर मैन्युफैक्चरिंग में नवाचार को बढ़ावा देंगे।




सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष:** किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष:** व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती

**मिथुन:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कर्क:** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

**सिंह:** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**तुला:** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक:** आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय

**धनु:** आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर:** माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ:** अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**मीन:** शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

साउथ जोन में ऊर्जीकृत हुआ 50 एमवीए क्षमता का अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर

महानगर के लगभग 50 हजार उपभोक्ताओं को लगातार बिजली आपूर्ति हो सकेगी

# एमपी ट्रांसको ने सुदृढ़ की इंदौर शहर की विद्युत पारेषण व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एमपी ट्रांसको (मप्र पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी) ने इंदौर शहर में गर्मी के मौसम में बढ़ने वाली विद्युत मांग को ध्यान में रखते हुए अपने 220 केवी सब-स्टेशन साउथ जोन में 50 एमवीए का अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित कर उसे ऊर्जीकृत किया है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने बताया कि इस ट्रांसफार्मर को स्थापित करने की अनुमानित लागत 315 लाख रुपए है। यह कदम इंदौर में गर्मी के दौरान विद्युत आपूर्ति को अधिक सुदृढ़ और विश्वसनीय बनाने की दिशा में उठाया गया है। इस अतिरिक्त व्यवस्था से इंदौर शहर के लगभग 50 हजार विद्युत उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण और सतत बिजली आपूर्ति संभव हो सकेगी।



### इंदौर में इन क्षेत्रों को मिलेगा फायदा

ट्रांसफार्मर के ऊर्जीकृत होने से 220 केवी सब-स्टेशन साउथ जोन की कुल क्षमता बढ़कर 906 एमवीए की हो गई है। यह प्रदेश में इंदौर क्षेत्र के पीथमपुर सब-स्टेशन के साथ ऐसा दूसरा सब-स्टेशन है जहां 132/33 केवी क्षमता के 5 पॉवर ट्रांसफार्मर क्रियाशील है। एमपी ट्रांसको की इस नई व्यवस्था से इंदौर के राजेन्द्र नगर, नवलखा, डेली कॉलेज, पीथमपुर, पागनीस पागा, राउ, सब्जी मंडी क्षेत्रों को लाभ होगा।

### एमपी ट्रांसको की ट्रांसफार्मेशन कैपेसिटी हुई 82011 एमवीए


मप्र में एमपी ट्रांसको (मध्य प्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी) अपने 417 सब स्टेशनों के माध्यम से विद्युत पारेषण करती है। इस क्षमता वृद्धि से मप्र पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी की कुल ट्रांसफार्मेशन क्षमता बढ़कर 82011 एमवीए की हो गई है। इसमें 132 केवी में 36541 एमवीए., 220 केवी में 33590 एमवीए एवं 400 केवी में 11880 एमवीए क्षमता शामिल है। प्रदेश में एमपी ट्रांसको (मप्र पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी) के कुल 1029 पॉवर ट्रांसफार्मर क्रियाशील हैं।

### इंदौर शहर की ट्रांसफारमेशन कैपेसिटी में बढ़ोतरी

पॉवर ट्रांसफार्मर के स्थापना के बाद इंदौर शहर की कुल ट्रांसफार्मेशन कैपेसिटी में भी बढोतरी हुई है, जो अब बढ़कर 3336 एमवीए की हो गई है। इंदौर शहर में एमपी ट्रांसको (मप्र पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी) अपने 400 केवी के एक सब-स्टेशन इंदौर, 220 केवी के तीन सब-स्टेशन साउथ जोन इंदौर, इंदौर ईस्ट बिचौली, मांगलिया तथा 132 केवी के आठ सब स्टेशन सत्यसांई, इलेक्ट्रिानिक्स कॉम्पलेक्स, निरंजनपुर, राउखेड़ी, महालक्ष्मी नगर जीआईएस, इंदौर पश्चिम, (नवदापंथ) तथा राऊ एकस्ट्रा हाईटेंशन सब-स्टेशनों के माध्यम से विद्युत पारेषण करती है।

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

## शब्द पहेली - 5852



**बाएँ से दाए-**

1. जानकारी-4
4. मांसाहार का उलट-4
8. 'जुम्मा चुम्मा दे दे' गीत वाली फिल्म-2
9. कायाकल्प-5
10. पिता के छोटे भाई-2
13. कहानी लिखने वाला-5
15. नाम रखना-5
17. बेवक्त, अकाल-5
20. प्रयास, कोशिश-5
23. टोंटी, नलका-2
24. कामदेव, पुष्कर-2,3
25. डर, भय-4
28. शोर-शराबा-4
29. बेवफा, व्यभिचारी-4

**ऊपर से नीचे**

2. बिंदु, बिंदी, शून्य-2
3. गोलाकार-3
4. सम्मिलित होना-3,2
5. घाटा, नुकसान-2
6. मूर्ख, बेवकूफ-4
7. बिना कारण, बेवजह-4
11. राजा की पत्नी-2
12. वहम, संदेह-2
14. दुर्घटना-3
16. खाना बनाने की जगह, किचन-3
17. एकाएक, सहसा-4
18. अलमस्त-2
19. कमल ककड़ी, कमल डंडी-3,2
20. आरामदायी-5
21. सम्मान-2
22. भलमानसता-4
26. सद्, अच्छा-2
27. मृत्यु, प्रारब्ध, न्याय निर्णय-2

**शब्द पहेली -5851 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5862

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | 3 |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | 7 | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| 6 | | | 2 | | | 7 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5861 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |




## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| बेंगलुरु | 10 | 7 | 3 | 14 |
| मुंबई | 10 | 6 | 4 | 12 |
| गुजरात | 9 | 6 | 3 | 12 |
| दिल्ली | 9 | 6 | 3 | 12 |
| पंजाब | 9 | 5 | 3 | 11 |
| लखनऊ | 10 | 5 | 5 | 10 |
| कोलकाता | 9 | 3 | 5 | 7 |
| राजस्थान | 10 | 3 | 7 | 6 |
| हैदराबाद | 9 | 3 | 6 | 6 |
| चेन्नई | 9 | 2 | 7 | 4 |

ऑरेंज कैप



साई सुदर्शन
456 रन
गुजरात

पर्पल कैप



जोश हेजलवुड
18 विकेट
बेंगलुरु

## खबर संक्षेप

### आईएम विजयन को डिप्टी कमांडेंट के पद पर पदोन्नत किया गया



**तिरुवनंतपुरम।** केरल सरकार ने भारतीय फुटबॉल के दिग्गज खिलाड़ी आई एम विजयन के लिए मालाबार स्पेशल पुलिस बटालियन में डिप्टी कमांडेंट का अतिरिक्त पद सृजित करने और खेल में उनके योगदान को देखते हुए उन्हें इस पद पर नियुक्त करने का आदेश पारित किया। विजयन वर्तमान में मालाबार विशेष पुलिस बटालियन में सहायक कमांडेंट हैं। यह आदेश विजयन के पुलिस से सेवानिवृत्त होने से एक दिन पहले आया है। विजयन को पद्मश्री से सम्मानित किया गया है और वह केरल पुलिस फुटबॉल टीम के निदेशक भी हैं। वह अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के तकनीकी समिति के प्रमुख भी हैं।

### सुदीरमन कपः इंडोनेशिया से हारकर बाहर हुआ भारत



**शियामेन।** लंबे समय से खराब लय में चल रहे एचएच प्रणय और ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने एक बार फिर निराश किया जिससे भारत मंगलवार को ग्रुप डी के मैच में इंडोनेशिया से 1-3 से पिछड़ने के साथ ही बीडब्ल्यूएफ सुदीरमन कप फाइनल से बाहर हो गया। भारत को इससे पहले रविवार को अपने शुरुआती मैच में डेनमार्क से 1-4 से हारने के बाद नॉकआउट चरण की दौड़ में बने रहने के लिए इस मुकाबले में जीत की जरूरत थी। इस हार ने इंग्लैंड के खिलाफ भारत के आखिरी ग्रुप मैच को महत्वहीन बना दिया है। इंग्लैंड भी टूर्नामेंट से बाहर हो गया है। अपने शुरुआती मैच में इंग्लैंड को 5-0 से हराने वाले इंडोनेशिया और डेनमार्क ने ग्रुप डी से नॉकआउट चरण में अपनी जगह पक्की की। डेनमार्क ने भी मंगलवार को इंग्लैंड को 5-0 से शिकस्त दी। डेनमार्क के खिलाफ महिला और पुरुष एकल मैच में हार का सामना करने वाले क्रमशः सिंधू और प्रणय इंडोनेशिया के अपने प्रतिद्वंद्वियों की चुनौती से पार नहीं पा सके।

### ओलंपिक पदक विजेता भाकर, कुसाले म्यूनिख विश्व कप के लिए भारतीय टीम में

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक के सितारे मनु भाकर और स्वप्निल कुसाले को मंगलवार को एशियाई खेलों की मौजूदा चैंपियन पलक के साथ आठ जून से शुरू होने वाले आईएसएसएफ राइफल, पिस्टल विश्व कप के म्यूनिख चरण के लिए 23 सदस्यीय भारतीय टीम में शामिल किया गया। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ ने टीम की घोषणा की, जिसमें भाकर दो व्यक्तिगत स्पर्धाओं (महिलाओं की 10 मीटर और 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा) में जगह बनाने वाली एकमात्र सदस्य हैं।

### भारत, श्रीलंका व दक्षिण अफ्रीका महिला क्रिकेट टीम के बीच चल रही त्रिकोणीय सीरीज

# प्रतिका, हरमन, जेमिमा-स्मृति ने बरपाया कहर, दक्षिण अफ्रीका को 15 रन से हराया


एजेंसी ▶▶| कोलंबो

इस समय खेली जा रही त्रिकोणीय सीरीज 2025 में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने अपने दूसरे मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका महिला क्रिकेट टीम को 15 रन से हराते हुए लगातार दूसरी जीत दर्ज की। कोलंबो में खेले गए मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 276/6 का स्कोर बनाया। जवाब में दक्षिण अफ्रीकी टीम तजमीन ब्रिट्स के शतक (109) के बावजूद 261 रन पर ढेर हुई।

### भारत की अच्छी शुरुआत

भारत को प्रतिका रावल (78) और स्मृति मंधाना (36) ने अच्छी शुरुआत दिलाई। वहीं मध्यक्रम में हरमनप्रीत कौर (41) और जेमिमा रोड्रिग्स (41) ने उम्दा पारियां खेलते हुए टीम का स्कोर 250 के पार पहुंचाया। जवाब में दक्षिण अफ्रीका से लौरा वोल्वार्ड्ट (43) और शतकवीर ब्रिट्स (108) ने 140 रन की साझेदारी की। हालांकि, इन दोनों के अलावा अन्य कोई बल्लेबाज बड़ी पारी खेलने में नाकाम रही और टीम को शिकस्त मिली। भारत से स्नेह राणा ने 5 विकेट लिए।





### स्नेह राणा ने पहली बार चटकाए 5 विकेट

भारत की जीत में स्नेह राणा की अहम भूमिका रही। इस ऑफ स्पिनर ने अपने 10 ओवर के कोटे में 43 रन देते हुए 5 विकेट लिए। उन्होंने लारा गुडाल और ब्रिट्स जैसी प्रमुख बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखाई। यह राणा का वनडे क्रिकेट में पहला 5 विकेट हॉल रहा। उनके नाम अब 29 मैचों में 29.00 की औसत और 4.58 की इकॉनमी रेट से 37 विकेट लिए हैं।

### प्रतिका ने लगातार दूसरा अर्धशतक लगाया

भारत की सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल ने त्रिकोणीय सीरीज 2025 में लगातार दूसरा अर्धशतक लगाया। उन्होंने 51 गेंदों में 78 रन की पारी खेली, जिसमें 7 चौके और 1 छक्का शामिल रहा। इस बीच उन्होंने मंधाना के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 83 रन भी जोड़े। रावल के वनडे करियर का यह 5वां और लगातार दूसरा अर्धशतक रहा। उन्होंने अपने युवा करियर में 8 पारियों में 81.71 की औसत के साथ 572 रन बनाए हैं।

### तजमीन ब्रिट्स ने लगाया शतक

दक्षिण अफ्रीका की अनुभवी बल्लेबाज तजमीन ब्रिट्स ने अपने वनडे करियर का तीसरा शतक लगाया। उन्होंने 107 गेंदों में 109 रन की संघर्षपूर्ण पारी खेली, जिसमें 13 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। उनके अब तक के करियर में 31 मैचों में 25.87 की औसत और 72.96 की स्ट्राइक रेट के साथ 885 रन हो गए हैं। इस बीच उन्होंने 1 शतक और 3 अर्धशतक लगाए हैं।

### नौसेना हाफ मैराथन विजेता रामेश्वर मुंजाल डोपिंग के कारण पांच साल के लिए प्रतिबंधित

**नई दिल्ली।** नौसेना के धावक रामेश्वर मुंजाल को मंगलवार को विश्व एथलेटिक्स की एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट ने प्रतिबंधित पदार्थों की जांच में पॉजिटिव आने के बाद पांच साल का प्रतिबंध लगा दिया। उनके प्रतिबंध की अवधि 14 अप्रैल, 2025 (अनंतिम निलंबन की तिथि) से शुरू हुई। मुंजाल ने पिछले साल आठ दिसंबर को मुंबई में नौसेना हाफ मैराथन का खिताब जीता था। लेकिन अब उनसे यह खिताब छीन लिया गया है क्योंकि प्रतियोगिता के दौरान उनके नमूने में एरिथ्रोपीटिन और दरबेपोएटिन पाया गया था। यह दोनों प्रतिबंधित पदार्थ की सूची में आते हैं।

सम्मान

# पृथ्वी शॉ बने मुंबई लीग के आइकन खिलाड़ी



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

क्रिकेटर पृथ्वी शॉ के लिए आईपीएल 2025 का ऑक्शन निराशाजनक रहा लेकिन अब उन्हें एक बड़ा सम्मान मिला है। टी-20 लीग तीसरे सीजन के लिए मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने आइकन खिलाड़ियों की लिस्ट जारी की है। इसमें लगातार टीम से बहर चल रहे पृथ्वी शॉ को आइकन खिलाड़ियों की लिस्ट में शामिल किया गया है। इस सूची में उनके साथ श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव और अजिंक्य रहाणे जैसे दिग्गज भी हैं।

लगभग 6 साल बाद वापसी कर रही टी20 मुंबई लीग में पृथ्वी शॉ को आइकन खिलाड़ी बनाया गया है। उनके साथ इस सूची में शामिल अन्य खिलाड़ी आईपीएल में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। सूर्यकुमार यादव ने मुंबई इंडियंस के लिए 10 मैचों में 427 रन बनाए हैं।

### 26 मई से 8 जून तक चलेगी लीग

26 मई से 8 जून तक चलने वाली इस लीग में पृथ्वी के अलावा शिवम दुबे, तुषार देशपांडे, शार्दुल ठाकुर और सरफराज खान भी आइकन खिलाड़ी होंगे। बता दें कि पिछले कुछ समय से शॉ के बल्ले से रन नहीं निकले हैं लेकिन इसके बाद भी उन्हें इसमें शामिल किया गया है।

### टी20 मुंबई लीग 2025 के आइकन खिलाड़ी

श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, अजिंक्य रहाणे, पृथ्वी शॉ, शार्दुल ठाकुर, तुषार देशपांडे, शिवम दुबे, सरफराज खान।

### पृथ्वी शॉ का उतार-चढ़ाव भरा रहा है करियर

महज 25 साल के पृथ्वी शॉ का क्रिकेट करियर उतार-चढ़ाव से भरा रहा है। दिल्ली कैपिटल्स ने उन्हें आईपीएल 2025 के ऑक्शन से पहले रिलीज कर दिया था। ऑक्शन में कोई भी फ्रेंचाइजी ने उन पर दांव नहीं लगाया। कई फैंस को लगता था कि चेन्नई सुपर किंग्स में ऋतुराज गायकवाड़ की जगह पृथ्वी फिट हो सकते थे लेकिन सीएसके ने युवा आयुष म्हात्रे को चुना। हालांकि, पृथ्वी ने पिछले सीजन में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में मुंबई के लिए 9 मैचों में 197 रन बनाए और टीम को चैंपियन बनाने में मदद की।

# आईपीएल 2028 में हो सकते हैं 94 मैच, बीसीसीआई ने योजना पर शुरू किया काम



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इसका विस्तार करने की योजना पर काम शुरू कर दिया है। इसके तहत आईपीएल 2028 में कुल 94 मैच आयोजित किए जा सकते हैं। वर्तमान में आईपीएल में कुल 74 मैच कराए जा रहे हैं। हालांकि, बीसीसीआई मैचों की संख्या में बढ़ोतरी टीमों की संख्या बढ़ाए बिना ही करने पर विचार कर रही है। आईपीएल के चेयरमैन अरुण धूमल ने इसके संकेत दिए हैं।

### धूमल ने क्या दिया है बयान?

धूमल ने कहा, बीसीसीआई अगले मीडिया-राइट्स चक्र के लिए पूर्ण होम-एंड-अवे 94 मैच प्रारूप के विस्तार पर गंभीरता से विचार करेगा, जो 2028 में शुरू होगा। हम आईसीसी और बीसीसीआई से इस पर चर्चा कर रहे हैं। टी-20 क्रिकेट के प्रति प्रशंसकों की बदलती रुचि को देखते हुए हमें इस बारे में गंभीरता से बात करनी होगी। हम एक बड़ी विंडो चाहते हैं और मैचों की संख्या 74 से 84 या 94 तक ले जाना चाहते हैं।

### हर टीम को खेलने को मिलेंगे अधिक मैच- धूमल

धूमल ने कहा, हर टीम को हर टीम के खिलाफ घरेलू और बाहरी मैदान पर खेलने का पूरा मौका देने के लिए आपको 94 मैचों की जरूरत है। द्विपक्षीय क्रिकेट और आईसीसी आयोजनों के संबंध में हमारे पास जो समय और प्रतिबद्धताएं हैं, उन्हें देखते हुए यह अल्पावधि में संभव नहीं हो सकता है। हालांकि, मौजूदा परिदृश्य को देखते हुए इसकी मांग बढ़ रही है। शायद किसी समय हम इस विकल्प पर विचार करेंगे और इसे अपनाएंगे।

### इसी आईपीएल में थी 84 मैच कराने की योजना

बता दें कि आईपीएल 2025 में 84 मैचों की योजना थी, लेकिन इसमें देरी होने के कारण इस प्रारूप को अपनाया नहीं गया। आईपीएल 2008 में 8 टीमों के साथ मैचों की संख्या 59 थी, जो 2011 में 10 टीमों के साथ 74 पर पहुंच गई। हालांकि, 2012 और 2013 में 9 टीमों पर 76 मैच कराए गए।


## कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा, जिला- रीवा (म.प्र.)

क्रमांक 458/ई-टेंडर/राजस्व/न.पा.नि./2025 — **निविदा सूचना** — रीवा, दिनांक 20-02-2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम रीवा के स्वामित्व के वार्ड क्रमांक 14 में स्थित प्रमोटर बिल्डर्स गंगोत्री कालोनी योजना क्र.08 (शिल्पी कुंज) में भूतल में निर्मित व्यावसायिक काम्पलेक्स की ऊपरी छत (प्रथम तल) 1070.85 वर्गमीटर के 30 वर्षीय अंतरण हेतु आरक्षित मूल्य (प्रीमियम) तथा अचल सम्पति का वार्षिक पट्टा-भाटक पर म.प्र. नगरपालिका (अचल सम्पति का अंतरण) नियम 2016, संशोधित नियम 2021 एवं संशोधित नियम 2023 के तहत निविदा आमंत्रित की जाती है। कोई भी ईच्छुक व्यक्ति/निविदाकार/फर्म ऑन लाईन ई-टेण्डरिंग पोर्टल www.mptenders.gov.in में निर्धारित पोर्टल शुल्क, निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं अमानत राशि ऑनलाईन जमा कर निबिदा में भाग ले सकता है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट htttps://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक तथा NIT क्रमांक / दिनांक | कार्य का नाम | निर्धारित न्यूनतम प्रीमियम | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_UAD_404262_2 29.04.2025 [SECOND CALL] 458/20.02.2025 | नगर पालिक निगम रीवा के स्वामित्व के वार्ड क्रमांक 14 में स्थित प्रमोटर बिल्डर्स गंगोत्री कालोनी योजना क्र.08 (शिल्पी कुंज) में भूतल में निर्मित व्यावसायिक काम्पलेक्स की ऊपरी छत (प्रथम तल) के 30 वर्षीय लीज पर अंतरण किए जाने बावत्। | रू. 28900000/- | रू. 15000/- रू. 144500/- | 16.05.2025 18:00 बजे तक। |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन htttps://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

आयुक्त
नगर पालिक निगम रीवा (म.प्र.)



## बैंक ऑफ महाराष्ट्र

जबलपुर अंचल कार्यालयः राईट टाउन, जबलपुर- 482001, फोनः 0761-2480065 ई-मेलः dzmjabalpur@mahabank.co.in
प्रधान कार्यालय - लोकमंगल 1501, शिवाजीनगर, पुणे - 5

### आधिपत्य नोटिस (स्थावर सम्पत्ति) नियम 8 (1)

अधोहस्ताक्षरकर्ता बैंक ऑफ महाराष्ट्र का प्राधिकृत अधिकारी होते हुये वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) सपठित नियम 8 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के साथ प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये निम्नलिखित ऋणधारियों एवं जमानतदारों को बकाया देय राशि सहित 60 दिनों की समयावधि में भुगतान करने हेतु नोटिस दिया गया था।
ऋणग्रहिता राशि का भुगतान करने में असफल रहा, ऋण ग्रहिताओं और सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 13(4) सपठित उक्त नियम (8) के साथ उपरोक्त वर्णित संपत्तियों को अधिग्रहण कर लिया गया है। बैंक को बंधक की गई संपत्ति का विवरण, आधिपत्य आदि की जानकारी इस प्रकार है :-

| क्र. | ऋणी एवं जमानतदार का नाम व पता | नोटिस के अनुसार बैंक को देय राशि | बंधक रखी अचल सम्पत्ति का विवरण | मांग नोटिस दिनांक / कब्जा दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1. | शाखा - बेनीखेड़ा उधारकर्ता - श्री इंद्र कुमार ठाकुर | Rs.1608763/- (Rupees Sixteen Lakh Eight Thousand Seven Hundred Sixty Three only) plus applicable unapplied interest + penal interest thereon and other charges and expenses w.e.f 18.02.2025 | अचल सम्पत्ति के समस्त भू-भाग व अंश जो मौजा - गढ़ा, डायवर्टेड प्लॉट नंबर 16, खसरा नंबर 80/1/2 का भाग, एनबी 599, पीएच नंबर 28/33, न्यू 6 गढ़ा, आरआईसी गढ़ा तहसील- गोरखपुर, जिलाः जबलपुर सीमाबद्ध :- उत्तर:- प्लॉट नंबर 15, दक्षिण:- प्लॉट नंबर 17, पूर्व:- प्लॉट नंबर 18, पश्चिम:- साइड रोड संपत्ति के मालिकः श्री इंद्र कुमार ठाकुर CERSAI एसेट आईडीः 200073429592 | 18.02.2025 / 28/04/2025 |

ऋणग्रहिताओं/बंधककर्ताओं को विशिष्टतः और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा उपरोक्त संपत्तियों के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्तियों के साथ कोई व्यवहार उपरोक्त खातों की वर्णित राशि एवं उस पर देय ब्याज के लिये बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्रभार के अनुसार होगा। ऋण ग्रहिताओं का ध्यान सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 8(13) की ओर बंधक सम्पत्ति को वापस लेने हेतु आकर्षित किया जाता है।

स्थान - जबलपुर, दिनांकः 30/04/2025 — प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ महाराष्ट्र



## कार्यालय, अधीक्षक सब जेल अमरवाडा जिला छिन्दवाड़ा म.प्र.

Email - Jssjamarwara@mp.gov.in,

क्रमांक / 598 / निर्वाह / 2025 — ई-टेण्डरिंग चतुर्थ निविदा वित्तीय वर्ष 2025-26 — अमरवाडा, दिनांक 27/04/25

mptenders.gov.in के माध्यम से ई-निविदा सूचना ( चतुर्थ आमंत्रण)

जेल मुख्यालय, म.प्र. भोपाल का पत्र क्रमांक 109 / निर्वाह शाखा / 25, दिनांक 02.01.2024 एवं अधीक्षक, केन्द्रीय जेल नरसिंहपुर का पत्र क्रमांक 361 / निर्वाह शाखा / 25, दिनांक 10.01.2025 निदेर्शानुसार कार्यालय अधीक्षक, सब जेल अमरवाडा जिला छिन्दवाड़ा जेल में परिरूद्ध बंदियों हेतु म.प्र. जेल पूर्ति नियम- 1968 तथा म.प्र भण्डार क्रय नियम-2015 (यथा संशोधन - 2022 ) के तहत खण्ड-1 दवाईयाँ, खण्ड -2 विद्युत सामग्री एवं खण्ड -3 भवन निर्माण / मरम्मत सामग्री की चतुर्थ वार्षिक निविदाएं ई-टेंडर के माध्यम से दिनांक 22. 04.2025 को शाम 05:30 बजे तक www.mptenders.gov.in बेवसाईड पर ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है। निविदा कार्यक्रम विवरण निम्नानुसार है :-

| विवरण | दिनांक एवं समय | स्थान |
|---|---|---|
| ऑन लाईन निविदा प्रकाशन | 28.04.2025 | कार्यालय केन्द्रीय जेल नरसिंहपुर |
| प्रिबिड मीटिंग | 03.05.2025 | कार्यालय सब जेल अमरवाडा |
| ऑनलाईन फार्म जमा करने की अंतिम तिथि, निविदा फार्म की निविदा हेतु 1000/- रुपए प्रति फार्म राशि ऑनलाईन शीर्ष 0056-800 अन्य प्राप्तियाँ में जमा किया जाएगा। | 13.05.2025 को समय 05.30 बजे तक | mptenders.gov.in से प्राप्त किया जा सकता है। |
| ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 14.05.2025 को सायंकाल 05:30 बजे तक | बेवसाईड mptenders.gov.in पर स्वीकार की जावेगी। |
| तकनीकी निविदा (आवश्यक दस्तावेज) एवं नमूनों की गुणवत्ता परीक्षण | 15.05.2025 को प्रातः 01:00 बजे तक | कार्यालय अधीक्षक सब जेल अमरवाडा जिला छिन्दवाडा म.प्र. |
| ऑन लाईन निविदा खोलने की तिथि | 16.05.2025 को दोपहर 12:30 बजे तक | कार्यालय अधीक्षक सब जेल अमरवाडा जिला छिन्दवाडा म.प्र. |

निविदा फार्म एवं निविदा से संबंधित जानकारी www.mptenders.gov.in बेवसाईड से पर भी देखी जा सकती है। निविदा फार्म दर्शित बेवसाईड पर क्रेडिट कार्ड या ऑन लाईन पेमेन्ट कर क्रय किया जा सकता है।

अधीक्षक
सब जेल अमरवाडा जिला छिन्दवाडा

G-12171/25 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"



## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

### ई-निविदा सूचना
### विभिन्न अभियांत्रिकी कार्य

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उन की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:

**1. निविदा क्र.:** ई/01/एनजीपी/2025-2026 **कार्य का नाम: (1)** बोरतलाव में ट्रैक मशीन साइडिंग में सुविधाओं का प्रावधान। **(2)** डोंगरगढ़ में कम्युनिटी हॉल में सुधार। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 90,81,929/- **बयाना राशि:** ₹ 1,81,600/-

**2. निविदा क्र.:** ई/02/एनजीपी/2025-2026 **कार्य का नाम: (1)** ADEN, गोंदिया के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत नियंत्रण LC क्र. 499 और अन्य RUB पर साइड ड्रेन, रोड सरफेसिंग आदि उपलब्ध कर LHS/RUB का सुधार। **(2)** ADEN, गोंदिया के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत LC क्र. 497 पर कवर शेड, साइड नालियां आदि प्रदान करके LHS/RUB का सुधार। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 4,49,99,256/- **बयाना राशि:** ₹ 3,75,000/-

**3. निविदा क्र.:** ई/03/एनजीपी/2025-2026 **कार्य का नाम:** नागपुर मंडल के डोंगरगढ़ में गुड्स शेड का उन्नयन / आधुनिकीकरण। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 3,69,01,194/- **बयाना राशि:** ₹ 3,34,500/-

**4. निविदा क्र.:** ई/04/एनजीपी/2025-2026 **कार्य का नाम:** मंदिर ट्रस्ट डोंगरगढ़ (DGG) के संबंध में कि.मी. 928/35-37 के बीच पैदल यात्री सबवे आकार (3.50 x 3.0 मीटर) का निर्माण। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 2,21,13,337/- **बयाना राशि:** ₹ 2,60,600/-

**5. निविदा क्र.:** ई/05/एनजीपी/2025-2026 **कार्य का नाम:** ADEN, डोंगरगढ़ (DGG) के अधिकार क्षेत्र में तीसरे लाइन सेक्शन में PJB से BTL के बीच कि.मी. 935.533 (यार्ड को छोड़कर) से कि.मी. 944.438 (यार्ड को छोड़कर) तक बचा हुआ सिविल कार्य।। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 1,97,77,233/- **बयाना राशि:** ₹ 2,48,900/-

उपरोक्त निविदाओं के लिए बोलीदाता अपनी मूल/संशोधित बोलियां दि. **16.05.2025** के **15:00** बजे तक जमा कर सकते है। इन निविदाओं के अंतर्गत मैन्युअल ऑफर्स की अनुमति नहीं है और मैन्युअल ऑफर्स को अस्वीकार कर दिया जाएगा। अन्य विवरण वेब-साइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

वरिष्ठ मंडल अभियंता (पूर्व),
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर

PC/04-16

स्वच्छ भारत अभियान — एक कदम स्वच्छता की ओर



## कार्यालय कलेक्टर जबलपुर

क्रमांक / 2550/ जि. ना. / 2025 — **निविदा** — जबलपुर, दिनांक 25/04/2025

कार्यालय कलेक्टर जबलपुर में राजस्व अभिलेखागार में अभिलेखों को सु-व्यवस्थित रखे जानो हेतु पालीथीन एवं प्लास्टिक बॉक्स कय के संबंध में समस्त संस्था / विक्रेताओं से निविदा बंद लिफाफे में निम्नलिखित समय सारणी अनुसार आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | विवरण | तिथि / समय |
|---|---|---|
| 1 | निविदा फार्म प्राप्त करने की प्रारंभिक तिथि | 28/04/2025 को सुबह 10:30 बजे से |
| 2 | निविदा फार्म प्राप्त करने की अंतिम तिथि | 08/05/2025 को सायं 5:00 बजे तक |
| 3 | निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि | 09/05/2025 को दोपहर 1:00 बजे तक |
| 4 | निविदा फार्म खोलने की तिथि | 09/05/2025 को दोपहर 3:00 बजे |

निविदा प्रपत्र कार्यालयीन समय (अवकाश दिवसों को छोड़कर) कार्यालय कलेक्टर जबलपुर कक्ष क. - 48 नाजरात शाखा से निविदा फार्म प्राप्त किया जा सकता है तथा बेबसाईड www.jabalpur.nic.in पर उक्त निविदा हेतु निर्धारित शर्तो को देखा जा सकता है।
(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित) "स्वच्छता ही सेवा" संयुक्त कलेक्टर जबलपुर
G-12163/25



## कार्यालय वन मंडल अधिकारी, सामान्य वनमंडल कटनी

मो. 9424792725, Email: dfotkatn@mp.gov.in
महाराणा प्रताप वार्ड, राष्ट्रीय राजमार्ग क्र.- 7, जबलपुर रोड, झिंझरी कटनी (म.प्र.) 483501

### सामग्री क्रय हेतु निविदा आमंत्रण सूचना
### ई - निविदा विज्ञप्ति

कटनी वनमंडल के अंतर्गत वर्ष 2025 - 26 विभिन्न योजना अंतर्गत अधीनस्थ परिक्षेत्रों में वृक्षारोपण क्षेत्र तैयारी कार्य, भवन निर्माण हेतु **गिट्टी एवं डस्ट** क्रय सामग्री क्रय करने के लिए प्रदायकताओं से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दस्तावेज मध्य प्रदेश के www.mptenders.gov.in में प्रकाशन दिनॉक से दिनॉक 19.05.2025 को सायं 05.00 बजे तक ऑनलाईन क्रय किये जा सकते है।

| क्र. | विवरण | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रपत्र की उपलब्धता | निविदा प्रपत्र बेवसाइड www.mptenders.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| 2 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 500/- रुपए (पांच सौ रुपए मात्र) |
| 3 | धरोहर राशि | 1,20,000/- (रुपए एक लाख रुपए मात्र) |
| 4 | निविदा प्रपत्र की ऑनलाईन उपलब्धता | www.mptenders.gov.in में प्रकाशन दिनॉक से |
| 5 | प्री-बिड मीटिंग | दिनॉक 12.05.2025 को दोपहर 12.00 बजे से |
| 6 | ऑनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथी एवं समय | दिनांक 19.05.2025 को सायं 05:00 बजे तक |
| 7 | निविदा खोलने की तिथी व समय | दिनॉक 20.05.2025 को सायं 05:00 बजे |

G-12165/25 "स्वच्छता ही सेवा"
( गौरव शर्मा )
भा.व.से. वन मंडल अधिकारी,
सामान्य वनमंडल कटनी



## कार्यालय वन मंडल अधिकारी, सामान्य वनमंडल कटनी

मो. 9424792725, Email: dfotkatn@mp.gov.in
महाराणा प्रताप वार्ड, राष्ट्रीय राजमार्ग क्र.- 7, जबलपुर रोड, झिंझरी कटनी (म.प्र.) 483501

### सामग्री क्रय हेतु निविदा आमंत्रण सूचना
### ई - निविदा विज्ञप्ति

कटनी वनमंडल के अंतर्गत वर्ष 2025 - 26 विभिन्न योजना अंतर्गत अधीनस्थ परिक्षेत्रों में वृक्षारोपण क्षेत्र तैयारी कार्य, भवन निर्माण हेतु **सीमेंट** क्रय सामग्री क्रय करने के लिए प्रदायकताओं से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दस्तावेज मध्य प्रदेश के www.mptenders.gov.in में प्रकाशन दिनॉक से दिनॉक 19.05.2025 को सायं 05.00 बजे तक ऑनलाईन क्रय किये जा सकते है।

| क्र. | विवरण | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रपत्र की उपलब्धता | निविदा प्रपत्र बेवसाइड www.mptenders.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| 2 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 500/- रुपए (पांच सौ रुपए मात्र) |
| 3 | धरोहर राशि | 1,00,000/- (रुपए एक लाख रुपए मात्र) |
| 4 | निविदा प्रपत्र की ऑनलाईन उपलब्धता | www.mptenders.gov.in में प्रकाशन दिनॉक से |
| 5 | प्री-बिड मीटिंग | दिनॉक 12.05.2025 को दोपहर 12.00 बजे से |
| 6 | ऑनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथी एवं समय | दिनांक 19.05.2025 को सायं 05:00 बजे तक |
| 7 | निविदा खोलने की तिथी व समय | दिनॉक 20.05.2025 को सायं 05:00 बजे |

G-12158/25 "स्वच्छता ही सेवा"
( गौरव शर्मा )
भा.व.से. वन मंडल अधिकारी,
सामान्य वनमंडल कटनी


विजय नगर थाना क्षेत्र का मामला, पीड़ित दंपत्ति ने दर्ज कराई

# इंजेक्शन देख रोई मासूम बच्ची को चिकित्सक ने जड़ा थप्पड़!

हरिभूमि, जबलपुर।

विजय नगर थानांतर्गत कॉफी हाउस के पीछे स्थित एडवांस एंडोस्कोपी एंड सर्जिकल सेंटर के चिकित्सक के खिलाफ एक मासूम बच्ची के साथ बदसलूकी कर थप्पड़ मारने का आरोप लगाया गया हैं। चिकित्सक डॉ. गोपाल तीर्थानी के पास पानदरीबा, निवासी एक महिला अधिवक्ता अपने पति के साथ अपनी 8 साल की नाबालिग बेटी आयुषी जैन (परिवर्तित नाम) का उपचार कराने गए थे।

आयुषी की लेजर सर्जरी की सलाह स्वयं डॉ. तीर्थानी द्वारा दी गई थी। जैन दंपत्ति का आरोप हैं कि डॉ. तीर्थानी द्वारा ऑपरेशन के पूर्व एक इंजेक्शन देने के दौरान मासूम आयुषी रोने लगी, बच्ची के रोने पर चिकित्सक को इतना गुस्सा आया कि उन्होंने मासूम बच्ची के बाएं गाल पर जोरदार थप्पड़ रसीद कर दिया गया। दंपत्ति का आरोप हैं कि डॉ. तीर्थानी ने आयुषी को इतनी जोर से थप्पड़ मारा कि वह बुरी तरह रोने लगी और उसे देखकर उसकी माँ को भी रोना आ गया। बच्ची को थप्पड़ मारने के बाद आरोपी चिकित्सक द्वारा बच्ची की माँ को ऑपरेशन थिएटर के बाहर जाने के लिए कहा गया। दंपत्ति के विरोध जताने के बावजूद कथित तौर पर डॉ. तीर्थानी ने अपनी गलती नहीं मानी न हीं बच्ची और उसके अभिभावकों से माफी मांगी उल्टे उन्हे ही बातें सुनाते रहें। नाराज दंपत्ति इस मामले में एफआईआर दर्ज कराने विजय नगर थाने पहुंचे लेकिन यहां बिजली गुल होने की वजह से वे एफआईआर दर्ज नहीं करा सके। जिस पर थाने में वे हस्ताक्षरित शिकायत देकर वापस लौटे। शिकायत में पीड़ित बच्ची आयुषी की माँ ने आरोपी चिकित्सक डॉ. तीर्थानी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के साथ ही उनका लाइसेंस निलंबित करने की मांग की हैं ताकि इस तरह का कथित तौर पर क्रूरतम व्यवहार वे किसी अन्य बच्चों के साथ न कर सकें। उन्होंने इंडियन मेडीकल एसोसिएशन और सीएमएचओ से इस मामलें की शिकायत भी की है। उधर डॉक्टर ने अपने बचाव में कहा है कि बच्ची के हाथ पैर चलाने से उन्हें लग गया, जबकि बच्ची की मां का कहना है कि इंजैक्शन की निडिल ही नहीं खुली थी तो लगने का सवाल ही नहीं उठता। बहरहाल डॉक्टरों को धरती का भगवान कहा जाता है। डॉक्टर के व्यवहार इस तरह का होना चाहिए कि मरीज का दर्द ऐसे ही दूर हो जाए। बहुत से चिकित्सकों का मधुर व्यवहार मरीजों का आधा मर्ज ठीक कर देता है लेकिन कुछ चिकित्सक अपने क्रूर रवैए से पूरे डॉक्टर पेशे को बदनाम करने में तुले है।





## चिकित्सक ने मांगी माफी

इधर डॉ. तीर्थानी ने कहा कि जैन दंपत्ति को वे काफी समय से जानते हैं और किसी करीबी के माध्यम से ही वे उपचार कराने के लिए उनके पास पहुंचे थे। डॉ. तीर्थानी ने स्वीकारा की लेजर ऑपरेशन की उन्हीं के द्वारा सलाह दी गई थी। बच्ची को ऑपरेशन के दौरान डर न लगे इसलिए उसकी माँ को भी ऑपरेशन थिएटर में रहने के लिए कहा गया था। डॉ. तीर्थानी का कहना हैं कि जो इंजेक्शन बच्ची को लगना था बच्ची के विरोध की वजह से वह उनके हाथ में लग गया। जिसके बाद उन्होंने बच्ची का मुंह पकडने का प्रयास किया जिस पर उसकी माँ को ऐसा लगा कि वे थप्पड़ मार रहे हैं। उन्होंने कहा कि 8 साल की बच्ची को उन्होंने थप्पड़ नहीं मारा हैं फिर भी यदि जैन दंपत्ति को ऐसा लगता हैं तो वे क्षमा मांगते हैं।

## सहमति पत्र फाड़ा

बच्ची का रोना डॉक्टर को इतना नगंवार गुजरा कि उन्होंने न केवल बच्ची के बाएं गाल पर जोरदार तमाचा मारा, जिससे गाल में सूजन आ गई, बल्कि लेजर ऑपरेशन के लिए मरीज के अभिभावक से भराए गए सहमति पत्र को फाड़ दिया।

## मामला विवेचना में

इधर विजय नगर थाना पुलिस का कहना हैं कि इस गंभीर घटना में जैन दंपत्ति की शिकायत पर मामला विवेचना में लिया गया हैं। विवेचना के बाद ही पुलिस कुछ कहने की स्थिति में आ पाएगी। फिलहाल पीड़ित महिला अधिवक्ता की शिकायत ले कर पीड़िता बच्ची का विक्टोरिया हॉस्पिटल में मुलाहिजा कराया गया। विक्टोरिया जिला अस्पताल के चिकित्सक ने एमएलसी में मुंदी चोट के कारण दर्द बताया। बाएं गाल पर चांटा मारे जाने की वजह से निशान भी बना दिखाई दिया।



पुलिस की जांच पड़ताल में पश्चिम बंगाल, झारखंड, यूपी के निकले श्रमिक

# श्रमिकों के बांग्लादेशी होने के संदेह पर स्टेशन पर हंगामा

हरिभूमि जबलपुर।

भेड़ाघाट लम्हेटाघाट ब्रिज निर्माण के लिए बाहर से आए श्रमिकों के बांग्लादेशी होने के संदेह पर जबलपुर रेलवे के मुख्य स्टेशन पर जमकर हंगामा खड़ा हो गया। कुछ महिलाओं ने श्रमिकों को घेर लिया और सिविल लाईन थाने में सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा और श्रमिकों के पहचान संबंधी दस्तावेजों की जांच की। इनमें से पांच मुर्शिदाबाद पश्चिम बंगाल के निवासी पाए गए। वहीं कुछ के पास झारखंड और उत्तर प्रदेश के आधार कार्ड मिले। सिविल लाइन थाना प्रभारी रीतेश पांडे ने बताया कि बंग्लादेशी होने के संदेह में श्रमिकों को रोका गया था। जिसकी तस्दीक के लिए पुलिस बल मौके पर पहुंचा था। दस्तावेजों की जांच में प्रथम दृष्टया पाया गया कि 5 श्रमिक मुर्शिदाबाद पश्चिम बंगाल के रहवासी है। जो बीते छह माह से मुम्बई कुर्ला में काम कर रहे थे। अब ठेकेदार ने उन्हें नमर्दा नदी में बन रहे भेड़ाघाट लम्हेटाघाट में चल रहे ब्रिज के काम के लिए ठेकेदार द्वारा जबलपुर लाया है। जांच के लिए ठेकेदार को भी बुलाया गया है। शेष श्रमिक यूपी और झारखंड के है।

## चाय वाले ने गर्म दूध डालकर जला दिया

**जबलपुर।** गोसलपुर थाना अतंर्गत हृदयनगर में गुटका लगाने गए एक युवक के शरीर पर चाय पान टपरा संचालक ने गर्म दूध डालकर उसे जला दिया और जातिगत रुप से अपमानित कर दुबारा दुकान पर आने से जान से मारने की धमकी दी। गोसलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार हृदयनगर निवासी 28 वर्षीय मजदूर उमाशंकर कोरी गत रात लगभग 9 बजे राजेश काछी के चाय पान टपरा में गुटका लगवाने के लिये गया तथा राजेश काछी से गुटका लगाने के लिये कहा तो राजेश काछी बिना किसी बात के जातिगत शब्दों का प्रयोग कर गाली गलौज करने लगा, उसने गालियां देने से मना किया तो राजेश काछी ने उस पर गर्म दूध डाल दिया जिससे उसका गला जल गया। दुबारा दुकान पर आने पर राजेश काछी से जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 118(1), 351(2), बीएनएस तथा 3(1)द, 3(1)ध, 3(2)(व्हीए) एससी एसटी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया गया।

विद्युत नियामक आयोग के नए टैरिफ आदेश के चलते बिजली के रेट में करीब 4 प्रतिशत की बढ़ोतरी होगी

# मई का बिजली बिल देगा जेब को झटका

हरिभूमि जबलपुर।

मई माह में बिजली उपभोक्ताओं को बिल से झटका लग सकता है। बिल में करीब 50 से 100 रुपये की बढ़ोतरी होगी। विद्युत नियामक आयोग के नए टैरिफ आदेश पर करीब 4 प्रतिशत बिजली के रेट बढने के निर्देश वितरण कंपनी ने एक अप्रैल को ही जारी कर दिये थे। इसके चलते जो उपभोक्ता 200 से 400 यूनिट बिजली खपत करते हैं उनको 50 से लेकर 99 रुपये तक बिजली के बिलों में अतिरिक्त भुगतान करना पड़ेगा। उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने इस पर रोक की मांग की है। नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच, भारतीय वरिष्ठ नागरिक एसोसियेशन, महिला समिति, मानव अधिकार क्रांति संगठन तथा सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसियेशन ने इस बढ़े हुए बिजली दामों पर आक्रोश जताते हुए सोमवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 108 के तहत इस पर रोक लगाने की मांग की है।

आयोग ने बिजली कंपनियों पर कार्रवाई नहीं की

डॉ. नाजपांडे ने बताया कि मप्र पावर मैनेजमेंट कंपनी के सर्कुलर 24 जनवरी 2024 के अनुसार बिजली हानि प्रतिशत 15.45 था। लेकिन बाद में एक वर्ष के भीतर इसी कंपनी के सर्कुलर दिनांक 25 मार्च 2025 के अनुसार वह 17.22 प्रतिशत हो गया है। वास्तविकता में बिजली हानि प्रतिशत घटना चाहिए था, लेकिन वह उल्टा बढ़ गया है। यह विद्युत नियामक आयोग आदेश की पूर्णतः अवहेलना हुई है। इसके बाद भी आयोग ने बिजली कंपनियों पर कार्रवाई नहीं की है।

## छत से गिरे युवक की मौत

**जबलपुर।** पनागर थाना अतंर्गत ग्राम जटवा में छत से गिरने से आई चोटों के कारण एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत दिवस ग्राम जटवा निवासी 27 वर्षीय रंजीत यादव को छत से गिरने से आई चोटों के कारण पनागर अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां से उसे भतीजे मनीष यादव द्वारा मेडीकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया। गत 28 अप्रैल को मेडीकल में इलाज के दौरान शाम लगभग 4.45 बजे रंजीत यादव की मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

पाकिस्तानी 3 बच्चे मिले, राज्य सरकार से मांगे दिशा निर्देश

# मां हिन्दुस्तानी, पिता पाकिस्तानी

हरिभूमि जबलपुर।

पहलगाम में आतंकी घटना के बाद केंद्र सरकार द्वारा 48 घंटे के अंदर वीजा पर आए पाकिस्तानी नागरिकों को देश छोड़ने के आदेश दिए जाने के बाद जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा ऐसे लोगों की पहचान करने के लिए चलाए जा रहे अभियान के दौरान एक अजीबो गरीब मामला सामने आया है। जांच दल ने तीन नाबालिग बच्चों को चिंहित किया है, जिनकी नागरिकता को लेकर संदेह है। दरअसल, उन बच्चों की मां तो हिंदुस्तानी हैं, लेकिन पिता पाकिस्तानी नागरिक हैं। अब पुलिस ने इस मामले में राज्य सरकार से मार्गदर्शन मांगा है।

जिला कलेक्टर दीपक सक्सेना ने बताया कि जबलपुर में इस तरह का मामला सामने आया है जिसमें बच्चों की मां हिंदुस्तानी है और पिता पाकिस्तानी है। ऐसे में इस समय केंद्रीय मंत्रालय से आए दिशा-निर्देश के आधार पर पुलिस द्वारा की जा रही कार्रवाई अंतर्गत ऐसा मामला सामने आया है क्योंकि बच्चे नाबालिग है लिहाजा उनके नागरिकता को लेकर भी संशय की स्थिति है ऐसे में किस तरह की कार्रवाई की जानी है इस संबंध में राज्य सरकार से दिशा निर्देश मांगे गए है।

हाई कोर्ट का आदेश : दहेज प्रताड़ना के आरोप का मामला

# न्यूजीलैंड निवासी पति सहित अन्य के विरुद्ध एफआइआर निरस्त करने से इनकार

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने न्यूजीलैंड निवासी कुणाल बोरीकर सहित अन्य के विरुद्ध एफआइआर निरस्त करने से इनकार कर दिया। जस्टिस मनिंदर सिंह भट्टी की एकलपीठ ने आरोपी पति की अर्जी निरस्त कर दी। मामला पत्नी द्वारा लगाए गए दहेज प्रताड़ना के आरोप का है।

बालाघाट निवासी अनावेदक आकांक्षा बोरीकर की ओर से अधिवक्ता अभय सोनी व निकेश विश्वकर्मा ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि बालाघाट निवासी आकांक्षा का विवाद कुणाल के साथ हुआ था। विवाह के समय आकांक्षा के पिता ने नगद व गहने आदि हैसियत के हिसाब से दहेज में दिए थे। इसके बावजूद कार व 10 लाख की अनुचित मांग रखी गई। दामाद कुणाल न्यूजीलैंड में पांच लाख रुपये मासिक की नौकरी करता है। इतने पर भी लालच कायम है। इसीलि प्रताड़ना से तंग आकांक्षा ने एफआइआर दर्ज करा दी। जिसे निरस्त कराने की मंशा से कुणाल के साथ उसके सास-ससुल प्रमिला व अनिल बोरीकर और देवर चेतन बोरीकर दो ननदों सहित हाई कोर्ट चले आए। हाई कोर्ट ने सभी तर्क सुनने के बाद नंदों के विरुद्ध एफआइआर निरस्त कर दी। जबकि सास-ससुर व देवर के विरुद्ध एफआइआर निरस्त करने से मना कर दिया। बहस के दौरान याचिकाकर्ता कुणाल सहित अन्य की ओर से कहा गया कि आकांक्षा से तलाक का केस दायर करने के कारण उसने दुर्भावनावश एफआइआर कराई है। इस पर अनावेदक के वकीलों ने साफ किया कि तलाक का मुकदमा एफआइआर दर्ज होने के बाद दायर किया गया है।

यूएसएफडी तकनीक से संरक्षा होगी सुनिश्चित

# रेल पटरियों की सुरक्षा को मिला डिजिटल कवच

हरिभूमि जबलपुर।

जबलपुर मंडल में रेल पटरियों की आंतरिक संरचना की सूक्ष्म जांच के लिए अल्ट्रासोनिक फ्लॉ डिटेक्शन (यूएसएफडी) तकनीक का प्रभावी उपयोग किया जा रहा है। यह नवीनतम तकनीक रेल की पटरियों में समय के साथ उत्पन्न होने वाले आंतरिक दोषों को प्रारंभिक अवस्था में ही चिन्हित कर लेती है, जिससे आवश्यक अनुरक्षण कार्य समय पर पूरा किया जा सके और यात्री व मालगाड़ियों का परिचालन पूरी तरह सुरक्षित और संरक्षित रह सके।

जबलपुर मंडल में वर्तमान में लगभग 2582 किलोमीटर ट्रैक की नियमित रूप से यूएसएफडी मशीनों द्वारा जांच की जा रही है। इस जांच की आवृत्ति ट्रेनों के आवागमन के घनत्व (जीएमटी) पर आधारित होती है और मंडल के विभिन्न सेक्शनों में प्रत्येक माह (उस सेक्शन की जाँच आवर्ती के अनुसार) में ट्रैक की जाँच की जाती है।



मंडल में वर्तमान में कुल 13 यूएसएफडी टीमों का गठन किया गया है, जिनमें 13 मशीने एवं 26 प्रशिक्षित इंजीनियर कार्यरत हैं। ये सभी इंजीनियर बी-स्कैन यूएसएफडी मशीनों से लैस हैं, जो ट्रैक की आंतरिक स्थिति को डिजिटल रूप में दर्ज कर तुरंत विश्लेषण की सुविधा प्रदान करती हैं। वेल्ड की सटीक जांच हेतु सभी टीमों को डिजिटल वेल्ड टेस्टर भी प्रदान किए गए हैं, जिससे वेल्डिंग खामियों का सटीकता से पता लगाया जा सके।

ट्रैक जांच के दौरान संपूर्ण कार्य का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया जाता है, जिसे विश्लेषण कर आवश्यक कार्रवाई की जाती है। इस वर्ष जबलपुर मंडल ने अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग करके रेल, वेल्ड और रेल घटकों के अल्ट्रासोनिक दोष का पता लगाने में प्रदर्शन का उदाहरण दिया है। जबलपुर मंडल ने यूएसएफडी परीक्षण को 100 प्रतिशत बी-स्कैन 9 चैनल रेल परीक्षण मशीन में अपग्रेड किया है। जबलपुर मंडल 2582 किलोमीटर ट्रैक (एमएल+पीआरएल) में फैला हुआ है ।

यूएसएफडी टीम ने वित्त वर्ष 2023-24 में 10112.68 किलोमीटर ट्रैक पर परीक्षण किया है, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 9114.73 किलोमीटर ट्रैक के लक्ष्य से 10.95 प्रतिशत अधिक है। यूएसएफडी टीम ने वित्त वर्ष 2024-25 में 11211.437 किलोमीटर ट्रैक का परीक्षण किया है, जो 2023-24 के लक्ष्य से 86.43 किमी अधिक है और वित्त वर्ष 2023-24 की तुलना में 10.87 प्रतिशत अधिक है। सावधानीपूर्वक और विस्तृत यूएसएफडी परीक्षण और विवरण के माध्यम से यूएसएफडी परीक्षण से 82 रेल , 76 बेल्ड रेल दोषों को हटा दिया गया है और यूएसएफडी टीम और मशीन की बढ़ी हुई क्षमता के साथ चलने वाली लाइनों की सुरक्षा में वृद्धि हुई है। जिनकी तत्काल मरम्मत कर दी गई, जिससे ट्रेनों के संचालन में कोई व्यवधान न आए और संरक्षा मानकों का पूर्ण पालन हो सके।

जबलपुर मंडल के यूएसएफडी इंजीनियरों को समय-समय पर आरडीएसओ लखनऊ एवं इरिसेन पुणे जैसे संस्थानों में विशेषज्ञ प्रशिक्षण हेतु भेजा जाता है, ताकि वे नवीनतम तकनीकी मानकों के अनुरूप कार्य कर सकें और संरक्षा में निरंतर सुधार किया जा सके।

पश्चिमी विक्षोभ का नया सिस्टम हो रहा सक्रिय

# आज व कल शुष्क रहेगा मौसम, फिर होगी बारिश

हरिभूमि जबलपुर।

मंगलवार को मौसम शुष्क रहा। दोपहर बाद बादल छा गए थे और उमस बढ़ गई थी हालांकि तापमान औसत से नीचे रहा। मौसम विभाग की माने तो पश्चिमी विक्षोभ का एक नया सिस्टम तैयार हो रहा है लिहाजा दो मई को फिर बारिश के आसार बन रहे है। फिलहाल मौसम शुष्क है। पश्चिमी विक्षोप की वजह से तापमान की उछाल पर ब्रेक लगा हुआ है फिर भी मंगलवार को पारा 40 डिग्री पर पहुंच गया था। मौसम विदों की मानें तो आज मौसम सामान्य रहेगा, तापमान में भी आंशिक उछाल आएगी। 1 मई से फिर पश्चिमी विक्षोप सक्रिय होने के चान्स है, जिसके प्रभाव से बादल छायेंगे जिसकी वजह से बारिश ओला वृष्टि संभावित है।



पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 40.0 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री कम दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 24.04 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 47 प्रतिशत और सायंकाल 21 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5.37 मिनिट पर और सूर्यास्त शाम 6.37 मिनिट पर हुआ। उत्तर पश्चिमी हवाएं 4 से 5 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली। प्रदेश में सबसे अधिक 44.0 डिग्री तापमान रतलाम जिलें में दर्ज किया गया। अगले 24 घंटों के दौरान मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

## सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत

**जबलपुर।** पनागर थाना अतंर्गत कुशनेर में सड़क दुर्घटना में घायल एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार भैंसासुर मंदिर के पीछे हनुमानताल निवासी 28 वर्षीय शुभम रैकवार को गत 17 अप्रैल को कुशनेर में सड़क दुर्घटना में घायल होने से उपचार के लिए जबलपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां से डिस्चार्ज होकर गत 28 अप्रैल की रात लगभग 11 बजे मेडीकल कॉलेज लाया गया, जहां डॉक्टर ने चैक कर शुभम रैकवार को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

आईपीएल क्रिकेट सट्टे पर दाव लगवा रहे 2 सगे भाई गिरफ्तार

# 1 भाई सिविक सेंटर में दूसरा सदर में खिला रहा था सट्टा

हरिभूमि जबलपुर।

ओमती पुलिस ने दो सगे भाईयों को आईपीएल क्रिकेट का सट्टा खिलाते हुए पकड़ा, दरअसल मुखबिर की सूचना पर ओमती पुलिस ने सिविक सेंटर स्थित जबलपुर क्लब के सामने पुलिस आईपीएल क्रिकेट का सट्टा खिलाते पकड़ा। पूछताछ में पता चला कि सदर में उसका भाई आईपीएल के सट्टे में दाव लगवा रहा है, इसके बाद पुलिस ने सदर से उसके भाई को भी गिरफ्तार कर लिया है।

ओमती पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने सिविक सेंटर स्थित जबलपुर क्लब के गेट के सामने गली नम्बर 7 सदर निवासी 58 संजय अग्रवाल को दबोचा और उसका मोबाइल चैक किया तो उसमें सट्टा का रिकॉर्ड मिल गया।



उसने पूछताछ में पुलिस को बताया कि उसका बड़ा भाई 62 वर्षीय सुनील अग्रवाल भी सदर स्थित गली नंबर 7 में अपने घर से सट्टा खिला रहा है पुलिस संजय को साथ लेकर मौके पर पहुंची तो उसके घर के बाहर भीड़ लगी हुई थी और पुलिस को देखकर सब वहां से भाग निकले।

सुनील के मोबाइल से भी सट्टा का रिकॉर्ड मिला। पुलिस ने आरोपियों के पास से 23 हजार रुपए नगद, सट्टा-पट्टी, दो एंड्राइड फोन और दो की-पैड फोन बरामद किए। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर पता लगाने का प्रयास कर रही है कि क्षेत्र में अन्य किन-किन स्थानों पर आईपीएल का सट्टा खिलाने वाले सटोरिए सक्रिय हैं। पुलिस ने दोनों सटोरियों के विरूद्ध धारा 4क सट्टा एक्ट एवं 112, 3(5) बी एन एस के तहत कार्रवाई की गई है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240

## आपत्तिकर्ता के वकील ने बहस के लिए मांगा समय

# बहुचर्चित आदिवासी भूमि घोटाला प्रकरण में गंगा पाठक की जमानत पर लगी आपत्ति

### हाई कोर्ट ने 30 अप्रैल को पक्ष रखने दिया समय

जबलपुर, हरिभूमि न्यूज।

मप्र हाईकोर्ट के समक्ष बहुचर्चित आदिवासी भूमि घोटाला प्रकरण में फरार आरोपी गंगा पाठक की जमानत अर्जी पर आपत्ति दायर की गई है। जस्टिस अचल कुमार पालीवाल की सिंगल बेंच ने आपत्तिकर्ता के वकील को बहस के लिए समय प्रदान कर दिया । मामले की अगली सुनवाई बुधवार, 30 अप्रैल को सबसे ऊपर सूचीबद्ध की है। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि यदि आपत्तिकर्ता की ओर से कोई भी व्यक्ति मामले पर बहस करने के लिए उपस्थित नहीं होता है, तो इस आवेदन का निपटारा कानून के अनुसार किया जाएगा।

मामले की सुनवाई के दौरान आपत्तिकर्ता के अधिवक्ता ने कहा कि इस मामले में बहस करने वाले अधिवक्ता किसी अन्य न्यायालय में व्यस्त हैं, अतः वे मामले पर बहस करने के लिए समय की प्रार्थना करते हैं। हाई कोर्ट ने मांगा स्वीकार कर ली। इस दौरान अपीलकर्ता पत्रकार गंगा पाठक की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मनीष दत्त व मयंक शर्मा, राज्य की ओर से शासकीय अधिवक्ता आलोक अग्निहोत्री उपस्थित



थे। मामले में आपत्तिकर्ता के वकील शैलेंद्र वर्मा गुड्डा हैं। पत्रकार गंगा पाठक सहित अन्य ने पूर्व में सेशन कोर्ट में अग्रिम जमानत अर्जी दायर की थी। वहां से राहत न मिलने पर हाई कोर्ट आए हैं। गिरफ्तारी को लेकर इनाम घोषित हो चुका है। लिहाजा, गिरफ्तारी से बचने अग्रिम जमानत चाह रहे हैं।

## जबलपुर सीएमएचओ संजय मिश्रा के खिलाफ शिकायत की जांच करे लोकायुक्त संगठन

**हाईकोर्ट का निर्देश**

मप्र हाईकोर्ट ने लोकायुक्त संगठन को निर्देश दिए हैं कि प्रभारी मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी तथा क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं के पद पर पदस्थ डॉ संजय मिश्रा के खिलाफ दर्ज शिकायत की जांच कर उचित कार्रवाई करें। जस्टिस विशाल धगट की सिंगल बेंच ने इसके लिए 45 दिन की मोहलत दी है। कोर्ट ने कहा कि कार्रवाई के संबंध में याचिकाकर्ता को भी अवगत कराया जाए।जबलपुर निवासी नरेन्द्र कुमार राकेशिया की ओर से अधिवक्ता अमिताभ गुप्ता ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि डॉ संजय मिश्रा ने शासन की अनुमति के बिना दो विवाह किए हैं। एक पत्नी के नाम सेवा सेवा पुस्तिका में और दूसरी का नाम पेंशन के लिए प्रस्तुत सॉफ्टवेयर में दर्ज कराया गया है। दलील दी गई कि मप्र सिविल सर्विस आचरण नियम 22 में दूसरा विवाह गैरकानूनी है। यह भी आरोप लगाया गया डॉ मिश्रा द्वारा स्वास्थ्य विभाग में प्राप्त नियुक्ति व पदोन्नति अवैध है। उनके द्वारा सिविल सर्जन के पद पर कार्य करते हुए भी शासन की अनुमति के बिना निजी पैथोलाजी केन्द्रों का संचालन किया जा रहा है। इस संबंध में याचिकाकर्ता ने 16 जुलाई 2024 को और 30 अगस्त 2024 को लोकायुक्त में शिकायत दर्ज की गई। जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तो हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई।



## जनसुनवाई में आये 126 आवेदन

**जबलपुर, हरिभूमि न्यूज**।a कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड और अन्य अधिकारियों को शहरी और ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगों ने अपने विभिन्न समस्याओं को लेकर 126 आवेदन दिये। जिसमें 87 नये आवेदन हैं तथा 39 ऐसे आवेदन है जो पूर्व में भी आ चुके थे। जनसुनवाई में आये ज्यादातर नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अतिक्रमण, लड़ाई- झगड़ा, छात्रवृत्ति भुगतान, पानी, नाली निर्माण, आर्थिक सहायता, पीएम किसान योजना में नाम जोड़ने, अभिलेख दुरूस्त करने, किसान सम्मान निधि की राशि दिलाने, शिक्षा, समग्र आईडी, चिकित्सा सहायता, पेंशन, संबल राशि दिलाने, आवास योजना का लाभ दिलाने, बीपीएल कार्ड बनवाने आदि से संबंधित आवेदन थे। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री गौड ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित कि लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता में लेकर निराकरण करें।

## समर्थन मूल्य पर गेहूँ का विक्रय करने स्लॉट बुक कराने का आज आखिरी दिन

**जबलपुर**। समर्थन मूल्य पर गेहूँ का विक्रय करने किसानों के लिये स्लॉट बुक करने की 30 अप्रैल अंतिम तारीख है। शासन द्वारा तय उपार्जन नीति के मुताबिक 30 अप्रैल तक स्लॉट बुक कराने वाले किसान 5 मई तक उपार्जन केंद्रों पर गेहूँ का परिदान कर सकेंगे।

# वकीलों से दुर्व्यवहार करने वाले पुलिस कर्मियों पर हो कार्रवाई

### स्टेट बार काउंसिल के वाइस चेयरमैन ने डीजीपी व एसपी को भेजा पत्र

जबलपुर।

प्रदेश के वकीलों की नियामक संस्था एमपी स्टेट बार काउंसिल के वाइस चेयरमैन आरके सिंह सैनी ने पुलिस महानिदेशक, भोपाल व पुलिस अधीक्षक, जबलपुर को पत्र भेजा है। इसके जरिए 26 अप्रैल को चालानी कार्रवाई के दौरान जबलपुर के वकीलों से दुर्व्यवहार करने वाले माढ़ोताल थाने के पुलिस कर्मियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

पत्र में कहा गया है कि 26 अप्रैल को दोपहर में जिला बार एसोसिएशन के सदस्य एक संवाद कार्यक्रम में शामिल होने माढ़ोताल पहुंचे थे। इस दौरान चेकिंग के नाम पर वाहन रोककर दुर्व्यवहार किया गया। इस संबंध में माढ़ोताल थाने में शिकायत कर दी गई है। लेकिन संबंधित पुलिस कर्मियों पर ठोस कार्रवाई नदारद है। इससे वकील समुदाय में आक्रोश बना हुआ है। यदि रोष शांत करने शीघ्र पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई न हुई तो जबलपुर ही नहीं समूचे प्रदेश में आंदोलन से इनकार नहीं कर सकते।

### वकीलों को चेकिंग के नाम पर न रोका जाए

जिला बार एसोसिएशन, जबलपुर के पूर्व अध्यक्ष सैनी ने पुलिस अधिकारियों से मांग की है कि वकीलों को हाई कोर्ट, तहसील व जिला अदालत, कलेक्टर न्यायालय, डीआरटी व कैट आदि कोर्ट में आते-जाते समय रास्ते पर वाहन चेकिंग के नाम पर रोका न जाए। ऐसा इसलिए क्योंकि वे प्रकरण की बहस के लिए टाइम टेबल के हिसाब से प्रस्थान करते हैं। रास्ते की बाधा पक्षकारों के मुकदमों की समय पर सुनवाई पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है।

# बिना नंबर, तेज आवाज वाले वाहनों पर कार्रवाई करें

### अपराध समीक्षा बैठक में पुलिस अधीक्षक के निर्देश

**जबलपुर, हरिभूमि न्यूज**। पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय ने यहां कहा कि सभी थाना प्रभारी शाम के वक्त अपने अपने थाना क्षेत्रों में पैदल गश्त करे और संभ्रात लोगों से बात करें, जिससे लोगों की समस्याओं का पता चलेगा और उनकी सुरक्षा की दिशा में प्रयास किए जाए। उन्होंने बिना नंबर के वाहनों के चालक व मॉडीफाई सायलेंसर लगाकर ध्वनि प्रदूषण करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए है। पुलिस अधीक्षक यहां पुलिस कंट्रोल रुम में अपराध समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। पुलिस अधीक्षक ने बैठक के दौरान त्रिवार्षिक तुलनात्मक अपराधों की विस्तार से समीक्षा की, साथ ही थानावार लंबित गम्भीर अपराध हत्या एवं हत्या के प्रयास, लूट, झपटमारी, नकबजनी एवं एस.सी.एस.टी. एक्ट, धोखाधड़ी तथा महिला सम्बंधी अपराधों की समीक्षा करते हुए लंबित मांगों के निराकरण के सम्बंध मे निर्देश दिये गये। फरार आरोपियों पर ईनाम घोषित कराने और उनकी गिरफ्तारी करने के सुनिश्चित निर्देश दिए। अधिक से अधिक वारंटों को तामील कराने की बात भी कही। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि शाम के समय थाना क्षेत्र के बाजार क्षेत्र में पैदल भ्रमण कर बाजार व्यवस्था बनाते हुये, आम रोड पर किये गये अवैध अतिक्रमण जो कि आवगमन में बाधित बन रहे है को चिन्हित करते हुये प्रशासनिक एवं नगर निगम के अधिकारियों से चर्चा कर हटवायें। इसके साथ ही पैदल भ्रमण के दौरान समाज के हर वर्ग के लोगो से सम्वाद स्थापित करें।





एसपी ने थाना प्रभारियों को आदेशित किया कि स्वयं उपस्थित रहकर प्रतिदिन स्थान बदल-बदल कर जिग-जैक पैर्टन में पर्याप्त स्टॉपर रखकर चैकिंग प्वाईट लगाकर बिना नम्बर, अमानक नम्बर (नम्बर प्लेट अस्पष्ट ), मॉडीफाई सायलेंसर, तेज आवाज वाले वाहन चालकों के विरूद्ध नियमानुसार वैधानिक करने के निर्देश दिए। चैकिंग प्वाईंट पर लगा बल फ्लोरोसेंट जैकिट पहनेंगे एवं लाईट बार अपने साथ रखेंगे। चैकिंग के दौरान नई उम्र के लडके जो देखने में ही संदिग्ध लगते हैं, के वाहनों को रोककर फिजकली रूप से चैक करें।

वाहन चैकिंग के दौरान शालीनता पूर्वक व्यवहार करें, हमारा मुख्य उद्देश्य सिर्फ चालानी कार्यवाही नहीं है, असामाजिक तत्वों एवं आसामाजिक गतिविधियो में लिप्त संदिग्धों की धरपकड करना है इसी उद्देश्य को ध्यान मे रखते हुये चैकिंग की कार्यवाही की जाए। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर आनंद कलादगी, सूर्यकांत शर्मा, अपराध/यातायात सोनाली दुबे सहित सभी राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

## राजस्व अभिलेखागार में नवाचार: कलेक्टर की पहल से बढ़ी पारदर्शिता और जवाबदेही

**जबलपुर, हरिभूमि न्यूज**। मध्यप्रदेश में राजस्व अभिलेखागार के प्रबंधन में एक नए युग की शुरुआत हुई है। जिले के कलेक्टर कार्यालय में स्थित राजस्व अभिलेखागार को आधुनिकतम रूप में विकसित किया गया है, जिससे राजस्व अभिलेखों की नकल प्राप्त करना अब आसान हो गया है।

### आधुनिकीकरण की पहल

कलेक्टर दीपक सक्सेना की सकारात्मक सोच और पहल से राजस्व अभिलेखागार का कायापलट हुआ है। उन्होंने राजस्व रिकॉर्ड रूम को व्यवस्थित करने और सभी रिकॉर्डों को स्कैन कर ऑनलाइन किया है। इससे अब कोई भी व्यक्ति घर बैठे राजस्व अभिलेखों की स्थिति के बारे में पता कर सकता है।

### पारदर्शिता और जवाबदेही

नवीनतम राजस्व रिकॉर्ड रूम में 1909-10 से अभिलेख उपलब्ध हैं, जो अब सहजता से कंप्यूटर के माध्यम से उपलब्ध हो सकेंगे। इससे राजस्व अभिलेखों की नकल प्राप्त करने में अब कोई दिक्कत नहीं है। कलेक्टर श्री सक्सेना के इस नवाचार को देखने के लिए जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी पहुंच रहे हैं।

### प्रशासनिक सुधार

कलेक्टर स्वयं समय-समय पर रिकॉर्ड रूम का अवलोकन कर बेहतर और सुविधाजनक बनाने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। जनता से जुड़े राजस्व रिकॉर्ड को आधुनिकतम रूप में लाने का यह कार्य निश्चित ही प्रशंसनीय है। यह पहल मध्यप्रदेश में प्रशासनिक सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।उल्लेखनीय है कि राजस्व विभाग के रिकॉर्ड रूम का हाल सारे जमाने में अमूमन एक जैसा है। लाल-पीले रंग के काले पड़ चुके बस्तों में दम तोड़ती फाइलें, गंदे और बदबूदार हाल, जहां साँस लेना भी दूभर है। कौन सा रिकॉर्ड कहां रखा है, यह जानकारी केवल चंद बाबुओं और भृत्यों तक ही सीमित होता है। रिकॉर्ड मिल नहीं रहा है, यह बहाना रोज की कहानी होती है। नकल प्राप्त करने के लिए किसी बड़े संघर्ष जैसे होती है।

### गंदे और बदबूदार वातावरण से मिली मुक्ति

यह सारी जानकारी एक ऑनलाइन एप्लीकेशन तैयार कर उस पर डाल दी गई है। पोर्टल पर केस की चंद इंद्रियाँ उगल देती हैं कि केस किस रैंक पर, किस शेल्फ पर, किस बॉक्स में और किस नंबर पर रखा हुआ है। अब आवेदक घर बैठे पता कर सकता है कि उसका केस कहाँ रखा हुआ है। रिकॉर्ड रूम के बाहर लगाए गए कियोस्क पर केस नंबर डाल रिकॉर्ड रूम में केस की लोकेशन का पता कोई भी लगा सकता है। कैस की लोकेशन का प्रिंट निकालने की भी सुविधा दी गई है ताकि प्रिंट दिखाकर आसानी से नक़ल प्राप्त की जा सके। रिकॉर्ड रूम के कर्मचारियों की जिन्दगी भी अब खुशहाल हो गई है। गंदे और बदबूदार वातावरण से मुक्ति मिल गई है। रिकॉर्ड ढूँढने की मशक्कत अब खत्म हो गई है। शक भरी घूरती नजरों से भी राहत मिल गई है।

### बैंक के लॉकर रूम सरीखा माहौल

समस्या को हल करने के अभिनव तरीके और चंद महीनों की मेहनत ने रिकॉर्ड रूम की शक्ल बदल दी है। अब रिकॉर्ड की उमर 25-50 साल बढ़ गई है। अब बैंक के लॉकर रूम सरीखा माहौल है। कीमती रिकॉर्ड सुरक्षित भी है और कहां रखा है, यह कम्प्यूटर के माध्यम से सभी को पता भी है।

### कपड़े के बस्ते की जगह प्लास्टिक के बॉक्स में हर केस फाइल

रिकॉर्ड रूम की समस्या को हमेशा के लिए ख़त्म करने के लिए जबलपुर में नवाचार किया गया। कपड़े के बस्ते की जगह ली प्लास्टिक के बॉक्स में, हर केस फाइल को झाड़-पोंछकर बस्ते से निकालकर प्लास्टिक की पन्नी में डाला गया और फिर प्लास्टिक की पन्नी में रखे गए केस को प्लास्टिक बॉक्स में करीने से जमाया गया। हर प्लास्टिक बॉक्स की तहसील के हिसाब से कलर कोडिंग की गई। उनपर मौजा-वार, वर्षवार, मदवार केस के डिटेल स्टीकर पर प्रिंट कर चिपकाए गए। रिकॉर्ड रूम और उसमे रखी रैक्स का रंग रोगन किया गया। रिकॉर्ड रूम एयरकंडीशंड बनाया गया। हर रैंक और उसकी शैल्फ को एक यूनिक नंबर दिया गया। हर शेल्फ में रखे प्लास्टिक बॉक्स और बॉक्स में प्लास्टक की पन्नी में रखे गए केस की कोडिंग की गई।

## समर्थन मूल्य पर तुअर का विक्रय 15 मई तक

**जबलपुर, हरिभूमि न्यूज**। राज्य शासन द्वारा किसानों की सुविधा के मद्देनजर समर्थन मूल्य पर तुअर विक्रय करने के लिये पंजीयन कराने की अवधि पंद्रह दिन और बढ़ा दी गई है। समर्थन मूल्य पर तुअर का विक्रय करने किसान अब 15 मई तक अपना पंजीयन करा सकेंगे। इसके पहले शासन द्वारा तुअर उपार्जन हेतु किसानों के पंजीयन की अवधि 20 अप्रैल से बढ़ाकर 30 अप्रैल की गई थी। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास डॉ एस के निगम ने यह जानकारी देते हुये समर्थन मूल्य पर तुअर के विक्रय हेतु जिले में तुअर की फसल लेने वाले किसानों से अधिक से अधिक संख्या में अपना पंजीयन कराने का आग्रह किया है, ताकि उन्हें उनकी उपज की अच्छी



कीमत प्राप्त हो सके। डॉ निगम ने बताया कि राज्य शासन द्वारा रबी वर्ष 2024-25 में तुअर का समर्थन मूल्य 7 हजार 550 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है, जबकि जिले की मंडियों में तुअर का अधिकतम मूल्य 6 हजार 600 रुपए प्रति क्विंटल प्राप्त हो रहा है। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास के मुताबिक समर्थन मूल्य पर तुअर के विक्रय करने के इच्छुक किसानों का पंजीयन करने जिले में पाँच केंद्र स्थापित किये गये हैं। इन पंजीयन केंद्रों में सहकारी विपणन संस्था जबलपुर, सहकारी विपणन संस्था मझौली, सहकारी विपणन संस्था शहपुरा, सहकारी विपणन संस्था सिहोरा एवं वृहताकार सहकारी संस्था बघराजी शामिल है।

## डॉ. राधाकृष्णन कॉलेज में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**जबलपुर, हरिभूमि न्यूज**।। डॉ. राधाकृष्णन कॉलेज ऑफ एजुकेशन पाटन रोड करमेता में विगत दिवस स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, जीवन ऊर्जा फाउंडेशन यूनाईमैक्स इंडिया नेचुरोपैथी द्वारा किया गया। जिसमें स्वास्थ्य सलाहकार द्वारा महाविद्यालय प्राध्यापक गढ़, कर्मचारी एवं डी.एल.एड., एम.एड. एवं बी.एड. के शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर योग ध्यान एवं प्राकृतिक तरीके से अपने स्वास्थ्य को कैसे सुधार कर सकते हैं इसका विस्तृत ज्ञान दिया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय निदेशक डॉ. अभिषेक चौबे एवं डॉ. भावना सोनी के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में डॉ. प्रीति शुक्ला, डॉ. समता तिवारी, डॉ. सुधा पासी, श्रीमति सीमा तिवारी, श्री अमित जाटव, श्री विजय सेन, शिखा उपाध्याय का विषेश योगदान रहा।





### दीनदयाल चौक के समीप भीषण हादसा टला, जिला-पुलिस प्रशासन में मचा हड़कंप

# पटाखों की चिंगारी से नेमा अस्पताल की 5वी मंजिल में लगी आग

**जबलपुर, हरिभूमि न्यूज**। दीनदयाल चौक स्थित नेमा हार्ट हॉस्पिटल में देर रात उस समय अफरा-तफरी मच गई जब बिल्डिंग के 5वीं मंजिल पर अचानक आग लग गई। आग लगने की खबर से पूरे अस्पताल परिसर में भगदड़ की स्थिति बन गई। हालाँकि समय रहते फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंच गई और आग पर काबू पा लिया गया। राहत की बात यह रही कि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई और अस्पताल में भर्ती सभी मरीजों को सुरक्षित निकालकर दूसरे अस्पतालों में भर्ती कराया गया।

### बारात की आतिशबाजी बनी कारण

प्राप्त जानकारी के अनुसार आग लगने की वजह पास से गुजर रही बारातों में फोड़े जा रहे पटाखे माने जा रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि एक ही समय में दो से तीन बारातें निकल रही थीं और उसी दौरान पटाखों की चिंगारी से पांचवीं मंजिल में आग भड़क उठी। हालांकि नेमा हॉस्पिटल का मुख्य संचालन भवन की तीन मंजिलों पर होता है। लेकिन पांचवीं मंजिल पर कुछ अन्य उपयोगी सामग्री रखी जाती थी।



### एंबुलेंस की मदद से हुई शिफ्टिंग

अस्पताल प्रशासन ने फौरन हरकत में आते हुए बिल्डिंग में मौजूद सभी मरीजों को बाहर निकालना शुरू कर दिया। इनमें से कई मरीज गंभीर हालत में थे, जिन्हें एंबुलेंस की मदद से आसपास के दूसरे अस्पतालों में शिफ्ट किया गया। डॉक्टरों, नर्सों और अस्पताल स्टाफ की तत्परता से बड़ी अनहोनी टल गई।

### निगम समेत पहुचा भारी पुलिस बल

घटना की सूचना मिलते ही नगर निगम की फायर ब्रिगेड, समेत विजय नगर, गोहलपुर समेत चार थानों का पुलिस बल मौके पर पहुंच गई। हालांकि जब तक दमकल की गाड़ियां पहुंचतीं, अस्पताल स्टाफ और स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काफी हद तक काबू पाया जा चुका था। इसके बावजूद एहतियातन दमकल कर्मियों ने पूरी इमारत की जांच की और यह सुनिश्चित किया कि आग पूरी तरह बुझ चुकी है।

### जांच के दिए निर्देश

जबलपुर प्रशासन ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए पूरे मामले की जांच के आदेश दिए हैं। प्रशासन ने यह जानने के लिए भी कदम उठाए हैं कि क्या अस्पताल में अग्निशमन उपकरणों की पर्याप्त व्यवस्था थी या नहीं। साथ ही, बारातों की पटाखा गतिविधि पर भी सख्त निगरानी रखने की बात कही गई है।

### नहीं तो हो जाता बड़ा हादसा

घटना के बाद स्थानीय निवासियों और मरीजों के परिजनों में दहशत का माहौल बन गया था, लेकिन समय पर की गई कार्रवाई के चलते उन्होंने राहत की सांस ली। कई लोगों ने कहा कि अगर थोड़ी और देर हो जाती तो एक बड़ा हादसा हो सकता था।

## शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा से किया गया स्वागत

# धूमधाम से मनाया गया भगवान परशुराम जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज मझौली।



भगवान विष्णु जी के छठवें अवतार भगवान परशुराम जी का जन्म उत्सव कार्यक्रम विप्रकुल परिषद मझौली के द्वारा मनाया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में भगवान विष्णु वाराह जी का पूजन कर भगवान परशुराम जी का भी पूजन अर्चन किया गया, इसके उपरांत भगवान परशुराम जी की शोभायात्रा का भ्रमण नगर मझौली में विष्णु वाराह मंदिर के कमानिया गेट से इंद्राणा रोड में पवनपुत्र आश्रम,सिहोरा रोड पेट्रोल पंप से बचैया रोड होते हुए हरदौल मोहल्ले से वापस विष्णु वाराह मंदिर में समापन हुआ।

भगवान परशुराम जी की शोभायात्रा का नगर मझौली में जगह-जगह पुष्प वर्षा के द्वारा स्वागत किया गया।इस कार्यक्रम की कार्य समिति के द्वारा भगवान परशुराम जी की शोभा यात्रा में उपस्थित समस्त ब्राह्मणों को भगवा गमछे के द्वारा सम्मानित किया गया। एवं कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण के साथ कार्यकारी अध्यक्ष अनिल दुबे जी के द्वारा संबोधन में सभी को सफल कार्यक्रम की शुभकामनाएं दी गई एवं कार्य समिति के व्यवस्थापक प्रभु दत्त दुबे जी के द्वारा सभी विप्रो का धन्यवाद दिया गया एवं कार्यक्रम के अंत में इस कार्यक्रम की कार्य समिति के महेंद्र तिवारी के द्वारा आभार प्रदर्शन कर कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की गई। विप्र कुल परिषद मझौली की आगे की कार्य योजना एवं समीक्षा बैठक 04/05/2025 दिन रविवार को दोपहर 3:00 बजे से कार्यकारी अध्यक्ष अनिल दुबे के वार्ड नंबर 8 स्थित निवास में तय की गई। बैठक में शामिल होने के लिए विप्रकुल परिषद मझौली की कार्य समिति ने सभी विप्रो से अपील की। इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक नीलेश अवस्थी पार्षद दिनेश कांत चौबे ,अनिल दुबे, प्रभु दत्त दुबे, महेंद्र तिवारी,रोहित शुक्ला, आशीष तिवारी,रानू उपाध्याय, पिसती दुबे,पवन दुबे,राहुल दुबे, सिद्धार्थ उपाध्याय, प्रदीप मिश्रा, रिंकू मिश्रा,दिनेश तिवारी, सिद्धार्थ परौहा,चंद्रमोहन परौहा, सुशील परौहा, केशव तिवारी अरुण तिवारी श्याम तिवारी गगन दुबे सहित मझौली के सभी ब्राह्मण सम्मिलित हुए।

## परशुराम प्रकटोत्सव पर वाहन रैली आज



**सिहोरा।** संयुक्त ब्राह्मण सिहोरा अपने आराध्य देवता भगवान परशुराम के प्रकटोत्सव पर आज 30 अप्रैल बुधवार को सुबह 9 बजे भव्य एंव ऐतिहासिक वाहन रैली निकालेगा जो नरसिंह मंदिर खितौला से प्रारम्भ होकर रेलवे फाटक, खितौला बाज़ार,पेट्रोल पंप तिराहा,शिव मंदिर बाबाताल,हरदौल मंदिर,सरावगी मोहल्ला होते हुए झंडा बजार से आज़ाद चौक,गौरी तिराहा,पुराना बस स्टैंड होकर बाबाताल मंदिर में समाप्त होगी जहां संत ब्रम्हानंद दास जी महाराज के सानिध्य में पूजन अर्चन कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इसके अलावा भंडारे का भी आयोजन किया गया है। बाबाताल में आयोजित रैली में सभी विप्रजनों इष्ट मित्रों सहित पहुंचने की अपील संयुक्त ब्राह्मण समाज सिहोरा ने की है।

## बाजारों में जमकर खरीददारों की भीड़ लगी

# अक्षय तृतीया पर आज विवाह समारोहों की धूम

हरिभूमि जबलपुर।

अक्षय तृतीया के स्वयंसिद्ध मुहूर्त पर बुधवार को विवाह समारोह की जबरदस्त धूम रहेगी। अक्षय तृतीया की पूर्व संध्या पर बाजारों में काफी चहल पहल रही। सोना चांदी, कपड़ा और विवाह सामग्री खरीददारी करने वालों का बाजार में जमावड़ा लगा रहा। बाजारों में सड़कों पर जाम की स्थिति रही। लोग जल्दी से जल्दी खरीददारी के लिये बेताब रहे। शहर के मुख्य बाजार में मार्गो पर घण्टों जाम लगा रहा। शहर में जहां जहां मुख्य बाजार हैं, मसलन गंजीपुरा, बड़ा फुहारा, सराफा बाजार, निवाड़गंज, मनिहारी मार्केट, गोरखपुर, सदर, रांझी, गोहलपुर, घमापुर में भारी भीड़भाड़ रही। यहां भारी चौपाया वाहनों और टू व्हीलरों की पार्विंâग से मार्ग वैसे ही सकरे हो गये थे और मार्गो पर जाम लग गया था। आज विवाह समारोह के साथ-साथ परम्परा अनुसार घर-घर गुड्डा गुड़ियों का व्याह भी रचाया जाएगा। बरा के पेड़ के नीचे गुड्डा गुड़ियों की शादी की रस्म पूरी की जाएगी। नये मौसमी फलों और नये मटकों का भी कच्चे सूत के बंधन के साथ भगवान को अर्पित कर आगाज किया जाएगा। ऐसी मान्यता है कि स्वयंसिद्ध महामुहूर्त होता है। बिना मुहूर्त के आज तमाम ज्योतिष बंधनों से मुक्त होकर ब्याह की रस्म पूरी हो जाती है। विवाह समारोहों की आज के शुभ मुहूर्त में इतनी अधिक संख्या है कि एक भी बारात घर, बैण्ड बाजे, कुक और केटरर्स सब बुक हैं। आज के स्वयं सिद्ध मुहूर्त में विवाह करने वालों ने 6 से 8 महीने पहले ही बारात घरों, बैण्ड बाजों, आतिशबाजों ओर केटरर्स की बुकिंग कर ली थी। अक्षय तृतीया की पूर्व संध्या पर बाजारों में रौनक आबाद रही। प्रमुख बाजार स्थलों की सड़कें छोटी पड़ गई थीं। खासकर कपड़ों, बर्तन और आभूषणों के प्रतिष्ठानों में जमकर खरीदारी हुई और बाजारों में जाम लगा रहा।

यहां उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा सड़कों के अंदर दुकान की सीमा में दुकानें लगाने के निर्देश दिये गये हैं, लेकिन इन निर्देशों पर कुछ भी पालन नहीं हो पा रहा है। नगर निगम के अमले ने कुछ दिन कार्यवाही की और फिर कार्यवाही ठप्प हो गई। नतीजा यह हुआ कि दुकानें सड़कों तक पसरी रहीं और वाहन बीच सड़कों पर खड़े रहे।

## प्राइड ट्रेडिंग कंसल्टेंसी प्राईवेट लिमिटेड के नाम से खोला फर्जी ऑफिस

**जबलपुर।** प्राइड ट्रेडिंग कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड के नाम से फर्जी ऑफिस खोलकर लोगों से धोखाधड़ी की जा रही है। यह आरोप प्राइड ट्रेडिंग कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड के संचालक सन्नी यादव ने की। सन्नी यादव ने आरोप लगाते हुए बताया कि उसका ब्रांच ऑफिस इंदौर तृतीय तल अपोलो टॉवर पलासिया रोड में है। जबकि रजिस्टर्ड ऑफिस सिरम सेंटर बडौदरा गुजरात में है। इन दोनों ऑफिस के अलावा कोई अन्य ऑफिस नहीं है। लेकिन उसे कुछ दिनों पहले सूचना मिली थी कि कुछ अज्ञात लोग प्राइड ट्रेडिंग कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड के नाम से जबलपुर शहर में नेपियर टाउन जबलपुर अस्पताल के सामने एक कार्यालय में संचालित कर रहे है। वह हमारी कंपनी के नाम का बिना अनुमति के गलत उपयोग कर आम जनता के साथ धोखाधड़ी कर रहे है। सन्नी यादव ने आरोप लगाया कि उन आरोपियों ने कंपनी के मूल्यवान कूटरचित दस्तावेज जैसे पैमेंट इनवॉइस, रिसिप्ट के रुप में मूल्यवान प्रतिभूति आदि तैयार कर लोगों को भ्रमित कर उनसे ठगी कर रहे है। साथ ही बैंक खातों में रुपए जमा करवा रहे है। आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

**एसपी से की शिकायत, आरोपियों पर कार्रवाई की मांग**

## अधीक्षण अभियंता जसवंत सिंह पसरीचा को सेवानिवृत्त पर दी विदाई



**जबलपुर।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के अधीक्षण अभियंता सिविल जसवंत सिंह पसरीचा को 40 वर्षों की सेवा के उपरांत आज सेवानिवृत्त होने पर विदाई दी गई। उल्लेखनीय है कि श्री पसरीचा ने कंपनी के पावर मैनेजमेंट कार्यालय में महाप्रबंधक पद पर कार्य करते हुए शार्ट टर्म पावर परचेस व पावर बैंकिंग संबंधी कार्य करने में उल्लेखनीय योगदान दिया। सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता जसवंत सिंह पसरीचा को मुख्य महाप्रबंधक रेग्युलटरी एफके मेश्राम व अतिरिक्त मुख्य महाप्रबंधक अखिलेश कुमार अग्रवाल ने शाल व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। विदाई कार्यक्रम में एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के मुख्य वित्तीय अधिकारी शिशिर तिवारी, मुख्य महाप्रबंधक संजीव खरे, अतिरिक्त मुख्य महाप्रबंधक अनुराग तिवारी, अतिरिक्त निदेशक सतीश दिघे, महाप्रबंधक निशांत सिसोदिया, अनिंद्य खरे, आलोक दास, अनंत पसारकर श्रीकांत बड़कामकर, अजस्त्र गुप्ता, रवीन्द्र कुमार खरे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## शिक्षक अनिल दाहिया आज होंगे सेवानिवृत्त



**सिहोरा।** शासकीय प्राथमिक शाला मोहसाम (गुनहरू) में पदस्थ प्रधानाध्यापक अनिल कुमार दाहिया आज अपनी अधिवार्षिकीय सेवा के 40 वर्ष 5 माह 13 दिन पूर्ण कर सेवा निवृत्त हो रहे हैं। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा बिदाई समारोह का आयोजन किया गया है।

## सुधीर बने चेम्बर के कार्यकारणी सदस्य

**जबलपुर।** महाकौशल चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इण्डस्ट्री के सत्र 2025-27 के निर्विरोध चुनाव संपन्न हुए नव निवार्चित निर्विरोध अध्यक्ष रवि गुप्ता की टीम को निर्विरोध चुना गया। रवि गुप्ता ने अपनी नई कार्यकारणी की घोषणा करते हुए सत्र 2025-27 की घोषणा में गोरखपुर व्यापारी संघ के अध्यक्ष एवं कांग्रेस नेता सुधीर सोनकर को महाकौशल चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इण्डस्ट्री का कार्यकारणी समिति सदस्य मनोनीत किया है।

## सर्वाइकल वैक्सीनेशन सप्ताह

# डॉक्टरों ने महिलाओं को बचाव के बताये उपाय



**जबलपुर।** सर्वाइकल वेक्सिनेसन सप्ताह के अंतर्गत के. जे. मेमोरियल नर्सिंग होम द्वारा ब्यौहारबाग स्थित शासकीय गर्ल्स हा.से. स्कूल में महिलाओं और छात्राओं हेतु जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में उपस्थित महिलाओं और छात्राओं को संबोधित करते हुए, महिला डॉक्टरों के संगठन औबस्ट एंड गायनिक की अध्यक्ष डॉक्टर राखी बाजपेयी, सचिव डॉक्टर कोमल जैन तथा वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर कुसुम जैन द्वारा बच्चेदानी के कैंसर के सिमटम्स ट्रीटमेंट एवं वैक्सीनेशन के बारे में बताया कि 9 वर्ष से 13 वर्ष की उम्र में दो टीके लगाए जाते हैं जबकि वैक्सीन के 14 साल से 45 वर्ष तक की महिलाओं को तीन खुराक तक की दी जाती है वही सफेद पानी आना, माहवारी के बीच में ब्लीडिंग होना या खून आना, कमर दर्द होना आदि सिम्टम्स के बारे में बचाव कैसे किया जा सकता है एवं क्या-क्या सावधानियां बरतनी चाहिए के बारे में बताया। उन्होंने यह भी बताया कि गर्भाशय ग्रीवा कैंसर, जिसे सर्विकल कैंसर भी कहते हैं, महिलाओं में गर्भाशय ग्रीवा (गर्भाशय का निचला भाग) में कोशिकाओं के असामान्य रूप से बढ़ने से होता है. यह मुख्य रूप से ह्यूमन पैपिलोमावायरस (HPV) संक्रमण के कारण होता है। भारत में, हर दिन लगभग 200 महिलाएं सर्विकल कैंसर के कारण मौत के मुंह में समा जाती है l सर्विकल कैंसर महिलाओं मै ब्रेस्ट कैंसर के बाद दूसरा सबसे अधिक होने वाला कैंसर है, उन्होंने रोग के लक्षण व बचाव बताये।

# सिंगाजी पावर प्लांट से सीधी होगी विद्युत आपूर्ति

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) ने 400 के.व्ही. सबस्टेशन छैगांव को सिंगाजी थर्मल पावर स्टेशन और 400 के.व्ही. जुलवानिया से सीधे जोड़कर निमाड़ क्षेत्र की पारेषण प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ एवं विश्वसनीय बनाया है। श्री तोमर ने बताया कि एम.पी. ट्रांसको ने सिंगाजी थर्मल पावर स्टेशन से जुलवानिया जाने वाली 400 के.व्ही. ट्रांसमिशन लाइन को "लाइन इन-लाइन आउट" (एलआईएलओ) तकनीक के माध्यम से छैगांव में जोड़ा है। इससे छैगांव को निमाड़ क्षेत्र के एक प्रमुख लोड सेंटर के रूप में विकसित किया जा सका है। पूर्व में छैगांव सबस्टेशन को जुलवानिया के माध्यम से ही सिंगाजी थर्मल पावर स्टेशन से विद्युत प्राप्त होती थी। अब सीधे जुड़ाव से विद्युत आपूर्ति में लचीलापन और मजबूती आएगी। इस नई व्यवस्था पर लगभग 10 करोड़ 65 लाख रुपये की लागत आई है। ऊर्जा मंत्री ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए एम.पी. ट्रांसको को बधाई दी है।

### गहन सिस्टम स्टडी से मिली सफलता

छैगांव को निमाड़ क्षेत्र का मुख्य लोड सेंटर बनाने में एम.पी. ट्रांसको मुख्यालय, जबलपुर में पदस्थ कार्यपालन अभियंता हितेश तिवारी की ट्रांसमिशन सिस्टम पर की गई गहन अध्ययन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने न केवल ट्रांसमिशन सिस्टम स्टडी की, बल्कि योजना -निर्माण व लागत आंकलन (एस्टिमेट) तैयार करने में भी सक्रिय योगदान दिया। उनके प्रयासों से यह परियोजना सफल हो सकी।

# बस स्टैंड में अंबेडकर जी का कीर्ति स्तंभ बनवाने की मांग



**जबलपुर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड की पार्षद श्रीमती मोनिका पुष्पेंद्र सिंह के द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर बाबा साहब जी की कीर्ति स्तंभ बनाने के लिए जबलपुर लोकसभा के यशस्वी सांसद श्री आशीष दुबे जी को पत्र के माध्यम से मांग की है कि आईएसबीटी बस स्टैंड के सामने स्थित गार्डन में संविधान के रचयिता डॉ भीमराव अंबेडकर जी का कीर्ति स्तंभ बनाए जाने की मांग की। मांग पत्र पर ध्यान देते हुए संसद की आशीष दुबे जी ने अपनी सहमति जताई एवं अच्छी पहल की सराहना की। मांग पत्र के दौरान भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक दीपक नाहर,भाजपा नेता पुष्पेंद्र सिंह,मंडल अध्यक्ष योगेश बिलोहा,पूर्व मंडल अध्यक्ष टिकेंद्र यादव,मौजूद रहे।

## दिलीप सेन राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक के प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त

**जबलपुर।** भारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (महासंघ) इंटक) के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामीनाथ जायसवाल का नई दिल्ली से जबलपुर आगमन हुआ, हौशिलाप्रसाद शर्मा वरिष्ठ राष्ट्रीय महासचिव की उपस्थिति में दिलीप सेन जबलपुर को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डा. बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के छाया चित्र पर माल्यार्पण तथा मोमबत्ती जलाकर इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामीनाथ जायसवाल ने किया तथा उन्होने अपने उदबोधन में दिलीप सेन के नवनियुक्त प्रांतीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर श्री सेन को मजदूरों का मसीहा बताते हुए कर्मचारियों के बीच उनकी कार्य करने की क्षमता, प्रशासन से वाजिब मांगों को लेकर ध्यानाकर्षण एवं मधुर औद्योगिक संबंध, बनाये रखने लगनशीलता एवं कर्मठता को देखते हुए म. प्र. का पूरा प्रभार दिलीप सेन को सौंपा गया है।

# जिला बदर का आरोपी भूरा जेल में, सिपहसालार बाहर मचा रहे आतंक

**जबलपुर।** जिला बदर का आरोपी भूरा अंसारी जेल में बंद हैं लेकिन बाहर उनके सिपहसालार बाहर रहकर आंतक का वातावरण निर्मित कर रहे हैं जिससे आम लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

### रासुका के तहत गया था जेल

गत माह सिहोरा पुलिस ने गिरफ्तार कर आदतन अपराधी भूरा के ऊपर एनएसए लगाकर रासुका के तहत कार्यवाही कर जेल भेज दिया था। तो क्षेत्र में अपराध भी कम हो गये थे और शांति बनी हुई थी । लेकिन उसके अपराधिक नेटवर्क का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है की उसके आदमी बाहर रहकर भी छेड़खानी सहित अन्य आपराधिक घटनाओं को अंजाम देते रहते हैं। सूत्र बताते है कि उक्त अपराधी से मिलने जेल में एक महिला भी जाती है जो बाहर रहकर खासकर हिन्दू लड़कियों को तरह तरह का प्रलोभन देती है। अनेक थानो में दर्ज है प्रकरण जिला बदर के आरोपी पर जिला बदर के आरोपी पर सिहोरा, पनागर, अधारताल, हनुमानताल सहित अन्य थानों में लगभग ढेड़ दर्जन मुकदमा दर्ज है फिर भी उसके चेहरे पर सिकन नहीं है और जब यह जेल के बाहर जिस भी थाने के अंतर्गत रहता है तो वहां अपराधों का ग्राफ भी बढ़ जाता है।

# पत्थर पटककर युवक की हत्या

**जबलपुर।** भेड़ाघाट थाना अतंर्गत ग्राम खैरी में देर रात एक युवक पर पत्थर पटककर उसकी हत्या कर दी गई। युवक की चीख पुकार सुनकर आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी, देर रात करीब 3.30 बजे पुलिस मौके पर पहुंची और मौके से आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया और झाड़ियों के पीछे पड़ी लाश भी बरामद की है। भेड़ाघाट पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार देर रात करीब 3 बजे डायल 100 को सूचना मिली कि ग्राम खैरी में किसी युवक के साथ मारपीट हो रही है वह जोर जोर से चीख रहा था। पुलिस दल मौके पर पहुंचा तो वहां नाले के पास एक युवक मिला जिसे पुलिस ने हिरासत में लिया और पूछताछ की तो उसने हत्या की बात स्वीकार करते हुए बताया कि लाश झाड़ियों के पीछे पड़ी है। पुलिस के मुताबिक आरोपी सहजपुर बड़खेरा निवासी रितिक शर्मा, हीरापुर बंधा निवासी श्याम सुंदर सोनी के साथ ग्राम खैरी पहुंचा था जहां किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ, इस दौरान श्यामसुंदर द्वारा गालीगलौज किए जाने पर आरोपी रितिक शर्मा ने पत्थर पटककर श्यामसुंदर की हत्या कर दी। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने श्याम सुंदर की लाश बरामद की है। पंचनामा की कार्रवाई के दौरान मृतक के चेहरे आंख,नाक, कान और सिर पर चोट के निशान पाए गए हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया हत्या का प्रकरण दर्ज कर मामलें की जांच की जा रही है।



## 4 बॉटल बीयर एवं 95 पाव देशी शराब जप्त

**जबलपुर।** मझौली थाना अतंर्गत ग्राम अभाना दोरा में अवैध शराब के कारोबार में लिप्त एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 4 बॉटल बीयर एवं 95 पाव देशी शराब जब्त की है। मझौली पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत रात मुखबिर की सूचना पर ग्राम अभाना दोरा में अपनी किराना दुकान के पीछे शराब बेचने के लिए रखे ग्राम दोरा निवासी 45 वर्षीय सत्यम तिवारी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 95 पाव देशी शराब और 4 बॉटल बीयर जब्त की है। जब्त की गई शराब की कीमत लगभग 9 ह जार 750 रुपए बताई गई है। पुलिस ने आरोपी सत्यम तिवारी के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।




**श्रीमती अलका पटवा-** गोसलपुर निवासी श्री दशरथ पटवा की धर्मपत्नी श्रीमती अलका पटवा (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**दिव्यांश बंशकार-** सिद्धबाबा वार्ड गणेश चौक निवासी श्री आशीष बंशकार के पुत्र दिव्यांश बंशकार (07) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री विश्वजीत बागची-** सावरकर वार्ड कटनी निवासी श्री विश्वजीत बागची (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जगदीश प्रसाद शर्मा-** द्वारका नगर शुक्ला होटल लालमाटी निवासी श्री जगदीश प्रसाद शर्मा (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रूप नारायण गुप्ता-** गली नं. 2, बाई का बगीचा घमापुर निवासी श्री रूप नारायण गुप्ता (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कालीचरण श्रीपाल-** बिहारी मोहल्ला सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री कालीचरण श्रीपाल (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती पुष्पलता विश्वनाथ पाटिल-** सीएमएम निवासी श्री विश्वनाथ पाटिल की धर्मपत्नी श्रीमती पुष्पलता विश्वनाथ पाटिल (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शुभम रैकवार-** खेरमाई वार्ड निवासी श्री परषोत्तम रैकवार के पुत्र श्री शुभम रैकवार (28) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती भानुमति पटेल-** पटपरा देवरी बरेला निवासी श्री संतोष पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती भानुमति पटेल (37) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री क्रांति बंशकार-** प्रेमसागर साहू मोहल्ला निवासी श्री बद्री प्रसाद बंशकार के पुत्र श्री क्रांति बंशकार (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री किशन लाल-** गोरा बाजार प्रायमरी स्कूल के पास निवासी श्री किशन लाल (91) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कस्तूरी बाई बंशकार-** प्रेमसागर साहू मोहल्ला निवासी श्री मुरारी लाल बंशकार की धर्मपत्नी श्रीमती कस्तूरी बाई बंशकार (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती मंगो बाई-** मांडवा टेंडर 2 रामपुर निवासी श्री भाईलाल की धर्मपत्नी श्रीमती मंगो बाई (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शारदा जांगड़े-** खटीक मोहल्ला खेरमाई वार्ड निवासी श्री शारदा जांगड़े का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राहुल निषाद-** गंजीपुरा सुपर मार्केट के पास निवासी श्री राजकुमार निषाद के पुत्र श्री राहुल निषाद (33) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती राधा बाई बेन-** देवरी स्टेशन के पास पनागर निवासी श्री हेमराज बेन की धर्मपत्नी श्रीमती राधा बाई बेन (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राजेश कुमार रजक-** सदर कैंट निवासी श्री राजेश कुमार रजक (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गोपाल गुप्ता-** सैनिक सोसायटी डुमना रोड स्थित कालेज परिसर निवासी श्री गोपाल गुप्ता (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राजेंद्र कुमार कामले-** केजी बोस नगर शाहीनाका गढ़ा निवासी श्री राजेंद्र कुमार कामले (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि बिजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-

# आरबीआई ने बैंकों से कहा, एटीएम में 100 और 200 रुपए के नोट भी रखें

## लोग जब एटीएम से पैसा निकालते हैं तो ज्यादा तर 500 के नोट ही निकलते हैं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लोग जब भी एटीएम से कैश निकालने जाते हैं तो ज्यादातर ऐसा होता है कि 500 रुपए के ही नोट ज्यादा निकलते हैं। 500 के नोटों को लेने के बाद लोगों को अक्सर चेंज के लिए भटकना पड़ता है। लेकिन अब लोगों की मुश्किलों को कम करने के लिए रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने बैंकों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि एटीएम से 100 रुपए और 200 रुपए के नोट भी निकलें।

केंद्रीय बैंक ने कहा कि जनता को इन नोटों की उपलब्धता बढ़ाने के लिए ऐसा करना जरूरी है। बैंकों और व्हाइट लेबल एटीएम परिचालकों (डब्ल्यूएलएओ) को इस निर्देश को चरणबद्ध तरीके से लागू करना होगा। गैर-बैंकिंग संस्थाओं ने संचालित एटीएम को 'व्हाइट लेबल एटीएम' (डब्ल्यूएलए) कहा जाता है।

### इस्तेमाल किए जाने वाले नोटों तक पहुंच बढ़े

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने एक परिपत्र में कहा, 'अक्सर इस्तेमाल किए जाने वाले मूल्यवर्ग के बैंक नोट तक जनता की पहुंच बढ़ाने के लिए यह फैसला किया गया है कि सभी बैंक और व्हाइट लेबल एटीएम परिचालक (डब्ल्यूएलएओ) यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके एटीएम से नियमित आधार पर 100 रुपए और 200 रुपए के नोट भी निकलें।'





### 100-200 के नोटों की ज्यादा है मांग

परिपत्र के मुताबिक 30 सितंबर, 2025 तक 75 फीसदी एटीएम (ऑटोमेटेड टेलर मशीन) में कम से कम एक कैसेट से 100 रुपए या 200 रुपए मूल्यवर्ग के बैंक नोट निकलने चाहिए। आरबीआई ने इसके लिए 31 मार्च, 2026 तक का समय दिया है। बैंक इस समय तक अपने एटीएम में इस वर्ग के चैंबर की व्यवस्था कर सकते हैं।

### बैंक अधिकारियों में मचा हड़कंप

आरबीआई की तरफ से बैंकों को एटीएम में ज्यादा से ज्यादा 100 और 200 रुपए के नोटों की उपलब्धता बढ़ाने के लिए कहा गया है। यह आदेश बैंकों और व्हाइट लेबल एटीएम ऑपरेटर दोनों को सस्टिमेटकि तरीके से लागू करना होगा। इस आदेश के बाद देश के बैंकों और अधकिारियों में हड़कंप मचा हुआ है। क्योंकि इस आदेश के बाद बैंकों को एटीएम में इसकी व्यवस्था करनी होगी ।

## खबर संक्षेप




### सेंट्रल बैंक के लाभ में 28 फीसदी का इजाफा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का जनवरी-मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ 28 प्रतिशत बढ़कर 1,034 करोड़ रुपये हो गया। फंसे कर्जों में कमी आने से बैंक का मुनाफा बढ़ा है। बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही के नतीजों के बारे में शेयर बाजार को सूचना दी। एक साल पहले की समान तिमाही में उसने 807 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने कहा कि आलोच्य तिमाही में उसकी कुल आय एक साल पहले के 9,699 करोड़ रुपये से बढ़कर 10,433 करोड़ रुपये हो गई।

### महिंद्रा लाइफस्पेस के शुद्ध लाभ में 19 फीसदी की वृद्धि

**नई दिल्ली।** रियल्टी कंपनी महिंद्रा लाइफस्पेस डेवलपर्स लि. का शुद्ध लाभ मार्च 2025 को समाप्त तिमाही में 19 प्रतिशत बढ़कर 85.09 करोड़ रुपये रहा। एक साल पहले इसी तिमाही में इसका शुद्ध मुनाफा 71.48 करोड़ रुपये था। कंपनी ने कहा कि पिछले वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में कुल आय मामूली रूप से बढ़कर 55.44 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 54.60 करोड़ रुपये थी। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान, कंपनी का शुद्ध लाभ घटकर 60.94 करोड़ रुपये रहा। जो इससे पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में 97.95 करोड़ रुपये था। पिछले वित्त वर्ष में कुल आय बढ़कर 463.87 करोड़ रुपये हो गई ।




# सोना 1,050 रुपए चढ़ा चांदी 3,500 रुपए उछली

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अक्षय तृतीया से पहले आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की ताजा लिवाली के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमत 1,050 रुपए बढ़कर 99,450 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया को मनाया जाने वाला अक्षय तृतीया इस साल 30 अप्रैल को है। सोमवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,000 रुपये घटकर 98,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा था। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 1,100 रुपये उछलकर 99,000 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया, जबकि पिछले दिन यह 97,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

■ सोना चढ़कर 99,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर

इस साल अब तक सोने की कीमतों में पिछले साल 31 दिसंबर के 78,950 रुपये से 20,500 रुपये प्रति 10 ग्राम यानी 26 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। इसके अलावा, चांदी की कीमतों में भी 3,500 रुपये की उछाल आई है, जो करीब तीन सप्ताह में सबसे ज्यादा है।



### सराफा में तेजी कायम

पिछले बाजार सत्र में चांदी का भाव 98,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमतों में 19 मार्च को 1,000 रुपये की तेजी आई थी और यह अब तक के सबसे ऊंचे स्तर 1,03,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई थी। विशेषज्ञों के अनुसार, अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर सोने के बाजार में उत्साह है। अक्षय तृतीया भारत में सांस्कृतिक रूप से बहुत महत्वपूर्ण है, पारंपरिक रूप से इस दिन सोने की खरीद में उछाल आता है।

# उद्योगों ने सरकार से सस्ते स्टेनलेस स्टील के आयात से सुरक्षा मांगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

घरेलू स्टेनलेस स्टील उद्योग ने स्थानीय विनिर्माताओं के हितों की रक्षा करने के लिए सरकार से सुरक्षात्मक शुल्क जैसे कदम उठाने का आग्रह किया है। भारतीय स्टेनलेस स्टील विकास संघ (आईएसएसडीए) ने तैयार स्टील के बढ़ते आयात को भारतीय उद्योग के लिए बड़ा खतरा बताते हुए कहा कि उच्च लागत और बाजार की अस्थिरता से जूझ रहे स्थानीय उत्पादकों को अब सस्ते आयात से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है। उद्योग निकाय के अध्यक्ष राजमणि कृष्णमूर्ति ने इस स्थिति से निपटने के लिए 'मेक इन इंडिया' पहल पर ध्यान केंद्रित करने की बात कही। इसमें आयात शुल्क बढ़ाना, घरेलू उत्पादन क्षमता में सुधार करना और अनुचित व्यापार प्रथाओं पर ध्यान देना शामिल है। जिंदल स्टेनलेस के विजय शर्मा ने चीन के खिलाफ मुकाबले में समुचित अवसर की उम्मीद जताते हुए कहा कि चीन से सस्ता आयात पड़ोसी आसियान देशों के रास्ते भारत में खपाया जा रहा है।



### डायमंड पावर इंफ्रा को मिले 230 करोड़ रुपए के दो ठेके

**नई दिल्ली।** डायमंड पावर इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (डीपीआईएल) को बिजली केबल की आपूर्ति के लिए 230 करोड़ रुपये से अधिक के दो ठेके मिले हैं। डीपीआईएल की ओर से सोमवार को जारी बयान के अनुसार, कंपनी को दक्षिण गुजरात विज कंपनी लिमिटेड के तहत परियोजना के लिए राजेश पावर सर्विसेज लिमिटेड से 1,50,98,65,000 रुपये और बिजली केबल की आपूर्ति के लिए अदाणी इलेक्ट्रिसिटी मुंबई लिमिटेड से 79,27,80,051 रुपये का ठेका मिला है। डीपीआईएल भारत की सबसे बड़ी एकल-स्थान विद्युत केबल और कंडक्टर विनिर्माता कंपनी है।


# शेयर बाजार मामूली बढ़त के साथ बंद

एजेंसी ▶▶| मुंबई

वैश्विक स्तर पर तनाव से उपजी चिंताओं के बीच निवेशकों के सतर्क रुख अपना लेने से मंगलवार को स्थानीय शेयर बाजार उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में मामूली बढ़त के साथ बंद हुए। हालांकि रिलायंस इंडस्ट्रीज, इन्फोसिस और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज जैसी प्रमुख कंपनियों में भारी खरीदारी और विदेशी संस्थागत निवेशकों के प्रवाह ने घरेलू बाजार को समर्थन देने का काम किया।

■ निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 70.01 अंक चढ़कर 80,288.38 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 442.94 अंक बढ़कर 80,661.31 पर पहुंच गया था लेकिन बिकवाली के दबाव में नीचे आ गया। निफ्टी भी 7.45 अंक यानी 0.03 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 24,335.95 अंक पर बंद हुआ। जियोजित इन्वेस्टमेंट लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, /"भारत-पाकिस्तान सीमा पर तनाव को लेकर उपजी भू-राजनीतिक चिंताओं के बीच सतर्कता के कारण बाजार में काफी हद तक उतार-चढ़ाव देखने को मिला।



### इन शेयरों में रही बढ़त

*मंगलवार को सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से रिलायंस इंडस्ट्रीज, टेक महिंद्रा, इटरनल (पूर्व में जोमैटो), एचसीएल टेक, इन्फोसिस, इंडसइंड बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और बजाज फिनसर्व के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। इसके विपरीत, अल्ट्राटेक सीमेंट, सन फार्मा, पावर ग्रिड, एनटीपीसी, कोटक महिंद्रा बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयरों में गिरावट का रुख देखा गया।*

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग वि/यां संभाग जबलपुर**
Web site:-www.mp.gov.in/pwdmp Email :- eepwdelecjbp@mp.nic.in Tel./Fax No. 0761-2620792

निविदा सूचना क्रमांक 04/2025-26 व.ले.लि. **निविदा सूचना** जबलपुर, दिनांक. 25/04/2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है । उल्लेखित विद्युत कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू. मे) | अमानत की राशि (रू. मे) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.) मे | कार्य पूर्ण करने का समय | 1. ठेकेदार की श्रेणी 2. निविदा काल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2024_PWDRB_419863_1 | जबलपुर जिले के मेडिकल/बरगी/शहपुरा सेक्शन के अंतर्गत बाह्य विद्युतीकरण का कार्य । | Rs. 19.75 Lakh | Rs. 39500/- | Rs. 2000/- | up to 31/03/2026 | 1 नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं अ श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु, 2. प्रथम कॉल |
| 2 | 2024_PWDRB_419865_1 | जबलपुर जिले के कटंगा /गौरीघाट सेक्शन के अंतर्गत बाह्य विद्युतीकरण का कार्य । | Rs. 19.75 Lakh | Rs. 39500/- | Rs. 2000/- | up to 31/03/2026 | 1 नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं अ श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु, 2. प्रथम कॉल |
| 3 | 2024_PWDRB_419866_1 | जबलपुर जिले के विक्टोरिया / पाटन सेक्शन के अंतर्गत बाह्य विद्युतीकरण का कार्य । | Rs. 19.75 Lakh | Rs. 39500/- | Rs. 2000/- | up to 31/03/2026 | 1 नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं अ श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु, 2. प्रथम कॉल |
| 4 | 2024_PWDRB_419874_1 | जबलपुर जिले के होमसाइंस / सिहोरा सेक्शन के अंतर्गत बाह्य विद्युतीकरण का कार्य । | Rs. 19.75 Lakh | Rs. 39500/- | Rs. 2000/- | up to 31/03/2026 | 1 नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं अ श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु, 2. प्रथम कॉल |
| 5 | 2024_PWDRB_419876_1 | जबलपुर जिले के जे.ई.सी / कुण्डम सेक्शन के अंतर्गत बाह्य विद्युतीकरण का कार्य । | Rs. 19.75 Lakh | Rs. 39500/- | Rs. 2000/- | up to 31/03/2026 | 1 नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं अ श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु, 2. प्रथम कॉल |
| 6 | 2024_PWDRB_419881_1 | जबलपुर जिले के जे.ई.सी सेक्शन के अंतर्गत सब स्टेशन के विद्युत पैनल का कार्य । | Rs. 14.02 Lakh | Rs. 28040/- | Rs. 2000/- | 1 Month | 1 नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं अ श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु, 2. प्रथम कॉल |
| 7 | 2024_PWDRB_419883_1 | जबलपुर जिले के मेडिकल आउटर के अंतर्गत विद्युतीकरण का जोनल कार्य । | Rs. 19.00 Lakh | Rs. 38000/- | Rs. 2000/- | up to 31/03/2026 | 1 नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं ब श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु, 2. प्रथम कॉल |
| 8 | 2024_PWDRB_419884_1 | जबलपुर जिले के पाटन सेक्शन के अंतर्गत विद्युतीकरण का जोनल कार्य । | Rs. 18.00 Lakh | Rs. 36000/- | Rs. 2000/- | up to 31/03/2026 | 1 नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं ब श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु, 2. प्रथम कॉल |
| 9 | 2024_PWDRB_419885_1 | जबलपुर जिले के हेडक्वाटर सेक्शन अंतर्गत सबमर्सिबल पंप मोनोब्लॉक पंप बूसटर पंप एव गीजर आदि का विद्युतीकरण कार्य। | Rs. 15.00 Lakh | Rs. 30000/- | Rs. 2000/- | up to 31/03/2026 | 1 नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं ब श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु, 2. प्रथम कॉल |
| 10 | 2024_PWDRB_419886_1 | जबलपुर जिले के एम.एम.वी सेक्शन अंतर्गत सबमर्सिबल पंप मोनोब्लॉक पंप बूसटर पंप एव गीजर आदि का विद्युतीकरण कार्य। | Rs. 15.00 Lakh | Rs. 30000/- | Rs. 2000/- | up to 31/03/2026 | 1 नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं ब श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु, 2. प्रथम कॉल |
| 11 | 2024_PWDRB_419887_1 | जबलपुर जिले के एम.एम.वी सेक्शन अंतर्गत एयरकंडिशनर मरम्मत का विद्युतीकरण कार्य । | Rs. 12.00 Lakh | Rs. 24000/- | Rs. 2000/- | up to 31/03/2026 | 1 नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं ब श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु, 2. प्रथम कॉल |
| 12 | 2024_PWDRB_419888_1 | जबलपुर जिले के हेडक्वाटर सेक्शन अंतर्गत एयरकंडिशनर मरम्मत का विधुतीकरण कार्य। | Rs. 12.00 Lakh | Rs. 24000/- | Rs. 2000/- | up to 31/03/2026 | 1 नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं ब श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु, 2. प्रथम कॉल |
| 13 | 2024_PWDRB_419889_1 | जबलपुर जिले के म.प्र. उच्च न्यायालय में स्थापित 3X500 के.व्हीए. सबस्टेशन एवं प्रशासनीक भवन में स्थापित 11 केव्ही सबस्टेशन (1X315 के. व्ही. ए. ) ट्रांसफार्मर का वार्षिक रखरखाव का कार्य ।(2 वर्ष हेतु) | Rs. 23.64 Lakh | Rs. 47280/- | Rs. 5000/- | 2 Years | 1 नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं अ श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु, 2. प्रथम कॉल |
| 14 | 2024_PWDRB_419891_1 | जबलपुर जिले के कन्डोमिनियम बिल्डिग स्थित कोने मेक लिफ्ट के 3 वर्ष का ओ.ई.एम. द्वारा वार्षिक रखरखाव का कार्य । | Rs. 23.78 Lakh | Rs. 47560/- | Rs. 5000/- | 3 Years | 1 नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं अ श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु, 2. प्रथम कॉल |

उपरोक्त वेबसाइट आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 07/05/2025 है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा । पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा ।

G-12185/25 कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग वि./यां. संभाग जबलपुर

**खंड-1**
**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**
**मध्य प्रदेश शासन**
**कार्यालय पूर्व छिंदवाडा वनमण्डल छिंदवाडा मध्य प्रदेश**

ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 01/ई-टेंडरिंग / 2025-26 दिनांक 24/04/2025 1. वनमण्डलाधिकारी पूर्व छिंदवाडा वनमंडल छिंदवाडा द्वारा म.प्र. भण्डार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम, 2015 ( यथा संशोधित 2022 ) के अन्तर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सामग्री का नाम | स्पेशिफिकेशन | अनुमानित मात्रा |
|---|---|---|---|
| | **भवन निर्माण हेतु सामग्री** | | |
| 1 | लोहा (प्रति कि.ग्रा.)ISI Thermo mechanically treated bars (TMT) | 6mm, 8mm, 10mm, 12mm, 16mm | 8000 किलोग्राम |
| 2 | सीमेंट (ISI) मेजर प्लांट (Rate per bag) | OPC GRADE 33, OPC GRADE 43 AND PPC | 1500 Bags |
| 3 | रेत (दर प्रति घ.मी.) | मिट्टी, धुल, मिलावट आदि अशुद्धी रहित रेत | 160 घ.मी. |
| 4 | गिट्टी (दर प्रति घ.मी.) | 20mm, 40mm | 120 घ.मी. |
| 5 | ईंट (दर प्रति सैकड़ा) | Fly Ash (20x10x10 cm) Brick Bhatti Wali | 120000 नग |
| | | CLASS 1 (20x10x10 CM) | आवश्यकतानुसार |
| 6 | स्टोन डस्ट (दर प्रति घ. मी. ) | 0-5 MM साफ शुद्ध एवं गुणवत्ता पूर्ण | आवश्यकतानुसार |
| 7 | मुरुम ( दर प्रति घ.मी.) | साफ शुद्ध एवं गुणवत्ता पूर्ण | आवश्यकतानुसार |
| 8 | खिड़की / वेन्टिलेटर Iron Gril (Rate quoted is for Kg) | लोहे से निर्मित फिनिसिंग युक्त | आवश्यकतानुसार |
| 9 | दरवाजे WMD-1.3'6" X 7'0" Feet, 2.2'9" X 7'0" Feet | 1. पाईनवूड से बना हुआ एवं वुडन पेंट किया गया हो । 2. आई.एस. आई प्रमाणित । 3. दरवाजे की मोटाई 30 एम. एम. | आवश्यकतानुसार |
| 10 | दरवाजे PVC Screen (ठोस)1.3'6" X 7'0" Feet, 2.2'9" X 7'0" Feet | 1. पाईनवूड से बना हुआ एवं वुडन पेंट किया गया हो । 2. आई.एस. आई प्रमाणित । 3. दरवाजे की मोटाई 30 एम. एम. | आवश्यकतानुसार |
| 11 | दरवाजे WPC (Wood Plastic Composite) (ठोस)1.3'6" X 7'0" Feet, 2'29" X 7'0" Feet | 1. WPC से बना हुआ । 2. आई. एस. आई प्रमाणित । 3. दरवाजे की मोटाई 30 एम.एम. तक । 4. 50 डेन्सिटी | आवश्यकतानुसार |
| 12 | दरवाजे Hollo PVC (बाथरूम के लिए चौखट सहित ) (ठोस)1.2'9" X 7'0" Feet, | 1. PVC से बना हुआ । 2. आई.एस.आई प्रमाणित । 3.दरवाजे की मोटाई 20 एम.एम. से 30 एम.एम. तक । 4. कब्जा एलड्राप सहित | आवश्यकतानुसार |
| 13 | दरवाजा चौखट WPC (Wood Plastic Composite) (ठोस)1.3'6" X 7'0" Feet, 2.2'9" X 7'0" Feet | 1.WPC से बना हुआ । 2. आई. एस. आई प्रमाणित । 3. 50 डेन्सिटी 4. होलपास सहित | आवश्यकतानुसार |
| 14 | खिड़की चौखट WPC (Wood Plastic Composite) (ठोस) 1. 5" X 4.6"x3" Feet 2. 4" X 4.6"x3"Feet | 1.WPC से बना हुआ । 2. आई. एस. आई प्रमाणित । 3. 50 डेन्सिटी 4. होलपास सहित | आवश्यकतानुसार |
| 15 | दरवाजा चौखट लकड़ी का ( साजा / हल्दू) 1. 3'6" X 7'0"x3" Feet 2. 2'9" X 7'0" x3"Feet | 1. लकड़ी से बना हुआ 2. होलपास सहित 3. फिनिश किया हुआ 4. पोलिस किया हुआ | आवश्यकतानुसार |
| 16 | खिड़की चौखट लकड़ी का ( साजा / हल्दू) 1. 5" X 4.6"x3" Feet 2. 4" X 4.6"x3"Feet | 1. लकड़ी से बना हुआ 2. होलपास सहित 3. फिनिश किया हुआ 4. पोलिस किया हुआ | आवश्यकतानुसार |
| 17 | Sliding Window Sliver Color Rate quoted is for sq.ft.) | 1 MM Thick ISI Certified | आवश्यकतानुसार |
| | | 1.5MM Thick ISI Certified | आवश्यकतानुसार |
| 18 | Sliding Window Black Color Rate quoted is for sq.ft.) | 1 MM Thick ISI Certified | आवश्यकतानुसार |
| | | 1.5MM Thick ISI Certified | आवश्यकतानुसार |
| 19 | Mosquito Mat Door (Rate quoted is for sq.ft.) मच्छर जाली दरवाजा | 1 MM Thick ISI Certified | आवश्यकतानुसार |
| | | 1.5MM Thick ISI Certified | आवश्यकतानुसार |
| 20 | Profile Sheet (Iron Sheet) (Rate quoted is for sq.ft.) | 7mm , मोटाई (22 गेज ) ISI Certified | आवश्यकतानुसार |
| 21 | लोहा पाईप (चौकोर) (Rate quoted is for Kg) | 2'x2' (1.6 mm) (16 गेज) | आवश्यकतानुसार |
| 22 | लोहे का गेट / बोर्ड (Rate quoted is for Kg) | लोहे से निर्मित फिनिसिंग युक्त | आवश्यकतानुसार |
| 23 | जी.आई. तार (किलोग्राम में ) | ISI Certified | आवश्यकतानुसार |

टीप :-
- उपरोक्त सामग्री की मात्रा किसी भी सीमा तक कम या अधिक हो सकती है ।
- निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर नि:शुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते हैं।
- इच्छुक निविदाकार क्रेडिट / डेबिट / कैश कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 01/05/2025 Time 01.00 PM से दिनांक 21/05/2025 की 01.00 PM तक केवल ऑनलाइन खरीद सकते है। ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्त्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होंगी।
- ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र / परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में नहीं।
- ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल: https://www.mptenders.gov.in/

G12149/25 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"

# फॉक्सकॉन का भारत में राजस्व हुआ 20 अरब डॉलर के पार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ताइवान की दिग्गज इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माता फॉक्सकॉन का भारत में राजस्व आईफोन उत्पादन में उछाल के कारण वित्त वर्ष 2024-25 में दोगुना से अधिक बढ़कर 20 अरब डॉलर (लगभग 1.7 लाख करोड़ रुपये) हो गया। इस मामले से परिचित सूत्रों ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में भारत में फॉक्सकॉन के कर्मचारियों की कुल संख्या भी 65 प्रतिशत बढ़कर लगभग 80,000 हो गई।

■ ताइवान की कंपनी भारत में आईफोन बनाती है

एक सूत्र ने पीटीआई-भाषा से कहा, /"वित्त वर्ष 2024-25 में भारत में फॉक्सकॉन का राजस्व दोगुना से अधिक होकर 20 अरब डॉलर से अधिक हो गया है। इसके कर्मचारियों की संख्या भी 80,000 से अधिक हो गई है।/" हालांकि इसकी पुष्टि के लिए फॉक्सकॉन को भेजे गए ईमेल का कोई जवाब नहीं मिला। फॉक्सकॉन दिग्गज अमेरिकी कंपनी एप्पल के लोकप्रिय उत्पाद आईफोन का विनिर्माण करने के लिए जानी जाती है। एप्पल ने भारत में आईफोन का उत्पादन बढ़ाने की घोषणा कर इसे और भी तेजी देने के संकेत दिए हैं। भारत में विनिर्मित स्मार्टफोन का निर्यात वित्त वर्ष 2024-25 में दो लाख करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्च स्तर को पार कर गया जिसमें अकेले आईफोन की हिस्सेदारी 1.5 लाख करोड़ रुपये की है।

### एप्पल भी भारत में आईफोन का विनिर्माण कर रही

सूत्रों ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में फॉक्सकॉन का राजस्व कई गुना बढ़ने की उम्मीद है क्योंकि एप्पल कथित तौर पर अमेरिकी बाजार में बिक्री के लिए सभी आईफोन का विनिर्माण भारत में ही करने पर विचार कर रही है।

### चीन के बाहर भारत में दूसरी बड़ी इकाई

फॉक्सकॉन 2.8 अरब डॉलर (लगभग 25,000 करोड़ रुपये) के निवेश के साथ बेंगलुरु के पास देवनहल्ली में चीन के बाहर अपनी दूसरी सबसे बड़ी इकाई स्थापित करने की प्रक्रिया में है। इस संयंत्र से 40,000 से अधिक रोजगार सृजित होने की उम्मीद है।

### स्टार्टअप कंपनी कल्ट ने जुटाए दो करोड़ डॉलर

**नई दिल्ली।** प्रौद्योगिकी आधारित सौंदर्य स्टार्टअप कल्ट ने कारोबार का विस्तार करने के लिए एम3एम फैमिली ऑफिस सहित निवेशकों से दो करोड़ अमेरिकी डॉलर (170 करोड़ रुपये से अधिक) जुटाए हैं। कंपनी का लक्ष्य अपने मोबाइल ऐप आधारित मंच के जरिए चालू वित्त वर्ष में 700 करोड़ रुपये के उत्पाद बेचना है। कल्ट ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उसने पायल कनोडिया और ऐश्वर्या बंसल की अगुवाई में एम3एम फैमिली ऑफिस से सीरीज ए वित्त पोषण में दो करोड़ डॉलर जुटाए हैं।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन) लोक निर्माण विभाग, सिविल लाईन नरसिंहपुर (म.प्र.)**

एनआईटी नं.- 10 /2025 / केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण / सा / एपीडी / .... जबलपुर दिनांक 24.04.2025

| सं. क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रू. लाख में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) | कार्यालय का नाम जहां ईएमडी एवं तकनीकी बिड भौतिक रूप से प्राप्त की जावेगी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2025_PWPIU_419467_1 | शासकीय मिडिल स्कूल भवन लोलरी ब्लॉक नरसिंहपुर चांवरपाठा जिला नरसिंहपुर का निर्माण कार्य । | नरसिंहपुर | 153.82 | 153820 | 12500 | 12 (बारह) माह वर्षाऋतु सहित | कार्यालय मुख्य अभियंता (भवन) लो.नि.वि. साउथ सिविल लाइन, जी. सी. एफ. बैरियर के पास जबलपुर (म.प्र.) |

1- निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट / डेबिट / कैशकार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा। 2- निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 26.04.2025 समय 9.00 से दिनांक 10.05.2025 समय 18.00 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी बेबसाईट पर देखी जा सकती है। 3- निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।

कार्यपालन यंत्री
G-12154/25 "पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार" (भवन) लोक निर्माण विभाग, नरसिंहपुर ( म.प्र.)

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन) लोक निर्माण विभाग, जिला - छिन्दवाड़ा (म. प्र. )**
PHONE No. 07162-243214 E-mail:-pwdpiu12cwa@gmail.com

एनआईटी नं.- 10/2025 / केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण / भवन / व.ले. लि. छिन्दवाड़ा दिनांक 24.04.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :-

| सं. क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रू. लाख में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) | कार्यालय का नाम जहां ईएमडी एवं तकनीकी बिड भौतिक रूप से प्राप्त की जावेगी | 90 प्रतिशत अविवादित एम.ओ.यू. निष्पादित एवं भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | 2025_PWPIU_419063_1 | पांढुर्ण जिला पांढुर्णा में नवीन न्यायालय भवन के शेष निर्माण कार्य । (शेष कार्य) (प्रथम आमंत्रण) | पांढुर्णा | 765.48 | 765480.00 | 20000.00 | 12 माह वर्षाऋतु सहित | मुख्य अभियंता (भवन) लो.नि.वि. जबलपुर | एम.ओ.यू. निष्पादित एवं भूमि प्राप्त |
| 2 | 2025_PWPIU_419064_1 | परासिया जिला छिन्दवाड़ा में नवीन न्यायालय भवन के शेष निर्माण कार्य । (शेष कार्य ) (प्रथम आमंत्रण) | छिन्दवाड़ा | 594.23 | 594230.00 | 20000.00 | 12 माह वर्षाऋतु सहित | मुख्य अभियंता (भवन) लो.नि.वि. जबलपुर | एम.ओ.यू. निष्पादित एवं भूमि प्राप्त |
| | | योग | | 1359.71 | | | | | |

1- निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट बेवसाईट http://www.mptenders.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे। 2- निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट / डेबिट / कैशकार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा । 3- निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 26.04.2025 समय 09:00 से दिनांक 11.05.2025 समय 18.00 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी बेबसाईट पर देखी जा सकती है । 4- निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।

कार्यपालन यंत्री
G-12150/25 "स्वच्छता ही सेवा" (भवन) लोक निर्माण विभाग, जिला - छिन्दवाड़ा (म. प्र. )

## चिंतन

# आतंकवाद के खिलाफ 'खुली छूट' वक्त का तकाजा

पहलगाम आतंकी हमले के बाद से देश में आक्रोश है। लोग जल्द से जल्द हमलावर आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई चाहते हैं। इसी कड़ी में पीएम नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय बैठक हुई। बैठक में प्रधानमंत्री ने साफ संदेश दिया है कि आतंकवाद को कुचलना राष्ट्रीय संकल्प है। सरकार ने आतंकियों के खिलाफ एक्शन के लिए सेना को खुली छूट दी है। पहलगाम हमले को अंजाम देने वाले आतंकियों, उनके मददगारों व साजिशकर्ताओं के खिलाफ एक्शन के लिए सेना अपने हिसाब से तरीका, टारगेट और समय तय करेगी। 22 अप्रैल को पहलगाम में पर्यटकों पर हमला कर आतंकियों ने 27 बेकसूर निहत्थे लोगों को मौत के घाट उतार दिया था। हमले की जिम्मेदारी लश्कर के छद्म गुट द रिजसटेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली, जिससे इस हमले से पाकिस्तान का तार जुड़ा। लश्करे तैयबा पाकिस्तान स्थित आतंकी गुट है। हमले के बाद से सरकार ने अनेक कदम उठाए हैं, जिनसे पाकिस्तान को भी संदेश दिया गया है और घरेलू स्तर पर भी आतंक के खिलाफ कार्रवाई की गई है। अच्छी बात है कि इस संकट की घड़ी में देश पूरी तरह एकजुट है, राजनीतिक रूप से भी व सामाजिक-धार्मिक रूप से भी। वक्त का तकाजा है कि सरकार इस हमले के दोषियों को अंजाम तक पहुंचाए और इसलिए प्रधानमंत्री ने तीनों सेनाओं को जवाबी कार्रवाई क्या होगी, कब होगी और क्या टारगेट होगा, ये तय करने की पूरी तरह से ऑपरेशनल छूट दी है। इस बीच विश्व स्तर पर भी पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा हुई है और विश्व के अधिकांश राष्ट्रों ने भारत के प्रति एकजुटता दिखाई है। भारत ने कहा है कि हमले के बाद वैश्विक नेताओं की ओर से 'मजबूत, स्पष्ट' समर्थन और एकजुटता, आतंकवाद के प्रति अंतरराष्ट्रीय समुदाय की कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति का प्रमाण है। 2008 में हुए 26/11 के भीषण मुंबई हमलों के बाद पहलगाम आतंकवादी हमले में इतनी अधिक संख्या में आम नागरिक मारे गए हैं। दशकों से सीमा पार आतंकवाद का शिकार होने के कारण भारत इस बात को अच्छी तरह समझता है कि इस तरह के कृत्यों का पीड़ितों, उनके परिवारों और समाज पर दीर्घकालिक असर पड़ता है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर, इतालवी प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस सहित वैश्विक नेताओं ने भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की। पिछले हफ्ते 15 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने एक प्रेस वक्तव्य जारी कर जम्मू कश्मीर में आतंकवादी हमले की 'अत्यधिक कड़े शब्दों में' निंदा की। सुरक्षा परिषद ने जोर दिया कि इन हत्याओं के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए और ''आतंकवाद के इस निंदनीय कृत्य'' को अंजाम देने वाले और उसके प्रायोजकों को न्याय के कठघरे में लाया जाना चाहिए। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने खुलेआम कबूल किया है कि उनके देश का आतंकवादी संगठनों का समर्थन और वित्तपोषण करने का इतिहास रहा है और यह कबूलनामा उजागर करता है कि पाकिस्तान वैश्विक आतंकवाद को बढ़ावा देने वाला देश है। भारत के लिए आतंकवाद के खिलाफ कड़ा एक्शन लेने का यह अच्छा मौका है, क्योंकि अधिकांश वैश्विक समर्थन नई दिल्ली के पक्ष में हैं और पाकिस्तान की ओर से भी आतंकवाद को पालने-पोसने की स्वीकारोक्ति है।


# आतंकवाद पर करारी चोट जरूरी



पहलगाम हमला
रविशंकर

जम्मू-कश्मीर में सामान्य स्थिति बहाल करना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार का एक बड़ा वादा था। साल 2019 में सरकार ने अनुच्छेद 370 हटाया था। इसके ज़रिए जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा ख़त्म किया गया। उस समय प्रधानमंत्री मोदी ने अनुच्छेद 370 की निंदा की थी। उन्होंने कहा था कि अनुच्छेद 370 एक औज़ार है। इसका इस्तेमाल करके कश्मीर में आतंक, हिंसा और भ्रष्टाचार फैलाया जा रहा था। तब से लेकर पहलगाम हमले तक, मोदी सरकार का दावा रहा है कि उनके शासन के 10 सालों के दौरान जम्मू-कश्मीर में शांति और अहिंसा का एक नया दौर आया है। लेकिन पहलगाम में आतंकी हमले के बादल अब बहुत सारे सवाल उठ रहे हैं।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार की कश्मीर नीति पर भी सवाल उठ रहे हैं। जम्मू-कश्मीर में सामान्य स्थिति बहाल करना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार का एक बड़ा वादा था। साल 2019 में सरकार ने अनुच्छेद 370 हटाया था। इसके ज़रिए जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा ख़त्म किया गया। उस समय प्रधानमंत्री मोदी ने अनुच्छेद 370 की निंदा की थी। उन्होंने कहा था कि अनुच्छेद 370 एक औज़ार है। इसका इस्तेमाल करके कश्मीर में आतंक, हिंसा और भ्रष्टाचार फैलाया जा रहा था। तब से लेकर पहलगाम हमले तक, मोदी सरकार का दावा रहा है कि उनके शासन के 10 सालों के दौरान जम्मू-कश्मीर में शांति और अहिंसा का एक नया दौर आया है। लेकिन पहलगाम में आतंकी हमले के बादल अब बहुत सारे सवाल उठ रहे हैं। इनमें सबसे बड़ा सवाल सरकार की कश्मीर नीति पर है, जो उसने दावे किए।ऐसे में यह सवाल भी उठाया जा सकता है कि उसकी कश्मीर नीति सफल रही है,या विफल? या उससे कोई फर्क नहीं पड़ा है। जरा याद कीजिए, साल 2019 में अनुच्छेद 370 हटाने के पांच साल बाद प्रधानमंत्री मोदी ने साल 2024 में पहली बार जम्मू कश्मीर का दौरा किया। उनका यह दौरा लोकसभा चुनाव के कुछ दिन पहले हुआ था। श्रीनगर में एक बड़ी सभा में प्रधानमंत्री ने कहा था कि कश्मीरी अब आजादी से सांस ले रहे है। अनुच्छेद 370 के हटने के बाद कश्मीर प्रगति और समृद्धि की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। दशकों तक कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने अनुच्छेद 370 के बारे में जम्मू-कश्मीर और देश के लोगों को गुमराह किया। हालांकि, इस दौरान कठिनाइयां भी आईं। साल 2017 में अमरनाथ यात्रियों पर चरमपंथियों ने हमला किया। इसमें आठ यात्रियों की मौत हो गई। साल 2019 में अनुच्छेद 370 हटने से पहले, घाटी के पुलवामा में चरमपंथी हमले में 40 सीआरपीएफ़ जवान मारे गए। ना जाने इस तरह की और भी कई छोटी-बड़ी घटनाएं घाटी में घटित हुईं। 2014 में मोदी और उनकी पार्टी जब चुनाव प्रचार कर रही थी तब उन्होंने वादा किया था कि कश्मीर के मामले में अब तक जो निरर्थक रवैया अपनाया जाता रहा है उसके विपरीत वे सख्त रवैया अपनाएंगे। सरकार की कमजोरी का उदाहरण देने के लिए कश्मीरी पंडितों की बदहाली का हवाला दिया जाता था और कहा जाता था कि सेकुलर पार्टियों ने 1990 में उन्हें किस तरह निराश किया। कहा जाता था कि मोदी सरकार आतंकवादियों को, चाहे वे भारतीय हों या पाकिस्तानी, दिखा देगी कि उनके दिन अब लद गए। लेकिन उसके बाद से महीना-दर-महीना आतंकवादी यह दिखाते रहे कि वे ऐसा नहीं मानते। अनुच्छेद 370 को रद करने के फैसले का तो हम स्वागत करते हैं मगर घाटी के हालात को असंतोषजनक भी क्यों कहते हैं। इसकी वजह यह है कि संविधान से जुड़ा वह फैसला उच्चतर राजनीतिक-रणनीतिक दायरे में किया गया, जमीनी हकीकत के मद्देनजर नहीं। इसलिए यह अपेक्षा रखना खामख्याली ही होगी कि इससे आतंक, हिंसा,अलगाव और आप कहना चाहें तो घाटी में इस्लामी जिहाद आदि सब खत्म हो जाएंगे। आप कह सकते हैं कि यह मोदी सरकार और बीजेपी की ही गलती है कि उसने इस कदम को एक नई साहसिक सुबह लाने वाला और अंधेरे को खत्म करने वाला कदम बताकर



खूब प्रचारित किया। मालूम हो,जब तक अनुच्छेद 370 संविधान में मौजूद था और कश्मीर को भारत में विशेष दर्जा हासिल था,तब तक सारा संसार और पाकिस्तान यह मान रहा था कि जम्मू-कश्मीर के दर्जे पर बातचीत हो सकती है। इसलिए वे भी उम्मीद लगाए बैठे थे। लेकिन पांच अगस्त ने वह सब खत्म कर दिया है। इसके बाद से,भारत की ओर से संदेश यह जा रहा था कि जम्मू-कश्मीर भारत के दूसरे सभी राज्यों जैसा ही एक राज्य है और बातचीत उस क्षेत्र के बारे में हो सकती है जिस पर आपने कब्जा कर रखा है और जिसका नाम 'पीओके' है। मोदी सरकार की सफलता यह है कि संयुक्त राष्ट्र समेत पूरी दुनिया इस बात को लगभग तय मान चुकी है। इसीलिए हमने इस फैसले को साहसिक बदलाव कहा। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि मोदी सरकार की कश्मीर नीति राज्य का दर्जा बदलने और वार्ता के मुद्दे को पुनर्परिभाषित करने के मामले में सफल रही है। लेकिन चूंकि उसने इसे अपने समर्थकों के बीच बहुत बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया इसलिए वह जमीन पर विफल हुई नजर आ रही है। पुलवामा या गलवान के विपरीत,जहां रक्षाकर्मी शहीद हुए, बैसरन में आतंकवादियों ने निर्ममतापूर्वक नागरिकों को चुन-चुनकर निशाना बनाया। यह हमला ऐसे समय में हुआ जब केंद्र सरकार राज्य में आतंकवाद के खात्मे के दावे कर रही थी। बीते वर्षों में लगातार यह कहा जाता रहा कि आतंकियों की संख्या घट गई है और आतंकी नेटवर्क लगभग समाप्ति की ओर है। लेकिन यदि यह स्थिति वास्तव में इतनी बेहतर थी, तो पहलगाम जैसे सुरक्षित और संवेदनशील क्षेत्र में आतंकवादी कैसे खुलेआम गोलियां बरसाकर फरार हो गए? यह प्रश्न इसलिए भी गंभीर है क्योंकि यह इलाका न केवल पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है, बल्कि अमरनाथ यात्रा का प्रमुख आधार स्थल भी है, जहां हर साल लाखों श्रद्धालु आते हैं। सुरक्षाबलों और खुफिया एजेंसियों की इतनी मौजूदगी के बावजूद हमले की पूर्व सूचना का न होना, संदिग्ध गतिविधियों की पहचान न कर पाना, और हमलावरों का आसानी से भाग निकलना यह दर्शाता है कि हमारी सुरक्षा व्यवस्था अब भी सतही सफलता से ऊपर नहीं उठ सकी है। जब सरकार यह कहती है कि आतंकवाद अपने अंतिम दौर में है, तो क्या इसका मतलब यह है कि हम पहले से अधिक ढिलाई बरतने लगे हैं? क्या यह आत्ममुग्धता नहीं है कि हम केवल आंकड़ों और बयानों के सहारे अपनी पीठ थपथपा रहे हैं, जबकि जमीन पर आतंक अब भी जिंदा है? हम इस बात को नजरअंदाज नहीं कर सकते कि जम्मू-कश्मीर में 2019 से लेकर 2024 के बीच छोटे-बड़े सैकड़ों आतंकी घटनाएं घटित हुई हैं। साफ है, घाटी के हालात तब तक नहीं सुधर सकते जब तक वहां राजनीतिक निर्वात बना रहेगा। पहलगाम हमले में मारे गए निर्दोष पर्यटक केवल एक संख्या नहीं, बल्कि वे हमारी सामूहिक लापरवाही का प्रतीक हैं। यदि हम अब भी नहीं चेते, तो यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि आने वाले समय में आतंकवाद और भी अधिक भयावह रूप में लौट सकता है। यह वक्त बयान देने का नहीं, बल्कि सख्त आत्ममंथन और निर्णायक कार्रवाई का है। जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खात्मे के लिए देश और इसके समूचे तंत्र की कितनी ऊर्जा लगी है, यह सभी जानते हैं। विडंबना यह है कि दशकों पहले से जारी इस समस्या से पार पाने के लिए सरकारों ने दावे तो बहुत किए,वक्त के साथ नए उपाय भी किए गए,लेकिन आज भी वहां जिस स्तर की आतंकवादी गतिविधियां चल रही दिखती हैं,वह देश के सामने एक बड़ी चुनौती है। भारत की ओर से लगातार चेतावनी के बावजूद पाकिस्तान लश्कर-ए-तैयबा जैसे आतंकी संगठनों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई करने की जहमत नहीं उठाता, इसलिए देश की निगाहें अब एक बार फिर से मोदी पर होंगी।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## कूटनीति
विवेक शुक्ला




# जंग हुई तो क्या चीन देगा पाक का साथ!

पहलगाम में 26 मासूम लोगों के कत्ल के बाद भारत-पाकिस्तान आमने-सामने हैं। क्या दोनों पड़ोसी मुल्कों के बीच जंग होगी? क्या जंग हुई तो चीन पाकिस्तान के साथ खड़ा होगा? इन सवालों पर समर नीति और कूटनीति के जानकार आजकल माथापच्ची कर रहे हैं। अगर बात कारगिल जंग ( 1999) की करें तो तब चीन ने पाकिस्तान का खुलकर या प्रत्यक्ष रूप से सैन्य या राजनयिक समर्थन नहीं किया था। भले ही चीन और पाकिस्तान के बीच गहरे रणनीतिक संबंध हैं, जिन्हें अक्सर सदाबहार दोस्ती कहा जाता है। पाकिस्तान के नेता हर संकट के वक्त बीजिंग पहुंच जाते हैं कटोरा लेकर। दरअसल कारगिल संघर्ष के दौरान चीन की प्रतिक्रिया काफी सधी हुई थी। चीन ने तब आधिकारिक तौर पर भारत और पाकिस्तान से संयम बरतने और बातचीत के माध्यम से मुद्दे को हल करने का आग्रह किया। यानी चीन उस समय पाकिस्तान के साथ खड़ा नहीं हुआ था। चीन ने नियंत्रण रेखा का सम्मान करने का दोनों पक्षों से आग्रह किया था। यह परोक्ष रूप से पाकिस्तान की आलोचना थी, क्योंकि पाकिस्तानी सेना ने नियंत्रण रेखा का उल्लंघन करके भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ की थी। जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी के चीनी विभाग के अध्यक्ष प्रो. तान चुंग का कहना था कि चीन बहुत प्रेक्टिल देश है। वह बहुत सोच-समझकर ही खुलकर किसी देश के साथ खड़ा होता है। जानकारों का कहना है कि जब कारगिल युद्ध के समय तत्कालीन पाकिस्तानी सेना प्रमुख परवेज़ मुशर्रफ़ समर्थन मांगने चीन गए, तो चीनी नेतृत्व ने उन्हें पीछे हटने और मामले को शांतिपूर्वक सुलझाने की सलाह दी। चीन इस संघर्ष को बढ़ते हुए नहीं देखना चाहता था। चीन का मत था कि दो परमाणु-सशस्त्र पड़ोसियों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध रहने चाहिए। दरअसल, तब चीन ने पाकिस्तान की कार्रवाई की सार्वजनिक रूप से निंदा नहीं की थी, पर उसने पाकिस्तान की कारगिल में सैन्य घुसपैठ का समर्थन भी नहीं किया था। 1965 और 1971 के भारत-पाक युद्धों में चीन ने पाकिस्तान का समर्थन जरूर किया था, लेकिन 'खुलकर साथ' होने की व्याख्या थोड़ी जटिल है और दोनों युद्धों में उसकी भूमिका थोड़ी अलग थी। चीन ने 1965 की जंग के वक्त भारत की कड़ी आलोचना की और पाकिस्तान को अपना पूर्ण राजनयिक समर्थन दिया। चीन ने भारत पर सिक्किम सीमा पर उल्लंघन का आरोप लगाते हुए सैन्य कार्रवाई की धमकी दी। उसने सीमा के पास अपनी सेना की कुछ गतिविधियां भी बढ़ाईं, जिससे भारत पर दूसरा मोर्चा खुलने का दबाव बना। यह पाकिस्तान के लिए एक महत्वपूर्ण नैतिक और रणनीतिक समर्थन था। हालांकि चीन ने धमकियां दीं और दबाव बनाया, लेकिन उसने भारत के खिलाफ सीधे तौर पर कोई बड़ी सैन्य कार्रवाई नहीं की। उसका समर्थन मुख्यतः राजनयिक और मनोवैज्ञानिक दबाव तक ही सीमित रहा। वह सीधे युद्ध में शामिल नहीं हुआ। चीन ने 1971 में भी पाकिस्तान का राजनयिक समर्थन जारी रखा और भारत के हस्तक्षेप की आलोचना की, खासकर संयुक्त राष्ट्र में। हालांकि 1971 में चीन का दबाव काफी कम था। कूटनीति मामलों के जानकार इसके कई कारण बताते हैं। भारत-सोवियत संधि (1971) ने चीन को हतोत्साहित किया, क्योंकि भारत पर हमले की स्थिति में सोवियत संघ के हस्तक्षेप की संभावना थी। चीन उस समय सोवियत संघ के साथ तनावपूर्ण संबंध रखता था। इसके साथ ही सर्दियों में हिमालय के दुर्गम दर्रों से बड़े पैमाने पर सैन्य कार्रवाई करना चीन के लिए बहुत मुश्किल था। मतलब चीन ने 1971 में भी कोई सीधा सैन्य हस्तक्षेप नहीं किया। एक बात समझ लें कि भले ही भारत-चीन के बीच सीमा विवाद है, पर चीन को मालूम है कि भारत उसके उत्पादों के लिए एक बड़ा बाजार है। यह बात उसे आजकल खासतौर पर समझ आ रही होगी क्योंकि अमेरिका उस पर भारी-भरकम टैरिफ लगा रहा है। फिलहाल भारत-चीन के बीच सालाना आपसी व्यापार 125 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया है। समझ लें कि भारत-चीन ने तय कर लिया है कि इनका जटिल सीमा विवाद का कोई हल निकले या ना निकले, पर ये अपने आपसी कारोबारी संबंधों को प्रभावित नहीं होने देंगे। हमारा चीन के साथ कुछ साल पहले तक व्यापार घाटा 29 अरब रुपए तक का हो गया था। पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला भी मानते हैं कि इस व्यापार घाटे को संतुलित करने की जरूरत है। पर फिलहाल सबकी निगाहें इस बात पर है कि भारत-पाक के बीच जंग वाली स्थिति बनी तो चीन किसका साथ देगा। तो जान लें कि चीन युद्ध की स्थिति में पाक का खुलकर साथ नहीं देगा।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# मुक्ति के लिए पहले मोक्ष का मर्म समझें



संकलित
दर्शन

मन ही बंधन का कारण है, तो वही मोक्ष का माध्यम भी। पूरी दुनिया सदियों से मोक्ष यानी बंधन से मुक्ति का मार्ग तलाश रही है। पर, वेदांत सिद्धांत कहता है कि आत्मा ही शुद्ध है और यह संसार भ्रम। जो इस बात को समझने में सफल हो गया, उन्हें बंधन से मुक्ति का मार्ग भी मिल जाता है। मन एव मनुष्याणां कारणं बंधमोक्षयो' यानी मन ही तुम्हारे बंधन और मोक्ष का कारण होता है। मन से ही बंधन होता है और मन से ही मुक्ति होती है। बंधा कौन है? जो विषयों की आसक्ति में है। मुक्त कौन है? जिसका मन निर्विषय हो गया। सामान्य धारणा यही होती है कि मुक्ति का मतलब है कि दोबारा जन्म न हो। इसी संदर्भ में रवीन्द्रनाथ टैगोर कहते थे कि जब मैं प्रभु को प्यार करता हूं तो फिर प्रभु की सृष्टि को भी प्यार कैसे न करूं? एक बार नहीं, मैं तो हजारों बार इसी धरा पर जन्म लेना चाहूंगा। उस प्यारे की जो सृष्टि है, वह भी प्यारी है। ऐसे ही एक ज्ञानी से किसी ने पूछा कि क्या आपको मुक्ति नहीं चाहिए? ज्ञानी ने कहा कि अगर मुक्ति का मतलब यह है कि जन्म नहीं होगा तो जाओ, मुझे तुम्हारी मुक्ति भी नहीं चाहिए। लोग अमूमन यही सोचते हैं कि संसार बुरी जगह है और यहां दोबारा पैदा न होना मुक्ति है। जबकि ज्ञानी की दृष्टि है कि विषय की आसक्ति न रहे, यही मुक्ति है। संसार असार है, यह जानना ही मुक्ति है। कबीर जी सारी जिंदगी बनारस में रहे और शरीर जाने का जब समय आया तो जाकर मगहर में बस गए। लोगों ने कहा, 'कबीर जी! क्या करते हो?

# क्रोध को वश में करने से जीवन सहज और सरल



संकलित
प्रेरणा

आमतौर पर, हम क्रोध या घृणा की ज्यादा परवाह नहीं करते, इसलिए यह सहजता से आ जाते हैं। परंतु यदि हम इन भावनाओं के विषय में सजग हो जाएं, तो हमारा क्रोध व घृणा के प्रति यह अनिच्छापूर्ण रुख ही उन्हें हमसे दूर रखने के लिए पर्याप्त होगा। घृणा के विनाशकारी प्रभाव स्पष्ट और तुरंत दिखाई दे जाते हैं। उदाहरण के लिए, जब आपके अंदर घृणा का अत्यंत तीव्र भाव उत्पन्न होता है, तो उसी क्षण, वह आपके ऊपर पूरी तरह से हावी हो जाता है और आपकी मानसिक शांति को भंग कर देता है; आपकी बुद्धि काम करना बंद कर देती है। क्रोध और घृणा के तीव्र भाव आपके दिमाग के सबसे बेहतरीन हिस्से, यानी सही व गलत तथा आपके कार्यों के अल्पकालिक व दीर्घकालिक प्रभावों में अंतर करने की क्षमता को बिलकुल मिटा देते हैं। निर्णय लेने की योग्यता पूरी तरह निष्क्रिय हो जाती है। आप लगभग पागल जैसे हो जाते हैं। यह क्रोध और घृणा आपको दुविधा की स्थिति में डाल देते हैं, जिससे आपकी समस्याएं और परेशानियां और बढ़ जाती हैं। शारीरिक स्तर पर भी, घृणा से व्यक्ति में बहुत गंदा, अनाकर्षक शारीरिक बदलाव आ जाता है। क्रोध व घृणा के तीव्र भाव जाग्रत होने पर, व्यक्ति कितना भी अच्छा दिखने की कोशिश करे, उसका चेहरा भद्दा और विरूपित दिखाई देता है। घृणा की तुलना शत्रु से की जाती है। यह भीतरी दुश्मन नुकसान पहुंचाने के अलावा कुछ नहीं करता। यह हमारा पक्का दुश्मन, हमारा सबसे बड़ा शत्रु है।

## हौसला



**गुलमर्ग।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद जम्मू एवं कश्मीर के बारामूला जिले के गुलमर्ग में गोंडोला केबल कार स्टेशन पर पर्यटकों की कतारें लगी हुई हैं।

## आज की पाती

### स्टार्टअप और कौशल विकास बेरोजगारी का हल

आज से लगभग आठ वर्ष पहले केंद्र सरकार ने स्टार्टअप योजना को अमल में लाया था। इस योजना का मुख्य उद्देश्य देश की आर्थिक व्यवस्था की रीढ़, यानी उद्योगों को और मजबूत बनाना है। इससे रोजगार के अवसर भी बढ़ते हैं। इस योजना के तहत अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों के साथ-साथ महिला उद्यमियों को सब्सिडी भी मिलती है। सरकार इस योजना के अधीन उद्योगों को टैक्स में भी छूट देती है। हमारे देश में बेरोजगारी बहुत बड़ी समस्या है। देश के उद्योग जितने मजबूत होंगे उतने ही रोजगार उपलब्ध होंगे और देश की आर्थिक व्यवस्था मजबूत होगी। *-सोहन कुमार, रायपुर*

## ट्रेंड

### मार्क जे कार्नी को बधाई



मार्क जे कार्नी को कनाडा के प्रधानमंत्री के रूप में चुनने और लिबरल पार्टी को उनकी जीत पर बधाई। भारत और कनाडा साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, कानून के शासन के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता और लोगों के बीच जीवंत संबंधों से बंधे हैं। हमारी साझेदारी के लिए आपके साथ काम करने को उत्सुक हूं।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### अश्रुपूर्ण नमन



लेह-लद्दाख में वीरगति को प्राप्त हुए हरियाणा के लाल नवीन श्योराण को अश्रुपूर्ण नमन। प्रभु से दिवंगत आत्मा को शांति व शोकाकुल परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना करता हूँ। दुःख की घड़ी में हम उनके परिजनों के साथ खड़े हैं।

**-नायब सैनी, सीएम, हरियाणा**

### वैभव का निडर दृष्टिकोण



वैभव का निडर दृष्टिकोण, बल्लेबाजी की गति और अपनी पूरी शक्ति गेंद पर लगा देना उनकी शानदार पारी का नुस्खा था। इसका परिणाम यह था कि वह 38 गेंद पर 101 रन बनाने में सफल रहे।

**-सचिन तेंदुलकर, क्रिकेटर**

### मुझे चुनने के लिए धन्यवाद




मुझे जो सम्मान दिया गया है, मैं उसे अपने राष्ट्र की भलाई के लिए काम करते रहने की जिम्मेदारी के रूप में स्वीकार करता हूँ और मैं भारत सरकार को इस सम्मान के लिए मुझे चुनने के लिए धन्यवाद देता हूँ।

**-शेखर कपूर, फिल्मकार**

## करंट अफेयर


# '3 इडियट्स' से चर्चा में आए लद्दाख के स्कूल को मान्यता



लद्दाख के पहाड़ों में स्थित और 'रैंचो स्कूल' के नाम से मशहूर ड्रुक पद्मा कार्पो स्कूल को आखिरकार अपनी स्थापना के दो दशक से भी ज्यादा समय बाद सीबीएसई से मान्यता मिल गई है। कई वर्षों के विलंब और अस्वीकृतियों के बाद यह मान्यता दी गई। वर्ष 2009 में आमिर खान अभिनीत फिल्म '3 इडियट्स' से प्रसिद्धि पाने वाला यह स्कूल अब तक जम्मू-कश्मीर राज्य विद्यालय शिक्षा बोर्ड (जेकेबीओएसई) से संबद्ध था। नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) में पारंपरिक 'रटंत शिक्षा' से हटकर नवीन शिक्षण तरीकों से पढ़ाई पर जोर देने के लिए सुधारों का प्रस्ताव किए जाने से बहुत पहले ही अपने नवीन शिक्षण तरीकों के लिए मशहूर यह स्कूल अब कक्षा 12 तक विस्तार करने की योजना बना रहा है। स्कूल की प्रधानाचार्य मिंगुर आंगमो ने कहा, कई वर्षों की देरी के बाद हमें आखिरकार सीबीएसई से मान्यता मिल गई है और कक्षा 10 के हमारे पहले बैच के छात्र अब अपने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणामों का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारे पास सभी आवश्यक बुनियादी ढांचा, उत्कृष्ट परिणाम रिकॉर्ड और शिक्षण एवं सीखने के अभिनव तरीके होने के बावजूद इन वर्षों में कई प्रयासों के बाद भी हमें जेकेबीओएसई से एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) नहीं मिली।

## ऑफ बीट

# लिथियम- आयन बैटरी की चुनौतियां कोई कम नहीं



लिथियम-आयन बैटरी दुनिया के बड़े हिस्से को बिजली दे रही हैं। इसका इलेक्ट्रिक वाहन और स्मार्टफोन जैसे उपकरणों में भी इस्तेमाल होता है। बैटरी से लोगों के ऊर्जा भंडारण और इस्तेमाल के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव आया है। लेकिन जैसे-जैसे ये बैटरी दैनिक जीवन का हिस्सा बनती जा रही हैं, वैसे-वैसे इनके प्रबंधन और ऊर्जा को सुरक्षित, कुशलतापूर्वक और विवेकपूर्ण ढंग से संग्रहीत करने की चुनौतियों पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है। लिथियम-आयन बैटरी को दोबारा रिजार्च किया जा सकता है। बैटरी सरल लग सकती हैं, लेकिन वे उतनी ही जटिल हैं, जितना कि वास्तविक दुनिया में लोग इनका इस्तेमाल करने के लिए सोचते हैं। मूलतः लिथियम-आयन बैटरी दो विद्युत ध्रुवों या इलेक्ट्रोड के बीच लिथियम तत्व के आवेशित कणों, जिन्हें आयन कहते हैं, की गति पर निर्भर करती हैं। ये बैटरी कितनी ऊर्जा संग्रहीत करती हैं और कितनी अच्छी तरह काम करती हैं, यह कई कारकों पर निर्भर करता है, जिनमें तापमान और बैटरी की भौतिक संरचना शामिल है। दुनियाभर में, शोधकर्ता इनमें से प्रत्येक कारक के बारे में अलग-अलग और एक-दूसरे के साथ मिलकर सवालों के जवाब देने की कोशिश कर रहे हैं। कुछ शोध बैटरी के खराब होने की गणना करने पर केंद्रित हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## ट्रंप के टैरिफ वार फैसले का दिखा बड़ा असर

# कनाडा चुनाव में मार्क कार्नी की लिबरल पार्टी की जीत, फिर बने पीएम मोदी ने दी बधाई, खालिस्तान समर्थक एनडीपी की हुई करारी हार

एजेंसी ▶▶ टोरंटो

कनाडा आम चुनाव में पीएम मार्क कार्नी की लिबरल पार्टी जीत हो गई है। नतीजों में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कनाडा के अमेरिका में विलय की धमकियों और टैरिफ वार का असर साफ नजर आ रहा है। लिबरल पार्टी की जीत पर पीएम नरेंद्र मोदी ने बधाई दी है।

कनाडाई ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन के मुताबिक लिबरल पार्टी ने संसद की 343 सीटों में से कंजरवेटिव्स से ज्यादा सीटें जीती हैं। अब तक जो रुझान आए हैं, उनमें पीएम मार्क कार्नी के नेतृत्व में लिबरल्स को करीब 168 सीटें मिलती दिख रही हैं, जो कि बहुमत के आंकड़े-172 से महज चार सीटें ही कम हैं। वहीं, मुख्य विपक्षी दल- कंजर्वेटिव पार्टी को 144 से 148 सीटों पर बढ़त मिली है। दूसरी तरफ जगमीत सिंह की न्यू डेमोक्रेट्स पार्टी (एनडीपी) को 7 सीटें और ब्लॉक क्यूबेकॉइस को 23 सीटें मिलने का अनुमान है।

इससे पहले जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कनाडा की अर्थव्यवस्था पर हमला करना शुरू किया था तो लिबरल्स हार रहे थे। ट्रंप के कार्यों ने कनाडाई लोगों को क्रोधित कर दिया और राष्ट्रवाद में उछाल ला दिया। इसके बाद लिबरल्स की चुनावी कहानी को पलट गई और पार्टी लगातार चौथी बार सत्ता पर काबिज हुई।

कनाडा और अमेरिका के मध्य लाभकारी प्रणाली खत्म हुई | लिबरल्स पार्टी लगातार चौथी बार सत्ता पर काबिज हुई

### जीत के बाद कार्नी ने चेताया, 'ट्रंप हमें तोड़ने की कोशिश कर रहे'



*चुनाव में जीत के बाद पीएम मार्क कार्नी ने ओटावा में विजय भाषण में कहा कि ट्रंप हमें तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। इसलिए हमें सचेत रहने की जरूरत है। उन्होंने कनाडा की एकता के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से कनाडा और अमेरिका ने जिस पारस्परिक रूप से लाभकारी प्रणाली को साझा किया था, वह अब खत्म हो चुकी है। हम अमेरिकी विश्वासघात के सदमे से उबर चुके हैं, लेकिन हमें उससे मिले सबक कभी नहीं भूलना चाहिए। जैसा कि मैं महीनों से चेतावनी दे रहा हूं, अमेरिका हमारी जमीन, हमारे संसाधन, हमारा पानी, हमारा देश चाहता है। ये बेकार की धमकियां नहीं हैं। राष्ट्रपति ट्रंप हमें तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं।*

### एनडीपी ने पार्टी का दर्जा खोया



कनाडा आम चुनाव में जनता ने खालिस्तान समर्थक जगमीत सिंह को आइना दिखा दिया है। चुनाव में उनकी पार्टी की करारी हार हुई है। 12 सीटें न मिलने पर न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी (एनडीपी) ने पार्टी का दर्जा भी खो दिया है। वे अपनी ही सीट से चुनाव हार गए हैं। पार्टी को मिली करारी हार के बाद जगमीत ने पार्टी प्रमुख के पद से इस्तीफा दे दिया है। पार्टी प्रमुख का पद छोड़ते वक्त जगमीत सिंह रो पड़े। जगमीत सिंह हाउस ऑफ कॉमन्स में 2019 से बर्नबी सेंट्रल सीट से प्रतिनिधित्व कर रहे थे। वे इस सीट पर पहले से तीसरे स्थान पर आ गए।

### साझेदारी को मजबूत करने के लिए उत्सुक



पीएम नरेंद्र मोदी ने कनाडाई नेता मार्क कार्नी की लिबरल पार्टी की चुनावी जीत पर बधाई दी। पीएम मोदी ने कहा कि वह दोनों देशों के लोगों के लिए अधिक अवसरों के द्वार खोलने के लिए उत्सुक हैं। पीएम मोदी ने लिखा कि कनाडा के पीएम के रूप में निर्वाचन पर मार्क जे कार्नी को बधाई और लिबरल पार्टी को उनकी जीत पर बधाई। दोनों साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, कानून के शासन के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता और लोगों के बीच जीवंत संबंधों से बंधे हैं। मैं हमारी साझेदारी को मजबूत करने और हमारे लोगों के लिए अधिक अवसर खोलने के लिए आपके साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं।

#### भारत के साथ रिश्ते मजबूत होंगे: मार्क कार्नी

चुनाव से पहले पीएम मार्क कार्नी ने कई बार यह कहा है कि अगर वह कनाडा के पीएम चुने जाते हैं, तो वह भारत के साथ व्यापार संबंधों को फिर से स्थापित और मजबूत करेंगे। उन्होंने वर्तमान समय में दोनों देशों के रिश्तों में तनाव को स्वीकार किया और कहा कि आपसी मूल्यों और विश्वास पर आधारित मजबूत आर्थिक साझेदारी की आवश्यकता है।

## खबर संक्षेप

### त्रिनिदाद और टोबैगो चुनाव में बिसेसर की वापसी



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने त्रिनिदाद और टोबैगो की आम चुनावों में जीत हासिल करने पर यूनाइटेड नेशनल कांग्रेस की नेता कमला प्रसाद बिसेसर को बधाई दी कहा कि भारत और त्रिनिदाद और टोबैगो के बीच ऐतिहासिक और पारिवारिक संबंधों को और मजबूत करने के लिए वह उनके साथ मिलकर काम करने को उत्सुक हैं। बिसेसर, पहले 2010 से 2015 तक त्रिनिडाड एंड टोबैगो की पीएम रह चुकी हैं, अब 73 वर्ष की उम्र में एक बार फिर से सत्ता में लौट रही हैं।

### बेकाबू कार ने 4 मासूम लोगों को कुचला



**चैथम।** अमेरिका के इलिनोइस में एक कार कार ने चार मासूमों को कुचल दिया। पुलिस ने वाहन चालक को हिरासत में ले लिया है। इलिनोइस के स्प्रिंगफील्ड के बाहर आफ्टरस्कूल कार्यक्रम के दौरान बेकाबू कार इमारत में घुस गई। चैथम पुलिस विभाग के उप प्रमुख स्कॉट टार्टर ने कहा कि कार तीन बच्चों को टक्कर मारने के बाद इमारत में जा घुसी। फिर दूसरी तरफ से बाहर निकलने से पहले एक अन्य बच्चे को टक्कर मारी।

## भारत ने संयुक्त राष्ट्र में पहलगाम की आतंकी घटना पर पाकिस्तान को जमकर लताड़ा, कहा

# पाक का कबूलनामा चौंकाने वाला नहीं, नापाक राष्ट्र की छवि उजागर

### ख्वाजा आसिफ के बयान पर बरसा भारत

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव दिन पर दिन बढ़ता जा रहा है। इस बीच भारत ने संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान को जमकर लताड़ा। दरअसल, पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने हाल ही में एक साक्षात्कार में स्वीकार किया था कि उनके मुल्क ने वर्षों से आतंकवाद का समर्थन किया। उन्होंने आतंकवादियों को प्रशिक्षण देने और उन्हें धन मुहैया कराने की बात कबूल की थी। भारत ने इसे लेकर ही पड़ोसी मुल्क से कड़े सवाल किए और उसका वैश्विक मंच पर उसका नापाक चेहरा उजागर किया। संयुक्त राष्ट्र में भारत की उप स्थायी प्रतिनिधि राजदूत योजना पटेल ने कहा कि पूरी दुनिया ने हाल ही में एक टेलीविजन साक्षात्कार में पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ को आतंकवादी संगठनों को समर्थन, प्रशिक्षण और धन मुहैया कराने के पाकिस्तान के इतिहास को स्वीकार करते हुए सुना है। यह खुला कबूलनामा किसी को भी आश्चर्यचकित नहीं करता है। यह पाकिस्तान की एक दुष्ट देश की छवि को स्पष्ट करता है। एक ऐसा देश, जो वैश्विक आतंकवाद को बढ़ावा देता है। शांति के माहौल को अस्थिर करता है। दुनिया अब और आंखें नहीं मूंद सकती। योजना पटेल ने भारत के खिलाफ दुष्प्रचार और निराधार आरोप लगाने के लिए वैश्विक मंच का दुरुपयोग करने और उसे कमजोर करने के लिए पाकिस्तान की आलोचना भी की।

### मजबूत समर्थन के लिए वैश्विक समुदाय को धन्यवाद दिया

पाकिस्तान दुष्ट देश के रूप में उजागर जो वैश्विक आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा

शांति के माहौल को अस्थिर करता है दुनिया अब और आंखें नहीं मूंद सकती



योजना पटेल ने पहलगाम हमले के मद्देनजर वैश्विक समुदाय को उनके मजबूत स्पष्ट समर्थन और एकजुटता के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि यह आतंकवाद के प्रति अंतरराष्ट्रीय समुदाय की शून्य सहिष्णुता का प्रमाण है। पहलगाम आतंकवादी हमला 2008 में हुए 26/11 के मुंबई हमलों के बाद से सबसे खतरनाक साजिशों में से एक है। भारत दशकों से सीमापार आतंकवाद का पीड़ित रहा है और हम अच्छी तरह से समझ सकते हैं कि आतंकी घटनाओं का पीड़ितों, परिवारों और समाज पर क्या असर होता है। उन्होंने हमले की संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की निंदा को भी दोहराया और कहा कि आतंकवाद के कृत्य आपराधिक और अनुचित हैं, चाहे उनका उद्देश्य कुछ भी हो। उन्होंने कहा कि हम दोहराते हैं कि आतंकवाद के सभी रूपों की स्पष्ट रूप से निंदा की जानी चाहिए।

#### 'वोटन' की स्थापना एक महत्वपूर्ण कदम

उन्होंने कहा कि आतंकवाद के पीड़ितों के संगठन नेटवर्क (वीओटीएएन-वोटन) की स्थापना एक महत्वपूर्ण कदम है जो आतंक के पीड़ितों के लिए एक सुरक्षित स्थान बनाएगा। इससे पीड़ितों की सुनवाई और सहायता के लिए एक संरचित, सुरक्षित स्थान तैयार होगा। भारत का मानना है कि आतंकवाद के प्रति वैश्विक प्रतिक्रिया को मजबूत करने और यह सुनिश्चित करने के लिए कि पीड़ित हमारे सामूहिक प्रयासों का केंद्र बने रहें, वोटन जैसी पहल आवश्यक हैं। इसका उद्देश्य अधिवक्ताओं और शांति निर्माताओं के रूप में आवाज उठाना भी है।

### भारत और पाक आतंकी हमले के पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए काम करें: गुटेरेस



भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव को लेकर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि दोनों देश आतंकी हमले के पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए काम करें। उन्होंने कहा कि वे तनाव कम करने और बातचीत फिर से शुरू करने के लिए दोनों पक्षों को स्वीकार्य किसी भी पहल का समर्थन करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने दोनों सरकारों से अधिकतम संयम बरतने और किसी भी तरह की तनातनी से बचने का आग्रह किया है। गुटेरेस ने कहा है कि मुद्दों को भी सार्थक और रचनात्मक बातचीत के माध्यम से शांतिपूर्ण तरीके से हल किया जा सकता है। गुटेरेस ने कहा कि वह भारत और पाकिस्तान के बीच स्थिति पर बहुत बारीकी से और चिंता के साथ नजर रख रहे हैं। उन्होंने दोनों सरकारों से अधिकतम संयम बरतने और यह सुनिश्चित करने की अपील की है कि आगे मामला न बिगड़े। उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान में संयुक्त राष्ट्र सैन्य पर्यवेक्षक समूह (यूएनएमओजीआईपी) की हमला वाले क्षेत्र में कोई उपस्थिति नहीं है। गुटेरेस ने आतंकी हमले के पीड़ितों के परिवारों के साथ एकजुटता व्यक्त की और जवाबदेही और न्याय के महत्व को रेखांकित किया।

### पहलगाम हमले के बाद देशभर में अलर्ट

## दिल्ली में हुई उच्चस्तरीय बैठक सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम आतंकी हमले के बाद देशभर में आक्रोश का महौल है। साथ ही सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। इसी सिलसिले में मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्रालय में एक उच्च स्तरीय बैठक हुई। इस बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने की। इसमें बीएसएफ, एनएसजी और असम राइफल्स के प्रमुखों के साथ-साथ एसएसबी और सीआईएसएफ के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। सूत्रों के मुताबिक, यह बैठक जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले के बाद सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा के लिए बुलाई गई थी। बैठक में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी, राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के प्रमुख ब्रिघु श्रीनिवासन, असम राइफल्स के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल विकास लखेरा और एसएसबी की अतिरिक्त महानिदेशक अनुपमा नीलेकर चंद्रा मौजूद थीं।



#### जम्मू में 10-12 अवैध पाक नागरिक हिरासत में

जम्मू-कश्मीर में अवैध रूप से रह रहे 10-12 पाकिस्तानी नागरिकों को हिरासत में लिया गया है। सरकार ने तय वीजा अवधि पर आये इन पाकिस्तानी नागरिकों को समय सीमा से खत्म होने से पहले भारत छोड़ने का स्पष्ट निर्देश दिया था। हिरासत में लिए गए लोगों में से अधिकांश महिलाएं हैं, जो पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर से आई थीं। वे कई वर्षों से घाटी में रह रही थीं और उनके बच्चे यहीं पैदा हुए हैं। जम्मू-कश्मीर पुलिस के मुताबिक हिरासत में लिए गए सभी व्यक्तियों को पहले वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, कश्मीर में विदेशी पंजीकरण अधिकारी (एफआरओ) का प्रभार संभाले सीआईडी विशेष शाखा (एसबी) ने भारत छोड़ने के लिए नोटिस दिया था। यह कार्रवाई भारत सरकार के गृह मंत्रालय के आदेश के तहत हुई है।

#### पाकिस्तानी अधिकारियों को सौंपेगे

जम्मू और कश्मीर पुलिस ने सरकारी आदेश का पालन करने में विफल रहने वाले सभी लोगों को हिरासत में लेने के लिए एक समन्वित अभियान शुरू किया। हिरासत में लिए गए पाकिस्तानी नागरिकों को वाघा सीमा तक पहुंचाने में मदद की जाएगी, जहां उन्हें आवश्यक औपचारिकता पूरी करने के बाद पाकिस्तानी अधिकारियों को सौंप दिया जाएगा।

### भारत और भूटान के बीच बैठक

## सीमा शुल्क सहयोग को मजबूती देने और व्यापार सुविधा बढ़ाने पर सहमत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और भूटान के बीच छठी संयुक्त सीमा शुल्क समूह बैठक 24 से 25 अप्रैल को भूटान के थिम्पू में आयोजित की गई। दोनों देशों ने सीमा शुल्क सहयोग को मजबूत करने, व्यापार सुविधा बढ़ाने तथा सुरक्षित एवं कुशल सीमा प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए अपनी साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि की। छठी जेजीसी बैठक में दोनों देशों के बीच व्यापार और पारगमन बढ़ाने के लिए कई द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की गई। समन्वित सीमा प्रबंधन (सीबीएम), सीमा शुल्क डेटा का आदान-प्रदान, सीमा शुल्क पारस्परिक सहायता समझौता (सीएमएए) पर चर्चा की।



#### भारत, भूटान का शीर्ष व्यापार साझेदार

भारत आयात और निर्यात में भूटान का शीर्ष व्यापार साझेदार है, जो भूटान के कुल व्यापार का लगभग 80 प्रतिशत हिस्सा है। भूमि सीमा शुल्क स्टेशनों के माध्यम से भूटान के साथ व्यापार महत्वपूर्ण है। भारत और भूटान सीमा पर पश्चिम बंगाल और असम राज्यों में 10 भूमि सीमा शुल्क स्टेशन हैं। दोनों देशों के बीच संयुक्त सीमा शुल्क समूह की बैठकें सीमा शुल्क प्रक्रियाओं की पुनर्परिभाषा और पुनर्रचना से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने, सीमा शुल्क सहयोग को बढ़ावा देने और सर्वोत्तम वैश्विक विधियों के साथ संरेखण तथा सीमा पार व्यापार सुविधा के लिए प्रतिवर्ष आयोजित की जाती हैं।

### चीन के रेस्त्रां में लगी भीषण आग

## 3 मंजिला इमारत तक पहुंची लपटें 22 लोगों की मौत, कारण अज्ञात

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

चीन के उत्तरी शहर लिओनिंग के एक रेस्त्रां में लगी आग में कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई। इस अग्निकांड में तीन लोगों के घायल होने की खबर है। दोपहर के समय लगी इस आग के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। घटनास्थल की सामने आई तस्वीरों में दो या तीन मंजिला इमारत की खिड़कियों और दरवाजों से आग की बड़ी लपटें निकलती दिखाई दे रही हैं। हालांकि हादसे को लेकर अभी अधिक जानकारी सामने नहीं आई है। आग दोपहर 12:25 बजे लगी। जिसमें 22 लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। आग लगने के कारणों के बारे में अभी तक पुख्ता जानकारी सामने नहीं आई है।



#### राष्ट्रपति का हरसंभव मदद का आग्रह

रिपोर्ट में कहा गया है कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने घायलों के इलाज के लिए हरसंभव प्रयास करने का आग्रह किया है। इस महीने चीन में यह दूसरी बड़ी आग लगने की घटना है। इससे पहले 9 अप्रैल को उत्तरी चीन के हेबेई प्रांत में एक नर्सिंग होम में आग लगने से 20 बुजुर्गों की मौत हो गई थी। चेंगडे शहर के लोंगहुआ काउंटी स्थित नर्सिंग होम में आग लगने के समय इमारत में कुल 39 बुजुर्ग लोग मौजूद थे।

### पद्म पुरस्कार विजेताओं ने वीरों को दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली।** वर्ष 2025 के 71 पद्म पुरस्कार विजेताओं ने मंगलवार को राष्ट्रीय समर स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की। राष्ट्रीय समर स्मारक पर निर्देशित दौरे पर पहुंचे 2025 के प्रतिष्ठित पद्म पुरस्कार विजेता वहां वीरता चक्र में भित्ति चित्रों पर दर्शाए गए युद्धों में बहादुरों की वीरता की कहानियों से अचंभित रह गए। उन्होंने स्मारक की भव्यता और वैचारिक डिजाइन की भी सराहना की। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में आयोजित नागरिक अलंकरण समारोह-I में वर्ष 2025 के लिए 4 पद्म विभूषण, 10 पद्म भूषण और 57 पद्मश्री पुरस्कार प्रदान किए।

### पहलगाम आतंकी घटना पर रूस ने बरसों पुरानी दोस्ती की प्रतिबद्धता जताई

# रूस के उप विदेश मंत्री बोले- आतंकवाद का मिलकर करेंगे मुकाबला

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

पहलगाम आतंकी हमले के बाद आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई को लेकर भारत को दुनियाभर के देशों का साथ मिल रहा है। रूस के उप विदेश मंत्री आंद्रे रुडेंको ने भारतीय राजदूत विनय कुमार से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि भारत-रूस मिलकर वैश्विक आतंकवादी खतरे का मुकाबला करेंगे। रूस के विदेश मंत्रालय ने एक्स पर लिखा कि 28 अप्रैल को उप विदेश मंत्री आंद्रे रुडेंको ने भारत के राजदूत विनय कुमार से मुलाकात की। भारत के साथ मिलकर वैश्विक आतंकवादी खतरे का मुकाबला करने के लिए रूस की तत्परता की पुष्टि की गई। बताया जाता है कि अधिकारियों ने वर्तमान द्विपक्षीय मुद्दों और आगामी राजनीतिक संपर्कों के कार्यक्रम के साथ-साथ दक्षिण एशियाई क्षेत्र की सामान्य स्थिति पर चर्चा की। इसमें कश्मीर में पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव को लेकर भी बात हुई।

भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव पर की बातचीत | द्विपक्षीय मुद्दों और दक्षिण एशियाई क्षेत्र पर की चर्चा

#### मॉस्को में भारतीय समुदाय ने पहलगाम पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी



फाइल फोटो

रूस में भारत के राजदूत विनय कुमार के नेतृत्व में भारतीय प्रवासियों ने पहलगाम हमले के 26 पीड़ितों को एक मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी और शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। पद्म श्री से सम्मानित एवं 'इंस्टीट्यूट ऑफ ओरिएंटल स्टडीज एंड रिसर्च' के भारत केंद्र की प्रमुख तातियाना शौम्यान भी भारतीय दूतावास के खचाखच भरे डी.पी. धर हॉल में भारतीय समुदाय के साथ मौजूद थीं। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने पिछले सप्ताह 26 लोगों की हत्या कर दी। मारे गए लोगों में अधिकतर पर्यटक थे।

### राजस्थान सरकार की तीन वेबसाइट्स हैक

**जयपुर।** पाकिस्तानी हैकर्स ने राजस्थान सरकार की तीन वेबसाइटों को निशाना बनाया और उन पर भारत विरोधी संदेश लिख दिए। पाकिस्तानी साइबर अपराधियों ने राज्य में कई सरकारी वेबसाइटों को निशाना बना चुके हैं, जिनमें नवीनतम निशाना शिक्षा विभाग के आधिकारिक पोर्टल है। राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने मंगलवार को इस घटना का संज्ञान लिया और विभाग की सूचना प्रौद्योगिकी शाखा को सक्रिय कर दिया। हैक की गई वेबसाइट को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया, जबकि रिकवरी ऑपरेशन चल रहा है। साइबर सुरक्षा एजेंसियों को भी सूचित कर दिया गया है। जिम्मेदार हैकिंग समूह की पहचान करने और किसी भी संभावित डाटा उल्लंघन का आकलन करने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। अभी तक किसी भी संवेदनशील डेटा लीक की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन एहतियात के तौर पर सभी विभागीय प्रणालियों का व्यापक ऑडिट जारी है। यह घटना सोमवार को हुए एक ऐसे ही साइबर हमले के बाद हुई, जिसमें हैकरों ने स्थानीय स्वशासन विभाग (डीएलबी) और जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) की वेबसाइटों पर हमला किया था और उन पर पाकिस्तान समर्थक प्रचार सामग्री लगा दी थी।

### स्पेन और पुर्तगाल में 'ब्लैकआउट'

## हवाई और मेट्रो सेवाएं प्रभावित मोबाइल व एटीएम भी पड़े ठप

एजेंसी ▶▶ मैड्रिड

यूरोपीय देश स्पेन और पुर्तगाल सोमवार को पावर ब्लैकआउट की समस्या से जूझ रहे थे और पुर्तगाल में मंगलवार सुबह तक भी कुछ इलाकों में बिजली आपूर्ति नहीं हो सकी है। स्पेन में लगभग 99 प्रतिशत इलाकों में बिजली आपूर्ति बहाल हो गई है, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। सोमवार को ब्लैकआउट के चलते इन देशों में हवाई सेवा और मेट्रो सेवाएं बुरी तरह से प्रभावित हुई हैं। मोबाइल कम्युनिकेशन और एटीएम भी बंद पड़ गए। इससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

#### 35 हजार लोगों को सुरक्षित निकाला


ब्लैकआउट के दौरान सड़कें और बाजार खाली रहे। स्पेन के आपदा प्रबंधन कर्मचारियों का कहना है कि उन्होंने भूमिगत रेलों और मेट्रों में फंसे करीब 35 हजार लोगों को सुरक्षित निकाला। ऐसे ही हालात कुछ पुर्तगाल में भी रहे। मोबाइल फोन बंद होने की वजह से बैट्री से चलने वाली रेडियो की डिमांड बढ़ गई। साथ ही बड़ी संख्या में लोग बैकअप जेनरेटर खरीदते देखे गए। कई लोगों ने हालात को देखते हुए खाने-पीने का स्टॉक जमा कर लिया। बिजली न होने की वजह से बैंकिंग गतिविधियां भी बुरी तरह से प्रभावित हुईं।

# 100 साल बाद गजकेसरी, मालव्य राजयोग, सर्वार्थ सिद्धि योग समेत कई मंगलकारी योग में आज मनाई जाएगी अक्षय तृतीया

हरिभूमि, जबलपुर

100 साल बाद अक्षय तृतीया पर्व गजकेसरी, मालव्य राजयोग, सर्वार्थ सिद्धि योग समेत कई मंगलकारी योग में आज मनाई जायेगी। संस्कारधानी में परशुराम जन्मोत्सव को लेकर ब्राह्मण समाज की ओर से जोर-सोर से तैयारियां कर परशुराम जयंती की पूर्व संध्या पर विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया। पं. शिवशंकर तिवारी ने बताया कि 100 साल अक्षय तृतीया पर मालव्य राजयोग, लक्ष्मी नारायण राज योग और चतुर्ग्रही योग गजकेसरी राजयोग, रवि और सर्वार्थ सिद्धि योग रहेगा। इसके साथ ही, चंद्रमा वृषभ राशि में बृहस्पति के साथ रहेगा। इसके अलावा शनि, शुक्र और राहु ग्रह मीन राशि में स्थित होंगे, दुर्लभ संयोग के चलते मिथुन, कन्या समेत 5 राशियों के जातकों को विशेष लाभ होगा। पं शिवशंकर तिवारी ने बताया कि इस दिन को अबूझ मुहूर्तों में से एक माना जाता है, इस दिन बिना पंचांग कोई भी शुभ काम कर सकते हैं और उसका फल आपको शुभ ही मिलेगा। इसके चलते इस दिन बिना मुहुर्त देखे बड़ी संख्या में शादियां व विवाह सम्मेलन का आयोजन किए जाएंगे। इसके अलावा इस दिन देवी लक्ष्मी, भगवान कुबेर की पूजा और सोने-चांदी की वस्तुएं खरीदना शुभ माना जाता है।

## बाल विवाह रोकने प्रशासन अलर्ट




जिले में अक्षय तृतीया तथा वर्ष भर के दौरान अन्य विवाह मुहूर्तों पर बाल विवाह की रोकथाम के लिये व्यापक रणनीति तैयार की गई है। कलेक्टर दीपक सक्सेना के निर्देशानुसार जिले में बाल विवाह की रोकथाम हेतु अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों के नेतृत्व में अनुभाग स्तर पर सात सदस्यों की निगरानी समितियां गठित की गई हैं, वहीं बाल विवाह की सूचना प्राप्त करने जिला स्तर से लेकर खण्ड स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किये गये हैं तथा संवेदनशील क्षेत्रों में ग्राम स्तरीय दलों का गठन भी किया गया है। कलेक्टर दीपक सक्सेना ने जिले में बाल विवाह जैसी कुरीतियों को रोकने समाज से भी आगे आकर प्रशासन को सहयोग करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह होने की सूचना जिला स्तरीय या खण्ड स्तरीय कंट्रोल रूम, पुलिस कंट्रोल रूम, संबंधित क्षेत्र के एसडीएम, थाना प्रभारी अथवा महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारियों को दी जा सकती है।

## वरुथिनी एकादशी 24 को, नकारात्मकता से मिलेगी मुक्ति भगवान विष्णु की आराधना से होगा नई ऊर्जा का संचार

*तिथि में भेद के चलते पिछले एक साल से व्रत व त्यौहार मनाने को लेकर तारीख में असमंजस रही है। ऐसी ही कुछ स्थिति वरुथिनी एकादशी को देखने को मिल रही है, लेकिन उदया तिथि के चलते 24 को मनाई जाएगी। मां चामुंडा दरबार भोपाल पुजारी रामजीवन दुबे ने बताया कि वैशाख माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि 23 अप्रैल की शाम 4:43 मिनट पर शुरू होगी। इस तिथि का समापन अगले दिन 24 अप्रैल को दोपहर 2:32 मिनट पर होगा। ऐसे में उदया तिथि के अनुसार, वरुथिनी एकादशी का व्रत 24 अप्रैल को रखा जाएगा। इस दिन व्रत रखकर भगवान विष्णु की पूजा अर्चना करेंगे। घर-घरों में विशेष पूजा पाठ की जाएगी। कई लोग सत्यनारायण कथा कराएंगे। इस दिन विष्णु-लक्ष्मी जी की पूजन से सुख-समृद्धि और आरोग्यता प्राप्त होती है। पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि वरुथिनी शब्द संस्कृत के वरुथिनी से बना है। जिसका अर्थ कवच होता है। इसे रक्षा संरक्षित करने वाला भी कह सकते हैं। यह भगवान विष्णु को सर्वाधिक प्रिय है। विभिन्न समाजों और संप्रदायों में इस दिन भगवान के अलग-अलग रूपों की पूजा की जाती हैं। व्रत रखकर पूजा करने से हमारे भीतर की नकारात्मकता दूर होकर नई ऊर्जा का संचार होता है। पीले फूल-फल चढ़ाएं।*





# आकर्षक झांकियों के साथ निकली भगवान परशुराम की शोभायात्रा

## जय जय परशुराम के उद्घोष से गूंजा जुलूस पथ

**जबलपुर, हरिभूमि न्यूज। भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर ब्राह्मण एकता मंच द्वारा मालवीय चौक से एक विशाल वाहन रैली निकाली गई। विप्रकुल शिरोमणि आराध्य प्रभु भगवान परशुराम की जयंती पर शहर में उनके जयघोष की गूंज रही। ब्राम्हण समाज के विविध संगठनों द्वारा अनेक कार्यक्रम आयोजित कर भगवान परशुराम का पूजन-अर्चन किया गया। इसी श्रृंखला में मंगलवार को ब्राह्मण एकता मंच द्वारा कल शाम 5 बजे मालवीय चौक से विशाल शोभायात्रा का शुभारंभ विप्र कुल शिरोमणि पंडित वासुदेव शास्त्री, जगतगुरू स्वामी राघवदेवाचार्य महाराज, जगतगुरू स्वामी नरसिंह दास महाराज, स्वामी चैतन्यानंद , ब्रिज बिहारी सरकार, डॉ० उमेश द्विवेदी (खकरिया वाले) ने पूजन अर्चन कर किया।**





शोभायात्रा में अरुण मिश्रा, यदुवंश मिश्रा, दीपाशु शुक्ला, अरविंद शुक्ला, प्रतिभा पाण्डेय, आयुष तिवारी, एमपी दुबे, विजय दुबे,लक्ष्मीकांत शुक्ला बबुआ भैया,ओमनारायण दुबे, डा.विजयकांत तिवारी, पंडित योगेंद्र दुबे, सोनल तिवारी, विधायकगण सुशील तिवारी इंदु, अभिलाष पांडे, लखन घनघोरिया, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, रत्नेश सोनकर, सौरभ शर्मा, पंडित राम दुबे, पंडित कपिल दुबे, आलोक पाठक, भाजपा नेता विनोद गोंटिया, सुधीर नायक, पंडित सतीश उपाध्याय, डॉ अश्वनी त्रिवेदी, अयोध्या तिवारी, अमरीश मिश्रा, श्रीमति गीता शरद तिवारी, पंकज पांडे, विनोद शर्मा, अटल उपाध्याय, संदीप जैन, आलोक अग्निहोत्री, अनिल तिवारी, विश्वदीप पटेरिया, योगेन्द्र मिश्रा, नरेश शुक्ला, वीरेंद्र तिवारी, अजय दुबे, रजनीश पांडे, आशुतोष तिवारी, संतोष पंडा, शरद अग्रवाल, एड.सचिन अग्रवाल, डॉ सुधीर अग्रवाल, राहुल तिवारी, आयुष चौबे , सुनीती वाजपेयी, रेखा चौबे, पंकज दुबे , रंजीत ठाकुर शिवकांत तिवारी आदि शामिल हुए।

### शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत

मालवीय चौक से प्रारंभ हुई भगवान परशुराम शोभायात्रा में बैंड दल के साथ-साथ भगवान श्री हनुमान जी, दादा गुरु, भगवान परशुराम अनेक संत महात्माओं के तैल चित्र और झांकियां निकली। पूरा जुलूस मार्ग जय-जय परशुराम के उद्घोष से गूंज रहा था। जगह-जगह शोभायात्रा का पूजन-अर्चन कर मिष्ठान और शीतल जल के पाउच वितरित कर स्वागत किया गया। मालवीय चौक से प्रारंभ हुआ जुलूस काफी लंबा था, जिसका अग्रिम भाग गंजीपुरा में तो अंतिम छोर मालवीय चौक पर था। शोभायात्रा में न केवल ब्राह्मण समाज बल्कि अन्य समाजों के लोग भी बड़ी संख्या में शामिल थे। मालवीय चौक से प्रारंभ हुआ जुलूस, सुपर मार्केट, गंजीपुरा, बड़ा फुहारा, कमानिया होते हुए कोतवाली थाने के सामने समाप्त हुआ। यहां स्नेह भोज के साथ प्रसाद वितरण किया गया। शोभा यात्रा में बैंड एवं विप्र समाज रत्नों के तैल चित्रों के साथ विभिन्न झांकियां सम्मिलित रही, विप्र समाज आतंकवाद का विरोध करते हुए हाथों में आतंकवाद मुर्दाबाद की तख्तियां लेकर चल रहे थे। शोभा यात्रा में कान्यकुब्ज बाह्मण सभा, भार्गव बाहाण कल्याण समिति, सनाठ्य बाह्मण सभा, सनाठ्य कल्याण परिषद, अखिल भारतीय बाह्मण महासभा, अखिल भारतीय एकीकृत परिषद, स्वंयवर संस्कार मंच, संपूर्ण व्यह्मण कल्याण महासभा, संपूर्ण ब्राह्मण मंच, बाह्मण मंच, विप्र सेवा मण्डल, विप्र जनेऊ मंच, महाराज परशुराम सेना के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में मातृ शक्तियां भी उपस्थित रही।

## वीयू- कुलगुरु ने ली समीक्षा बैठक



**जबलपुर, हरिभूमि न्यूज ।** नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर मनदीप शर्मा द्वारा मंगलवार को विश्वविद्यालय सभागार में विश्वविद्यालय अधिकारियों के साथ हाइब्रिड मोड पर एक बैठक ली जिसमें उन्होंने विश्वविद्यालय के अधीनस्थ समस्त वेटरनरी कॉलेज, फिशरी कॉलेज तथा डिप्लोमा कॉलेज में किए गए गत शैक्षणिक वर्ष व वित्तीय वर्ष के कार्यों की समीक्षा तथा वर्तमान सत्र में किए जाने वाले शैक्षणिक, अनुसंधान व विस्तार संबंधी साथ ही छात्र छात्राओं की हॉस्टल सुविधा, सभी महाविद्यालयों में संचालित एवं किए जाने वाले कार्यों की जानकारी तथा समय पर कार्य पूर्ण करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। उक्त बैठक में विश्वविद्यालय कुलसचिव डॉक्टर से तोमर वित्त नियंत्रक महेश कोरी ,डॉ जीपी लखानी अधिष्ठाता वेटरनरी कॉलेज डॉक्टर आरके शर्मा, डॉ सुनील नायक अधिष्ठाता मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय डॉक्टर शशिकांत महाजन, अधिष्ठाता महू डॉ बीपी शुक्ला एवं अधिष्ठाता रीवा डॉ सिंह ऑनलाइन माध्यम से जुड़े थे साथ ही डॉ आर वी सिंह ,डॉ कारमोरे, डॉ बी राय, डॉ एस घोष, डॉ अक्षय गर्ग, डॉ पूनम शाक्य डॉ रामकिंकर मिश्रा एवं डॉ सोना दुबे उपस्थिति रही।

## सम्पूर्ण ब्राहाण कल्याण महासभा करेगा महाआरती

**जबलपुर।** भगवान परशुराम के जन्म उत्सव पर विजय नगर एस, वी, आई, चौक पर सम्पूर्ण ब्राहाण कल्याण महासभा के भगवान परशुराम का पूजन अर्चन शाम 7.30 बजे पूजन महाआरती एवं सतं जनों का सम्मान एवं विप्र जनो का सम्मान एवं विशाल भण्डारा का आयोजन सम्पूर्ण ब्राहाण कल्याण महासभा द्वारा कार्य सम्पन्न किया जायेगा। जिसमें ब्रम्हमचारी प. चैतन्यानंद महाराज एवं संत पं. तरुण चौवे के सान्धिय में कार्य सम्पन्न किया जायेगा। अध्यक्ष पं सोनू तिवारी पं अजय तिवारी पं सुशील दुवे पं मनोज तिवारी पं सुनील दुवे पं शदिन्दु सोनाकिया निशांत झा वतन वर्मा अतुल मिश्रा पं रिंकु तिवारी पं संस्कार दुवे नं विजय तिवारी श्रीमति सुनीता शर्मा श्रीमति अर्चना मिश्रा श्रीमति अशुल तिवारी श्रीमति वनीता मालवीय श्रीमति ज्योती शुक्ला आदि वैठक में उपस्थित रहीं।

## पुलिस कर्मियों के परिवार के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित



**जबलपुर, हरिभूमि न्यूज ।** पुलिस कर्मियों व उनके परिवारजनों के लिए मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न बीमारियों से पीड़ितों को निःशुल्क आवश्यक परामर्श, जांच व दवाईयां प्रदान कराई गई। शिविर का लाभ तमाम पुलिस कर्मियों व अधिकारियों के परिवारजनों ने लिया। शिविर में मुख्य रूप से हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ हर्षा रेड्डी, डॉ त्रिशा नायक, डॉ स्पर्श नायक, डॉ नितिन सोनी ने अपनी सेवाएं प्रदान कर तमाम पीड़ितों को आवश्यक परामर्श के साथ-साथ उपचार दिया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक सम्पत्त उपाध्याय, एडिसन एसपी सूर्यकांत शर्मा, अमित शिव, डॉ महेंद्र पटेल, आशीष शर्मा, ललिता रैकवार आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## ननि की जनसुनवाई में प्राप्त हुए 13 प्रकरण

**जबलपुर।** निगमायुक्त प्रीति यादव के निर्देशानुसार सहायक आयुक्त वेदप्रकाश ने जनसुनवाई कक्ष में आज दिनांक 29 अप्रैल 2025 को प्रातः 11:00 बजे से 01:00 बजे तक नागरिकों की समस्याऍ सुनी। इस दौरान भवन शाखा की 3, अतिक्रमण की 4, स्थापना की 1, पी.एम.ए.व्हाय. की 1, स्वास्थ्य की 2 एवं 2 संभागीय स्तर से संबंधित कुल 13 जनसमस्याऍ प्राप्त हुई, जिसका निराकरण सुनवाई के दौरान ही किया गया। सहायक आयुक्त वेदप्रकाश ने बताया कि सभी प्राप्त शिकायतें संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द निराकरण हेतु प्रेषित की गयी हैं।

## अक्षय तृतीया पर आज निकलेगी श्री शिव समाराधन महायज्ञ की शोभायात्रा

**जबलपुर, हरिभूमि न्यूज ।** मां नर्मदा प्रदूषण मुक्ति आंदोलन के चतुर्थ अधिवेशन के संदर्भ में पाटन तहसील के पवई धाम में 1 से 7 मई तक श्री शिव समाराधन महायज्ञ का आयोजन स्वामी महेंद्रानंद महाराज जी के नेतृत्व में किया जा रहा है। महायज्ञ को लेकर आज 30 अप्रैल को कलश शोभायात्रा श्री राम जानकी मंदिर, अमरपुर से पवईधाम तक सायं 4 बजे से निकाली जाएगी। महायज्ञ के दौरान वृंदावन धाम से पधारे अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक इंद्रेश उपाध्याय श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराएंगे। प्रतिदिन दोपहर 3 से 6 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा होगी। वहीं प्रातः कालीन सत्र में नित्य रुद्राभिषेक युग विभूति विदुषी ऋचा गोस्वामी द्वारा 8 से 11 बजे तक कराया जाएगा। वृंदावन से आए सात वैदिक विद्वानों द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का मूलपाठ किया जाएगा। आयोजन समिति के परमाध्यक्ष - अजय विश्नोई, आयोजन प्रभारी -बलराम सिंह यादव,अध्यक्ष हरकृष्ण पचौरी मुख्य यजमान सर्वेश पटेल यज्ञ यजमान श्याममनोहर पचौरी कार्यवाहक समायोजक विष्णुशंकर पटेल, नवनीत माहेश्वरी, मीडिया प्रभारी जितेंद्र पचौरी, रामविनय करसोलिया स्वागताध्यक्ष ठाकुर राकेश सिंह कार्यवाहक अध्यक्ष गौरीशंकर तिवारी,श्री ब्रजेश बादल, महामंत्री आनंदमोहन पहला मंच प्रबंधक मदनमोहन पचौरी, मुकुल पचौरी, ने अधिक संख्या में शोभायात्रा में शामिल होने की अपील की है।

## भगवान के श्री चरणों में अनुराग होने से ही होता है कल्याण



**जबलपुर, हरिभूमि न्यूज ।** श्री बांके बिहारी सेवा समिति के तत्वाधान में श्रद्धा कॉलोनी, जबलपुर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा को वृंदावन धाम से पधारे पंडित अतुल मिश्रा ने व्यास पीठ की पूजन अर्चन पश्चात आगे बढ़ाते हुए कहा कि व्यक्ति के जीवन में सत्संग का होना अति आवश्यक है भगवान के श्री चरणों में अनुराग होने से व्यक्ति का कल्याण निश्चित है। कथा में उन्होंने आगे बताया कि भक्ति मार्ग में सुख शांति का प्रभा है जहां आनंद की शीतल छाया मिलती है परमात्मा से जुड़ने के लिए श्रद्धा एवं विश्वास का होना बहुत जरूरी है व्यक्ति को चलते फिरते ईश्वर का स्मरण करते रहना चाहिए कथा प्रारंभ के पूर्व व्यास पीठ का पूजन अर्चन सुमन सिंह मिश्रा, पूजा रजक, जानकी रजक, विनीत सिंह चौहान जय श्री चौकसे ने किया। बांके बिहारी सेवा समिति की अध्यक्ष श्रीमती ललिता देवी ने बताया की कथा प्रतिदिन 2 से 6 बजे तक चलेगी कथा का समापन 4 में को पूजन हवन एवं विशाल भंडारे के साथ होगा। बांके बिहारी सेवा समिति के राकेश नामदेव मनीष सिंह, वर्षा साहू, रिचा रितु त्रिवेदी, मंजू सोनी, सतीश लालवानी, अशोक सोनी के साथ ही अरुण मिश्रा की उपस्थिति उल्लेखनीय रही श्री बांके बिहारी सेवा समिति ने कथा में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।